CMYK
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –168 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी देवी की होगी आराधना
■ सिंधिया के खिलाफ बन गया यह चुनाव
■ असम के मुख्यमंत्री सांप्रदायिक दिशा में चला रहे हैं भाजपा का ... पृष्ठ 4
■ इजरायल व हमास जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोगों की मौत
■ सीपीईसी के तहत राजमार्ग समझौते पर पाक व चीन करेंगे हस्ताक्षर पृष्ठ 9
रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में कई रिकॉर्ड बनाए पृष्ठ 10

# कांग्रेस के 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

## आठ विधायको की टिकट काट कर नए चेहरों को मौका

### पाटन से भूपेश बघेल, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव उतरेंगे मैदान में

**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने नवरात्र के पहले दिन 30 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहली सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव शामिल है। पहली सूची में आठ विधायकों की टिकट काट दिया गया है। डा प्रेमसाय सिंह टेकाम मंत्री को छोड़कर बाकी सभी मंत्रियों को प्रत्याशी बनाया गया है। है।

**इन्हें मिली टिकट-** पाटन से भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू, अंबिकापुर से टीएस सिंहदेव, साजा से रविंद्र चौबे, सीतापुर से अमरजीत भगत, खरसिया से उमेश पटेल, कोरबा से जय सिंह अग्रवाल, सक्ती से डा चरण दास महंत, आरंग से शिवकुमार डहरिया, डौंडी लोहारा से अनिला भेड़िया, नवागढ़ से गुरु रूद्र कुमार, पंडरिया से नीलकांत चंद्रवंशी, कवर्धा से मोहम्मद अकबर, कोंटा से कवासी लखमा, चित्रकोट से दीपक बैज, कोंडागांव से मोहनलाल मरकाम, बीजापुर से विक्रम मंडावी, बस्तर से लखेश्वर बघेल को चुनाव मैदान में उतारा गया है। खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ से ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤ हर्षिता स्वामी बघेल, राजनांदगांव से गिरीश

### जिन विधायको की टिकट कटी है उनको पार्टी में जिम्मेदारी दी जाएगी : भूपेश



कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जो लोग कहते थे कि मुख्यमंत्री दूसरी सीट खोज रहे हैं, उनका भी मुंह आज से बंद हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिनकी भी टिकट कटी है, उनको भी पार्टी में कहीं ना कहीं जिम्मेदारी दी जाएगी। सरकार बनेगी उनको भी मौका मिलेगा।चुनाव तो पार्टी लड़ती है, और मुझे पूरा विश्वास है कि सब लोग मिलकर लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी जिताऊ प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है, आगे आने वाली सूचियां में भी ऐसे ही प्रत्याशी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 को होगी जारी : दीपक बैज



■ महिलाओं की होगी अच्छी भागीदारी

कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को जारी होगी।इसके लिए 17 अक्टूबर को बैठक होगी, जिसके बाद सूची जारी करना हाईकमान के हाथ में है। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कही।

कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा में पहली सूची में पहले चरण के साथ दूसरे चरण के लिए घोषित पार्टी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों के साथ जीतकर आएंगे।पहले चरण की ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। सात विधायकों की टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि सीईसी–हाई कमान ने निर्णय लिया है।और जो निर्णय लिया गया है, वह हम सबको स्वीकार है। नवागढ़ सीट पर वर्तमान कांग्रेस विधायक का टिकट काटे जाने पर बैज ने कहा कि एक–एक सीट पर चर्चा कर फैसला लिया है। हाई कमान का निर्णय सबके लिए स्वीकार्य है, और कहीं नुकसान नहीं होगा। वहीं जगदलपुर सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं किए जाने के सवाल पर कहा कि इसके लिए मंथन जारी है।

**प्रचार करने के लिए नहीं जाऊंगा चित्रकोट**

चित्रकोट से पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि हाईकमान का निर्णय सर्वोपरी है। मैने पहले ही चित्रकोट की जनता से पहले ही कहा चुका हूं कि चाहे मुझे टिकट मिले या नहीं मिले। यहां से जिस कांग्रेस प्रत्याशी को टिकट मिले, उसे ऐतिहासिक मतों से जिताना ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी प्रदेश अध्यक्ष को उतारा**

कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियां इस बार कोई जीतने का कोई मौका नहीं चूकना चाहती। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर सांसद अरुण साव को लोरमी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है।वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और बस्तर लोकसभा सांसद दीपक बैज को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बनाया है। यह वही सीट है, जिस पर पहले दीपक बैज विधायक हुआ करते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

### घोषित प्रत्याशियों की सूची

| विधानसभा | प्रत्याशियों के नाम |
|---|---|
| अंबिकापुर | – टीएस सिंहदेव |
| सीतापुर | – अमरजीत भगत |
| खरसिया | – उमेश पटेल |
| कोरबा | – जय सिंह अग्रवाल |
| सक्ती | – डॉ. चरणदास महंत |
| आरंग | – डॉ. शिवकुमार डहरिया |
| डोंडीलोहारा | – अनिला भेंडिया |
| पाटन | – भूपेश बघेल |
| दुर्ग ग्रामीण | – ताम्रध्वज साहू |
| साजा | – रविंद्र चौबे |
| नवागढ़ | – गुरु रुद्र कुमार |
| पंडरिया | – नीलकंठ चंद्रवंशी |
| कवर्धा | – मो. अकबर |
| खैरागढ़ | – यशोदा वर्मा |
| डोंगरगढ़ | – हर्षिता स्वामी बघेल |
| राजनांदगांव | – गिरीश देवांगन |
| डोंगरगांव | – डालेश्वर साहू |
| खुज्जी | – भोलाराम साहू |
| मोहला–मानपुर | – इंद्रशाह मंडावी |
| अंतागढ़ | – रूप सिंह पोटाई |
| भानुप्रतापपुर | – सावित्री मंडावी |
| कांकेर | – शंकर ध्रुर्वा |
| केशकाल | – संतराम नेताम |
| कोंडागांव | – मोहन मरकाम |
| नारायणपुर | – चंदन कश्यप |
| बस्तर | – लखेश्वर बघेल |
| चित्रकोट | – दीपक बैज |
| दंतेवाड़ा | – छविंद्र कर्मा |
| बीजापुर | – विक्रम मंडावी |
| कोंटा | – कवासी लखमा |

### सूची जारी होते ही प्रत्याशियों का विरोध

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

कांग्रेस की पहली सूची जारी होते ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। खैरागढ़ और डोंगरगढ़ के प्रत्याशी से नाखुश ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुढ़ीपार (खैरागढ़) अध्यक्ष कोमल दास साहू और युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को दिए अपने इस्तीफा में लिखा कि डोंगरगढ़ विधानसक्षा क्षेत्र से वर्तमान विधायक भुनेश्वर बघेल को प्रत्याशी न बनाकर नए प्रत्याशी के तौर पर हर्षित स्वामी बघेल को टिकट दिया गया है। भुनेश्वर बघेल ने विधायक के रूप में संगठन को अपना पूरा सहयोग किया है, जिस पर उन्हें टिकट नहीं दिए जाने के विरोध में पदाधिकारी के तौर पर इस्तीफा सौंप रहा हूं।बतौर कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

इसी तरह युवा कांग्रेस विधानसभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपे अपने इस्तीफे में पार्टी द्वारा चुने गए प्रत्याशी को लेकर अपना असंतोष जाहिर करते हुए पद से इस्तीफा देते हुए बतौर कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े रहने की बात कही।

# कांग्रेस की 3 राज्यों के लिए पहली सूची घोषित

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अगले महीने से होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 229 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें मध्यप्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ से 30 और तेलंगाना से 55 उम्मीदवारों के नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पार्टी ने छिंदवाड़ा से टिकट दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा गया है। मस्ताल ने 2008 में आई रामायण में हनुमान का किरदार निभाया था। डॉ. गोविंद सिंह को लहार विधानसभा सीट से तथा दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनकी परम्परागत सीट पाटन से और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर से प्रत्याशी बनाया गया है। ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है।



■ पार्टी ने मध्य प्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ 30 और तेलंगाना से 55 प्रत्याशी किए घोषित

■ कमलनाथ छिंदवाड़ा, शिवराज के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा

**रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन प्रत्याशी-** कांग्रेस ने राजनांदगांव सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के खिलाफ गिरीश देवांगन को चुनाव मैदान में उतारा है।

पहली सूची के मुताबिक कांग्रेस ने छह नए चेहरों पर दांव लगाया है वहीं छह विधायक टिकट से वंचित किए गए हैं। तेलंगाना में कांग्रेस ने 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 55 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। डॉ. कोटा नीलिमा को सनथ नगर विधानसभा क्षेत्र से, जुपल्ली कृष्ण राव को कोल्लापुर से, पार्टी के विधायक दल के नेता भट्टी विक्रमार्क मल्लू को मधुर (एससी) आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। दिल्ली में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कांग्रेस ने अपने एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में पुराने चेहरों पर दांव लगाया है।

**मप्र में 19 व छत्तीसगढ़ में 4 महिलाओं के नाम**

मध्य प्रदेश की पहली सूची में 19 महिलाओं के नाम हैं। इस तरह कांग्रेस ने लगभग 12 प्रतिशत् महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही पार्टी ने छत्तीसगढ़ चार महिलाओं को अपना उम्मीदवार बनाया है जिनमें डौंडीलोहारा(सु) से अनिला भेड़िया, खैरागढ़ से यशोदा वर्मा, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर बाद भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार दोपहर बाद लगभग 4:08 बजे भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गई। इसका केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था जो दिल्ली की सीमा से सटा हुआ है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### कैंपस के अंदर बाइक दुर्घटना में जेएनयू छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में रविवार तड़के एक बाइक दुर्घटना में 22 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार उसका दोस्त घायल हो गया। बाइक दो पैदल छात्रों से टकरा गई थी। वे दोनों भी घायल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब केटीएम बाइक, जिस पर मृतक और उसका दोस्त यात्रा कर रहे थे, दो पैदल यात्रियों से टकरा गई। मृतक की पहचान बिहार के गया के मूल निवासी अंशू कुमार के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बारूदी सुरंग विस्फोट में सैनिक घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। नौशेरा सेक्टर के कलसियान इलाके में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में गुरचरण सिंह नामक एक सैनिक घायल हो गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम और थंगाचीमादम से 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जबकि मछुआरों की पांच मैकेनिकल नौकाएं भी जब्त की हैं। चार नावों में रामेश्वरम घाट से कम से कम 23 मछुआरे और एक नाव में चार मछुआरे थंगाचीमादम से समुद्र में उतरे थे।

## अमित शाह और सीएम योगी आज प्रदेश में

### भाजपा के प्रचार अभियान की होगी शुरुआत

**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के केंद्रीय मंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का दौर शुरू हो गया है।





पहले चरण के लिए 20 सीटों के प्रचार की शुरूआत भाजपा 16 अक्टूबर को राजनांदगांव से करेगी। इस अभियान में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव से अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## ऑपरेशन अजय: इजरायल से दो और उड़ानें दिल्ली पहुंचीं

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। युद्धग्रस्त इजरायल में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के 'ऑपरेशन अजय' के तहत रविवार सुबह दो और उड़ानें राष्?ट्रीय राजधानी में उतरीं। एक में 197 और दूसरी में 274 यात्री थे। तेल अवीव से 197 यात्रियों के साथ तीसरी उड़ान तड़के करीब चार बजे यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंची। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने आगमन पर तिरंगे के साथ भारतीय नागरिकों का स्वागत किया। इजरायल से 274 भारतीय नागरिकों को लेकर चौथी उड़ान सुबह करीब सात बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन अजय के तहत 212 लोगों के साथ गुरुवार को एक उड़ान दिल्ली पहुंची थी जबकि दूसरी शनिवार को 235 भारतीय नागरिकों को इजरायल से लेकर आई थी। इजरायल–फिलिस्तीन संघर्ष के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि सरकार का मुख्य ध्यान वहां फंसे 18 हजार भारतीयों को वापस लाना है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान उन भारतीयों को वापस लाने पर है जो इजराइल से बाहर आना चाहते हैं। वहां छात्रों सहित 18 हजार भारतीय हैं। सरकार ने युद्धग्रस्त इजराइल से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया है।



**गाजा में इलाज के बिना हो सकती है हजारों लोगों की मौत**

तेल अवीव। हमास–इजरायल जंग के बीच गाजा के डॉक्टरों ने कहा है कि अस्पतालों में ईंधन और बुनियादी चीजों की कमी के कारण हजारों लोग मर सकते हैं। पिछले हफ्ते हमास के हमले के बाद से इजरायल उत्तरी गाजा में जवाबी कार्रवाई कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आने वाले दो दिनों के भीतर गाजा के अस्पतालों में जनरेटर ईंधन खत्म होने की आशंका है, जिससे हजारों मरीजों की जान खतरे में पड़ जाएगी। हमास के हमले के बाद इजरायल की तरफ से 40 किमी लंबे क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस वजह से गाजा का एकमात्र पावर प्लांट ईंधन की कमी के कारण बंद हो गया।

## मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस वे पर दुर्घटनाओं में 15 की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई–नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक, बस और एक निजी कार से हुई दो अलग–अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के विपक्षी नेताओं और अन्य लोगों ने दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की, जबकि शिंदे ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए 5 लाख रुपए मुआवजे और सभी घायलों के लिए पूर्ण मुफ्त इलाज की घोषणा की। एक अधिकारी ने बताया कि पहली दुर्घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब एक यात्री मिनी बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि बस बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का सम्मेलन आज से

## बॉर्डर की चुनौतियों व अपनी क्षमता की समीक्षा करेगी सेना

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना चीन और पाकिस्तान से लगे अपने बॉर्डर की सुरक्षा चुनौतियों और फोर्स की क्षमता दक्षता समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा करने जा रही है। यह समीक्षा सोमवार से शुरू की जाएगी। सोमवार से भारतीय सेना के शीर्ष कमांडर्स का पांच दिवसीय सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। आर्मी कमांडर्स की यह कॉन्फ्रेंस सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में हो रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सेना की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, सेना के कमांडरों के सम्मेलन का आयोजन 20 अक्टूबर तक नई दिल्ली में निर्धारित है। यह शीर्ष–स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम वैचारिक आधार पर विचार–विमर्श के लिए भारतीय सेना को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की सुविधा प्रदान करने का एक संस्थागत मंच है। इस वर्ष लाए गए नए प्रारूप को जारी रखते हुए, आगामी निर्धारित, सेना कमांडरों का सम्मेलन भी हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस सेना कमांडर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी वर्चुअल रूप से मिलेंगे, तत्पश्चात शेष विचार–विमर्श कार्य भौतिक प्रारूप में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर रक्षा सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अजय कुमार सूद भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर एक संभाषण देंगे। भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा वर्तमान व उभरते सुरक्षा परिदृश्यों पर शीर्ष नेतृत्व विचार–विमर्श करेगा। वे वर्तमान सुधार प्रक्रिया, प्रशिक्षण मामलों, मानव संसाधन प्रबंधन पहलुओं तथा सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिकों को प्रभावित करने वाले विषयों की समीक्षा सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करेंगे।

## पूर्व एनसीपी कोषाध्यक्ष से जुड़ी 315 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली**, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। एनसीपी के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन और उनके बेटे मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने रविवार को कहा कि उसने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड की 315.6 करोड़ रुपए की 70 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने महाराष्ट्र के जलगांव, मुंबई, ठाणे और सिल्लोड और गुजरात के कच्छ सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित 70 अचल संपत्तियों और पवन चक्कियों, चांदी और हीरे के आभूषण या बुलियन और भारतीय मुद्रा जैसी चल संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

## बसपा ने तीसरी सूची में चार प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। तीसरी सूची में 4 प्रत्याशियों का नाम है। ये चारों प्रत्याशी मुंगेली बिलासपुर, आरंग और अहिवारा के हैं। जिनके नाम की घोषणा की गई है। फिलहाल 60 प्रत्याशियों के नाम की सूची आना बाकी है।




बीएसपी ने विधानसभा चुनाव के लिए 4 और प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया है। ऐसे में बीएसपी ने अब तक कुल मिलाकर 30 प्रत्याशियों का नाम जारी किया है। बसपा ने बिलासपुर से श्रद्धा सैमसन को अपना प्रत्याशी चुना है। वहीं मुंगेली से समारू भास्कर, आरंग से एड संतोष मारकंडे और अहिवारा से इंदर पूर्णिमा लहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## राजनीति

### बहुजन समाज पार्टी के खिसकते जनाधार पर चंद्रशेखर की नजर

# बसपा को टक्कर देकर सियासी जमीन पाने में जुटी आजाद समाज पार्टी

**लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के खिसक रहे जनाधार को देखते हुए आजाद समाज पार्टी अपने को नए विकल्प के तौर पर पेश करने में जुटी है। इसी कारण पार्टी ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में दो राज्यों , राजस्थान और मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत कर दी है।**

*राजनीतिक जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सभी दल अपने–अपने हिसाब से जातीय समीकरण दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सर्वाधिक 80 सीटों वाले यूपी में जातीय राजनीति आज भी काफी असरकारी है। इसे देखते हुए ही सियासी पार्टियों ने जातीय प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों को अपने साथ रखा है। जहां तक बसपा का सवाल है, वो लोकसभा के चुनावी मैदान में अकेले उतरने का एलान कर चुकी है। 2012 में सत्ता से बेदखल होने के बाद चुनावी प्रदर्शन में बसपा का ग्राफ लगातार गिर रहा है। मायावती भी सियासी जमीन पर बहुत ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रही हैं।*



राजस्थान व मध्यप्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारकर इसकी शुरुआत की

***2022 चुनाव के बाद मायावती ने कोई रैली नहीं की***–*2022 के चुनाव के बाद उन्होंने कोई भी रैली नहीं की है। इतना ही नहीं बसपा प्रमुख ने प्रदेश के किसी भी जिले का दौरा भी नहीं किया है, जिससे पार्टी के कोर वोटबैंक दलित समुदाय के छिटकने की बातें सामने आई है। यही वजह है कि आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद न केवल कांशीराम की सियासी विरासत के सहारे दलितों के दिल में जगह बनाने, बल्कि बसपा के सिकुड़ने से खाली हो रही सियासी जमीन को अपने पाले में लाने में जुटे हैं। उनकी इस मेहनत के बाद दलित वोट, खासकर जाटव, किसके पक्ष में आते हैं, यह राजस्थान और मध्यप्रदेश के चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो जाएगा। संविधान संरक्षण मंच के मुखिया ने कहा कि बसपा की स्वीकार्यता का ग्राफ गिर रहा है।*

# कलेक्टर गोयल व एसपी सदानंद अंतर्राज्जीय सीमा चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

■ अवैध परिवहन को लेकर लगातार जांच जारी रखने व नियमित रिपोर्टिंग के दिए निर्देश



**रायगढ़**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के 50 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर कार्तिकेया गोयल निर्वाचन की तैयारियों को लेकर पूरे दिन भर एक्टिव मोड में रहे। दिन में उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली, कंट्रोल रूम और वेयर हाऊस का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिसके पश्चात देर शाम वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के निरीक्षण में निकले। कलेक्टर श्री गोयल ने एकताल, रेंगालपाली और लारा में अंतर्राज्जीय बार्डर का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी चेकपोस्ट पर तैनात टीमों से बार्डर पर निगरानी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित फार्मेट में जांच की पूरी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहा। सभी दलों को पूरी सक्रियता के साथ अंतर्राज्जीय सीमा पर निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ऐसे चेक पोस्ट पर सीसी टीवी भी लगाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने अब तक संधारित पंजियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा उसमें नियमित रूप से सारी जानकारी प्रतिदिन भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा पर अवैध राशि, सामग्री, शराब परिवहन की पूरी सुक्ष्मता से जांच की जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने इस दौरान वहां पर तैनात जवानों को अलर्ट रहकर लगातार आवाजाही की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध परिवहन पर कार्यवाही होती है तो उस संबंध में तत्काल रिपोर्टिंग के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज ने निकाली शोभायात्रा



**तखतपुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज आज 14 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर श्री श्री महराज अग्रसेन जी की विशाल शोभायात्रा बरेला से निकाली गई। शोभायात्रा में अग्रसेन महराज की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र थी। अग्रवाल समाज के ईष्टदेव श्रीश्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती समाज के द्वारा प्रतिवर्ष मनाई जाती है, इस दिन समाज के द्वारा अग्रसेन भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके बाद शाम को अग्रसेन महराज जी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए अग्रसेन भवन में पहुंची जहाँ समाज के लोग जूलुस में समाज के युवा गाजे-बाजे के साथ नृत्य करते रहे। जूलुस में समाज के बुजुर्ग युवा महिलाऐं आदि शामिल थी। जो अग्रसेन महराज के जय-जयकार के जय घोष कर रहे थे, बरेला से निकला जूलुस नगर के महाराणा प्रताप चौक, महामाया चौक, संगम नगर, पुराना बस स्टेण्ड में व्यापारी संघ ने स्वागत किया वहीं जुलूश बजरंग नगर होते हुये अग्रसेन भवन पहुंची। जहाँ समाज के लोगो ने एकत्र होकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर धनसीराम गोयल, कैलाशचंद्र गोयल, आयुष अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल, रामबिलास अग्रवाल, राधेश्याम गोयल, रामावतार अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, श्यामू अग्रवाल, काशी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, चंदू अग्रवाल, किशोरी अग्रवाल, मामन चंद्र अग्रवाल, आनंद बंसल, संदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, रघुवीर गोयल, सुरेश अग्रवाल, बाल किशन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, सागर अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, महेश अग्रवाल, मुकेश, कालू अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विष्णु प्रसाद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गुल्लू अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, चंद्रकिशन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विकास मित्तल, मनोज अग्रवाल, प्रकाश सिंघानिया, अभिषेक गोयल, विक्की अग्रवाल, दीपक, संजय, मनोज, विकास, संकेत, शुभम, आयुष, वैभव, आसु, अम्मू, चिंटू, मनोज, राजेश, संदीप, आकाश, सुयष अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल सहित समाज के महिलाऐं भी उपस्थित थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

## कांग्रेस के 30 उम्मीदवारों की ...

हर्षिता स्वामी बघेल, राजनांदगांव से गिरीश देवांगन, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू, खुज्जी से भोला राम साहू, मोहला मानपुर से इंद्र शाह मंडावी, अंतागढ़ से रूप सिंह पोटाई, भानुप्रतापपुर से सावित्री मंडावी, कांकेर से शंकर ध्रुव, केशकाल से संतराम नेताम, नारायणपुर से चंदन कश्यप, दंतेवाड़ा से छविन्द्र महेन्द्र कर्मा को मौका दिया है।

30 नामों में 8 नए चेहरों पर पार्टी ने भरोसा जताया है। इन सातों सीटों में दंतेवाड़ा, अंतागढ़, कांकेर, चित्रकोट, खुज्जी, डोंगरगढ़, पंडरिया, दंतेवाड़ा, विधानसभा शामिल है। जिसमें वर्तमान विधायकों की टिकट काट दी गई है ।जारी सूची के मुताबिक दंतेवाड़ा से विधायक देवती कर्मा के बदले उनके पुत्र छविंद्र कर्मा को टिकट दिया गया है। अंतागढ़ से अनूप नाग की टिकट काट कर रूप सिंह पोटई को प्रत्याशी बनाया गया है। कांकेर में शिशुपाल सोरी की जगह शंकर धुर्वा को मौका दिया गया है।

इसी तरह खुज्जी से छन्नी साहू की जगह भोला राम साहू को मौका दिया गया है। डोंगरगढ़ से भुवनेश्वर सिंह बघेल की टिकट काटकर हर्षिता स्वामी बघेल को प्रत्याशी बनाया गया है। पंडरिया से ममता चंद्राकर की जगह नीलकंठ चंद्रवंशी पर पार्टी ने भरोसा जताया है। नवागढ़ विधायक की जगह मंत्री रुद्र गुरु को इस बार आरंग की जगह नवागढ़ से टिकट दी गई है ।नवागढ़ विधायक गुरुदयाल बंजारे की टिकट काट दी गई है ।वहीं राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के खिलाफ पार्टी ने खनिज विकास बोर्ड के अध्यक्ष गिरीश देवांगन को मैदान में उतारा है।

वहीं चित्रकोट में विधायक राजमन बेंजाम की जगह लोकसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को मैदान में उतारा गया है। दीपक बैज 2018 में चित्रकोट से विधायक चुने गए थे। इसके बाद लोकसभा चुनावों में जनता ने उन्हें सांसद बनाकर लोकसभा भेजा था। अब वे एक बार फिर यहां से विधायक चुनाव लड़ने वाले हैं।

## कांग्रेस की दूसरी सूची...

है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते मेरे पर बस्तर के पूरे 12 सीटों के अलावा बाकी क्षेत्र की भी जिम्मेदारी है ।इसलिए नामांकन भरने के बाद मैं चित्रकोट विधानसभा में प्रचार करने के लिए नहीं जाऊंगा। हमारे कार्यकर्ता और जनता चुनाव लड़कर, जीताकर देगी। कांग्रेस की पहली सूची में महज चार महिला प्रत्याशियों को जगह दी गई है। ऐसे में महिलाओं की संख्या कम होने के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि महिलाओं की संख्या कम नहीं होगी, दूसरी लिस्ट आने दीजिए ।हमारी प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी कहा है कि महिलाओं की अच्छी भागीदारी होगी।

## जिन विधायको की टिकट कटी है ...

शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी के सात वर्तमान विधायकों का टिकट काटने और गिरीश देवांगन को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ाए जाने पर कहा की पार्टी द्वारा कराए गए सर्वे और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए टिकट का वितरण किया गया है।

जहां तक गिरीश देवांगन का सवाल है, वे लगातार खैरागढ़ और राजनांदगांव क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। एक कार्यकर्ता और प्रदेश के महासचिव के रूप में उन्होंने अपने राजनीतिक शुरुआत की है। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे हैं, इसलिए सर्वे में सबसे अधिक नंबर उन्हें मिले, जिसके आधार पर उन्हें प्रत्याशी बनाया गया है। इस बार डॉ. रमन सिंह को सबसे कठिन चुनाव का सामना करना पड़ेगा।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के नामांकन रैली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के शामिल होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इससे पहले भी योगी आदित्यनाथ नामांकन रैली में आए थे, तब सरकार चली गई थी ।इस बार अमित शाह आ रहे हैं. अब देखना होगा कि अमित शाह आते भी है या नहीं, क्योंकि हर बार उनका दौरा रद्द हो जाता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्री गुरु रुद्र कुमार की सीट बदले जाने को लेकर कहा कि गुरु गोसाई का असर पूरे प्रदेश भर में है ।पहले वे आरंग और अहिवारा से चुनाव लड़े थे, जहां उन्होंने जीत हासिल की ।अब वह नवागढ़ जा रहे हैं ।उनका असर पूरे प्रदेश भर में है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## कांग्रेस की 3 राज्यों के लिए ..

डोंगरगढ(सु) से श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल और भानुप्रतापपुर (सु) से सावित्री मंडावी चुनाव लड़ेंगी।

**मप्र की सूची कई चौंकाने वाले नाम**

कांग्रेस की सूची में कई नाम चौंकाने वाले हैं तो वहीं कुछ उम्मीदवारों की सीट भी बदली गई है। इस सूची में कुछ नए चेहरों के नाम हैं जिनमें दतिया से अवधेश नायक, बिजावर से चरण सिंह यादव, बमोरी से ऋषि अग्रवाल, मेहगांव से राहुल भदोरिया। इसके अलावा एक बड़ा नाम केपी सिंह का है जो अब तक पिछोर से विधायक रहे हैं। वह इस बार शिवपुरी से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

**छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में होंगे चुनाव**

चुनाव आयोग ने 9 अक्टूबर को 5 राज्यों में मतदान के तारीख की घोषणा की थी। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर तो छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। राजस्थान में 25 नवंबर, मिजोरम में 7 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को चुनाव होंगे। पांचों राज्यों में 3 दिसंबर को नतीजे आएंगे।

## मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस वे पर ...

रुकी थी, अचानक ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर जामबरगांव टोल बूथ से थोड़ी दूरी पर हुई दुर्घटना में मरने वालों में दो नाबालिग बच्चे हैं और घायलों में आठ महिलाएं हैं। दूसरी दुर्घटना में, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता के परिवार के सदस्यों को ले जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# देलारी जंगल में अवैध शराब का बड़ा जखीरा किया नष्ट

**रायगढ़,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कुरोड़ोंगी जंगल (देलारी) में नाले के किनारे छापामार कार्यवाही की गई। अवैध शराब निर्माण का बड़ा अड्डा नष्ट किया गया। कार्यवाही में 50 लीटर क्षमता वाले तीन ड्रम में 150 लीटर, 15 लीटर क्षमता वाले पांच ड्रम में 75 लीटर, पांच लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन में 20 लीटर कुल 245 लीटर अवैध रूप से आसवित महुआ शराब और 27 ड्रामों में प्रत्येक में 100-100 किलोग्राम कुल 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्यवाही आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर प्रभारी हाबिल खलखो द्वारा की गई।

## प्रत्याशी बदलने की कर रहे हैं मांग

**रायपुर,** 15 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जशपुर विधानसभा के लिए तय प्रत्याशी का विरोध शुरू हो गया है ।

# महामाया मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



**तखतपुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि पर मां महामाया मंदिर तखतपुर सहित पूरे क्षेत्र के देवी मंदिरों में आस्था की ज्योत जले। आज से पूरा क्षेत्र माता की आराधना में लीन हो गया है। चैत्र नवरात्रि के शुरुआत आज से हुई। अभिजीत मुहूर्त में तखतपुर के मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। इस मौके पर पूरे क्षेत्र से श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे थे। प्रात: से ही मां महामाया मंदिर में मंदिर प्रबंध समिति और आचार्य तथा यजमान की ओर से पूजा अर्चना किया जा रहा था। अभिजीत मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया ।तखतपुर मां महामाया मंदिर में 715 तेल ज्योति कलश और 42 घृत के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए। रात्रि में माता का दिव्य श्रृंगार होगा जिसके दर्शन करने के लिए श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित रहते हैं। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जीतेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, सचिव यतेंद्र, आचार्य पंडित रत्नाकर पांडे, बलभद्र दुबे, मुन्ना श्रीवास, मुख्य यजमान अनुपमा अभिषेक पांडे, मोंटू मिश्रा, अश्विनी गुप्ता, तिलक ताम्रकार, कुंज राम यादव, दुर्गा यादव, राजू यादव, रमेश पटेल, पुजारी राजेंद्र गिरी गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी, सूरज ठाकुर, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कथा सुनना तभी सार्थक होगा जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे



**तखतपुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुरता में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा विस्तार करते हुए कथावाचक ने कहा कि कथा सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। श्रीमद् भागवत की कथा व्यक्ति के जीवन में आने वाली ब्यथा को दूर करने वाली कथा है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान श्री कृष्ण वासुदेव की झांकी के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। श्री राम कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचक ने मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। अंत में महा आरती हुई इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटे गए। इस अवसर पर शैलेश पांडे, राजकुमार पांडे, संजीव पांडे, रवि शंकर पांडे, भगवान सिंह, प्रहलाद सिंह, श्रीकांत मिश्रा, राजेश्वरी, ज्योति, नम्रता, सुभद्रा, निधि, निर्मला शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संपत्ति विवाद में पूर्व भाजपा विधायक के पुत्र की हत्या

■ बहु गंभीर रूप से घायल
■ अजय चन्द्राकर ने कानून व्यवस्था पर लगाया प्रश्नचिन्ह



**कुरुद/धमतरी,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व भाजपा विधायक स्व. सोमप्रकाश गिरी के तीन बेटों के बीच जारी संपत्ति विवाद में आज एक की हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर उनके दो आरोपी पुत्रों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस इस घटना में शामिल अन्य लोगों की पतासाजी में लगी है।

भाजपा प्रवक्ता अजय चन्द्राकर ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए लापरवाह पुलिस अधिकारियों को हटा क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव के लायक वातावरण तैयार करने की मांग उठाई है।

पुलिस के अनुसार कुरुद थानांतर्गत रविवार सुबह मरौद में रॉड और लाठी से लैस 8 से 10 लोगों ने भाजपा नेता चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी के घर में घुसकर हमला कर पति-पत्नी को बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सिविल अस्पताल कुरुद लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को धमतरी अस्पताल भेज दिया, लेकिन रास्ते में ही चंद्रशेखर गिरी की मौत हो गई।

मृतक की पत्नी अर्चना गिरी की रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध क्र 655/231 धारा 460, 294, 323.50. 147. 148, 149, 396 के तहत आरोपी हेमेन्द्र गिरी, हेमगिरी गोस्वामी को हिरासत में ले लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने बताया कि ग्राम मरौद में चंद्रशेखर गिरी पिता स्व. सोमप्रकाश गिरी (50 वर्ष) गरौद का अपने सगे भाइयों हेमगिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी के साथ पिछले 6-7 महीनों से संपत्ति संबंधी विवाद चल रहा था। इस संबंध में दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध समय-समय पर थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

15 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे हेम गिरी गोस्वामी एवं हेमेन्द्र गिरी गोस्वामी अपने 2 गाडियों में लगभग 8 से 10 गुडों को लेकर चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी के घर घुसकर चंद्रशेखर गिरी एवं उनकी पत्नी अर्चना गिरी गोस्वामी के साथ लाठी डंडा एवं राड से हाथ पैर पीठ में मारपीट की। जिसके चलते चन्द्रशेखर गिरी की मौत हो गई। दिन दहाड़े इस हत्याकांड से गुस्साए भाजपाइयों ने थाना पहुंच पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक अजय ने भी घटना की निंदा करते हुए निर्वाचन आयोग से लापरवाह अधिकारियों को हटाने की मांग की है।

# जितेन्द्र खेलेंगे वुडबॉल एशिया कप



**सरायपाली** 15 अक्टूबर( देशबंधु)। बिछिया ग्राम के निवासी दिनेश एवं कमला पटेल के सुपुत्र जितेन्द्र पटेल का चयन अक्टुबर मेंहोने वाले तीसरे एशिया कप वुडबॉल के लिये हुआ है जो कि चीन के हाँगझाऊ प्रांत के शंग्यु शहर में 2023 को सम्पन्न होगा। उनकी ये उपलब्धि उनके परिवार वालों के साथ साथ पूरे महासमुंद ज़िले के लिए गौरव की बात है।

युवा प्रतिभा के धनी जितेन्द्र ने औरों के लिए एक मिसाल क़ायम की और साथ ही साथ कई लोगों के प्रेरणास्रोत बने। इससे पूर्व भी जितेन्द्र ने हाल ही में वुडबॉल वर्ल्डकप में भाग लिया था जहां जितेंद्र ने डबल इवेंट में 5वांस्थान प्राप्त किया था 7जितेंद्र ने इस प्रतियोगिता के पहले 4 बार इंटरनेशनल लेवल पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। साथ ही साथ जितेंद्र ने 2019 में ताइवान ओपन में ब्रोंज मेडल भी जीता था और छत्तीसगढ़ के लिए वुडबॉल में कई बार नेशनल प्रतियोगिता में मेडल जीता है ।

शिक्षा- उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने ग्राम के ही हायर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की है। ततपश्चात उच्च शिक्षा रायपुर प्राप्त की है ।जितेंद्र चाहते है कि वो अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश का नाम रौशन करे ।जितेंद्र का मानना है की छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है कमी है तो सिर्फ़ सीमित संसाधन और सही मार्गदर्शन की अगर छत्तीसगढ़ में भी बच्चों को सही मार्गदर्शन मिला तो छत्तीसगढ़ भी खेलों में देश में अव्वल होगा। जितेंद्र की इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता को दिया है ।जितेंद्र के चयन पर परिवार जन तथा एवं छत्तीसगढ़ वुडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल संरक्षक विजय बघेल, छत्तीसगढ़ वुडबॉल के पदाधिकारियों ज़िला संघों के पदाधिकारियों ने तथा साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है ।

## शिक्षक खितिपति का कुश्ती में तीसरी बार नेशनल में चयन



शा. प्रा. शाला कसलबा में पदस्थ शिक्षक खीतीपति साहू का आल इंडिया सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। अब तक लगातार तीसरी बार वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में यह प्रतियोगिता 16 से 18 अक्टूबर तक प्रयागराज उत्तर प्रदेश में हो रही है। इस उपलब्धि पर फुलझर क्रिकेट संघ, क्षेत्रीय खेल विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित उनके मित्र, बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# दुर्गा पंडालों में प्रत्याशी नहीं कर पाएंगे चुनावी प्रचार



**रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर रोक**

**रायपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रशासन ने 15 से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व के संबंध में समस्त डीजे. धुमाल संचालको, गरबा आयोजकों एवं दुर्गा समितियों के सदस्यों की बैठक ली। एएसपी लखन पटले ने बैठक में कहा कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए पंडालों में किसी प्रकार का चुनावी प्रचार.प्रसार नहीं किया जाएगा।

अनाधृकित एवं असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए यथा संभव पंडाल में कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया। पंडाल का निर्माण सार्वजनिक स्थलए रोड को घेरकर नहीं किया जाएगा। धीमे आवाज में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक डीजे माइक लाउड स्पीकर का उपयोग किया जा सकता है परन्तु रात 10 बजे के बाद उपयोग करने पर कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थल पर तेज आवाज में डीजे एवं धुमाल जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती एवं राजसात किया जाएगा।

**गरबा व दुर्गा पंडालों में बजेंगे धार्मिक गाने**

दुर्गा मूर्ति विसर्जन की अनुमति सिर्फदशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक होगी। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था रखें। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा दुर्गा माता के पंडालों में केवल धार्मिक गाने बजाने की अनुमति होगी।

**ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति**

मूर्ति आगमन स्थापना और विसर्जन के दौरान न्यायालय तथा शासन के निर्देशानुसार केवल ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। नवरात्र के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र.शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में देने अपील की गई।

# देश

**उवाच**

"राज्य सरकार और ठेकेदार दोनों मिलकर राज्य को लूट रहे हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन राज्य सरकार का कमीशन वसूली केंद्र बन गया है। गांव से लेकर विधानसभा तक भ्रष्टाचार देखने को मिलता है और खुलेआम चल रहा है।

**-बसवराज बोम्मई,कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34 | 21 |
| मुंबई | 32 | 29 |
| कोलकाता | 3[illegible] | 24 |
| चेन्नई | 29 | 27 |

# आतंकवाद शांति में बाधक : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है। वैश्विक शांति और समृद्धि का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति और विकास में बाधक है और आतंक से सभी स्रोतों को सामूहिक संकल्पशक्ति से परास्त करना होगा। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि पी-20 शिखर सम्मेलन में 48 संसदीय निकायों के प्रमुखों ने माना है कि सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसदों की संप्रभुता होती है और उनमें दूसरे देशों के आंतरिक मामलों के बारे में चर्चा नहीं की जा सकती है। ओम बिरला ने यहां पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति आभार ज्ञापन के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर यह बात बताई। उन्होंने कहा हमारा स्पष्ट मत है और इसे सबने एक मत से माना है कि संसद सर्वोच्च विधायी संस्था होती है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों को लेकर कभी किसी अन्य देश की संसद में चर्चा नहीं हो सकती है। तुर्की की संसद के पीठासीन अधिकारी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मेहमान नेता द्वारा तुर्की में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को भारत की शह के आरोप के बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे कई बार स्पष्ट किया है। हम आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियां, आतंकवादियों को प्रश्रय दिए जाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसी गतिविधियों का भारत में कहीं कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद चाहे जाति के नाम पर हो या धर्म के नाम पर, भारत उसके किसी भी पक्ष या स्वरूप को कतई कोई समर्थन नहीं देता है। लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों का यह नौवां पी-20 शिखर सम्मेलन सबसे कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी 20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' था। पी 20 शिखर सम्मेलन में जी 20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी-20 शिखर सम्मेलन शिष्टमंडलों की भागीदारी के मामले में अब तक का सबसे सफल पी 20 शिखर सम्मेलन था।

■ पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति जताया आभार



संसद में दूसरे देश के आंतरिक मामलों पर चर्चा नहीं हो सकती : ओम बिरला

### सम्मेलन में 436 प्रतिनिधियों ने लिया भाग

बिरला ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को जी-20 के सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद ने पहली बार पी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जी-20 और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के अलावा 48 संसद सदस्यों ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन में जी-20 और आमंत्रित देशों के कुल 436 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिरला ने कहा कि सम्मेलन में भारत की पहल पर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम होने पर चिंता व्यक्त की गई। इस संदर्भ में सितंबर 2023 में भारत की संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक 2023 को अंगीकार किए जाने का सभी देशों ने न सिर्फ स्वागत किया बल्कि उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। आतंकवाद तथा उसके कारण मानवता को पहुंच रही पीड़ा के प्रति सभी देश चिंतित नजर आए।

सभी देशों ने जेनोफोबिया, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म अथवा आस्था के नाम पर आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की तथा विधायी, बजटीय और निरीक्षण कार्यों के आलोक में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद से निपटने में भूमिका निभाने की प्रतिज्ञा की। पी 20 शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित चार विषयों एसडीजी में तेजी लाना, सतत ऊर्जा परावर्तन, लैंगिक समानता से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर तथा सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन पर चार सत्रों में सार्थक चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

### एआई आज के समय की आवश्यकता है : लोस अध्यक्ष

ओम बिरला ने कहा कि एआई आज के समय की आवश्यकता है, लेकिन इसके संदर्भ में चिंताएं भी जताई जा रही हैं। इसको देखते हुए सभी देशों ने उत्तरदायित्वपूर्ण एआई विकास और डेटा सुरक्षा से संबंधित आयामों पर अनिवार्य रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्व में अवसरों के निर्माण और कौशल को बढ़ाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में भी सभी देशों ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही मानव तस्करी को रोकने तथा श्रम गतिशीलता और कानूनी प्रवासन तथा गतिशीलता भागीदारी के लिए एक सहयोगी ढांचा विकसित करने के महत्व में विश्वास किया।



## मनोज सिन्हा ने पांच परिवारों को सौंपे जमीन के कागजात

**जम्मू,** 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बांदीपोरा जिले में पांच बेघर परिवारों को जमीन के कागजात सौंपे। उपराज्यपाल ने कहा कि बेघर लोगों को घर मुहैया कराने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को आगे बढ़ा जा रहा है। इस अवसर पर मनोज सिन्हा ने कई सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा भी की।

उन्होंने बांदीपोरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के पीआरआई सदस्यों और स्थानीय लोगों के कई प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत की और उनकी शिकायतें सुनीं और उन्हें सरकार की ओर से शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया। बनयारी के स्थानीय निवासी अर्शीद अहमद ने कहा कि वे बांदीपोरा प्रशासन और एलजी मनोज सिन्हा के बहुत आभारी हैं कि उन्हें घरों के लिए जमीन के कागजात सौंपे गए हैं।

## मप्र में कांग्रेस की 144 प्रत्याशियों की पहली सूची

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ, लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ.हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं। पूर्व मंत्री बाला बच्चन राजपुर (अजा) से, लखन घनघोरिया जबलपुर पूर्व (अजजा), तरुण भनोत जबलपुर पश्चिम, ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी (अजा), सुखदेव पांसे मुलताई, प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, हुकुम सिंह कराड़ा शाजापुर, सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ (अजा), डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह साधौ महेश्वर (अजा), सचिन यादव कसारवद, उमंग सिंघार गंधवानी (अजजा) और सुरेंद्र सिंह बघेल कुक्षी (अजजा) से चुनावी मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद और नरेला से मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंदौर-एक से संजय शुक्ला, इंदौर-दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू और इंदौर-चार से राजा मंधवानी चुनाव लड़ेंगे। चंदेरी से गोपाल सिंह चौहान, मुंगावली से राव यादवेंद्र यादव, सुरखी से नीरज शर्मा, देवरी से हर्ष यादव, नरयवायली (अजा) से सुरेंद्र चौधरी, बंडा से तरवर सिंह लोधी, टीकमगढ़ से यादवेंद्र सिंह, जतारा (अजा) से किरण अहिरवार, पृथ्वीपुर से नितेंद्र सिंह राठौर और खरगापुर से चंदा सिंह गौर को उम्मीदवार घोषित किया गया है। महाराजपुर से नीरज दीक्षित, चंदला (अजा) से हरप्रसाद अनुरागी, राजनगर से विक्रम सिंह नातीराजा, छतरपुर से आलोक चतुर्वेदी, बिजावर से चरण सिंह यादव, मलहरा से साधवी राम सिया भारती, पथरिया से राव ब्रजेंद्र सिंह और जबेरा से प्रताप सिंह लोधी प्रत्याशी होंगे। हटा (अजा) से प्रदीप खटीक, पवई से मुकेश नायक, गुन्नौर (अजा) से जीवन लाल सिद्धार्थ, चित्रकूट से नीलांशु चतुर्वेदी, रैगांव (अजा) से कल्पना वर्मा, सतना से सिद्धार्थ कुशवाह, नागौद से डॉ.रश्मि सिंह पटेल, अमरपाटन से राजेंद्र कुमार सिंह, त्योंथर से रामशंकर सिंह पटेल, मऊगंज से सुखेंद्र सिंह बना, मनगवां (अजा) से बबिता साकेत, गुढ़ से कपिध्वज सिंह, चुरहट से अजय सिंह और सिहावल से कमलेश्वर पटेल उम्मीदवार घोषित हुए हैं। चितरंगी (अजजा) से मानिक सिंह, सिंगरौली से रेणु सिंह, जैतपुर (अजजा) से उमा धुर्वे, अनूपपुर (अजजा) से रमेश सिंह, पुष्पराजगढ़ (अजजा) से फुंदेलाल मार्को, बड़वारा (अजजा) से विजय राघवेंद्र सिंह, पाटन से नीलेश अवस्थी, बरगी से संजय यादव, जबलपुर पूर्व (अजा) से लखन घनघोरिया, जबलपुर उत्तर से विनय सक्सेना और जबलपुर पश्चिम से तरुण भनोत प्रत्याशी रहेंगे। सिहोरा (अजजा) से एकता ठाकुर, शाहपुरा (अजजा) भूपेंद्र मरावी, डिंडोरी (अजजा) से ओंकार सिंह मरकाम, बिछिया (अजजा) से नारायण सिंह पट्टा, बैहर (अजजा) से संजय उइके, लांजी से हिना कांवरे, परसवाड़ा से मधु भगत, बालाघाट से अनुभा मुंजारे, कटंगी से बोध सिंह भगत, बरघाट (अजजा) से अर्जुन सिंह काकोड़िया, सिवनी से आनंद पंजवानी, केवलारी से रजनीश सिंह, लखनादौन (अजजा) से योगेंद्र सिंह बाबा, गोटेगांव (अजा) से शेखर चौधरी, नरसिंहपुर से लखन सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा से संजय शर्मा, छिंदवाड़ा से कमलनाथ, मुलताई से सुखदेव पांसे, बैतूल से निलय डागा और घोड़ाडोंगरी (अजजा) से राहुल उइके उम्मीदवार बनाए गए हैं। भैंसदेही (अजजा) से धरमू सिंह सिरसाम, टिमनरी (अजजा) से अभिजीत सिंह, हरदा से रामकिशोर डोगने, उदयपुरा से देवेंद्र पटेल गदरवास, सिलवानी से देवेंद्र पटेल, विदिशा से शशांक भार्गव, गंजबासौदा से निशंक जैन, शमशाबाद से सिंधू विक्रम सिंह, बैरसिया (अजा) से जयश्री हरिकिरण, नरेला से मनोज शुक्ला, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद, बुधनी से विक्रम मस्ताल, आष्टा (अजा) से कमल चौहान, सीहोर से शशांक सक्सेना, राजगढ़ से बापू सिंह तंवर, खिलचीपुर से प्रियव्रत सिंह, सुसनेर से भेरू सिंह बापू और आगर (अजा) से विपिन बानखेड़े प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। शाजापुर से हुकुम सिंह कराड़ा, कालापीपल से कुनाल चौधरी, सोनकच्छ (अजा) सज्जन सिंह वर्मा, हाटपिपल्या से राजवीर सिंह बघेल, मांधाता से उत्तम पाल सिंह, पंधाना (अजजा) से रूपाली बरे, भिकनगांव (अजजा) से झूमा सोलंकी, दतिया से अवधेश नायक, मुंगावली से राव यादवेंद्र सिंह, कटंगी से पूर्व बीजेपी सांसद बोध सिंह भगत और सुरखी से नीरज शर्मा। बड़वाह से नरेंद्र पटेल और महेश्वर (अजा) से डॉ.विजय लक्ष्मी साधौ, कसरावद से सचिन यादव और खरगोन से रवि जोशी प्रत्याशी हैं। भगवानपुरा (अजजा) से केदार डावर, राजपुर (अजजा) से बाला बच्चन, बड़वानी (अजजा) से राजन मंडलोई, अलीराजपुर (अजजा) से मुकेश पटेल, जोबट (अजजा) से सेना पटेल, झाबुआ (अजजा) से डॉ.विक्रांत भूरिया, थांदला (अजजा) से वीर सिंह भूरिया, पेटलावद (अजजा) वाल सिंह मेड़ा, सरदारपुर (अजजा) प्रताप ग्रेवाल, गंधवानी (अजजा) से उमंग सिंघार, कुक्षी (अजजा) सुरेंद्र सिंह बघेल, धरमपुरी (अजजा) पांचीलाल मेड़ा, देपालपुर (अजजा) से विशाल पटेल और इंदौर एक से संजय शुक्ला प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा इंदौर दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू, इंदौर चार से राजा मंधवानी, राऊ से जीतू पटवारी, सांवेर (अजा) से रीना बौरासी, नागदा से दिलीप सिंह गुर्जर, महिदपुर दिनेश जैन बॉस, तराना (अजा) महेश परमार, घट्टिया (अजा) से रामलाल मालवीय, उज्जैन उत्तर से माया राजेश त्रिवेदी, सैलाना (अजजा) से हर्ष विजय गेहलोत, आलोट (अजा) मनोज चावला, मंदसौर से विपिन जैन, सुवासरा से राकेश पाटीदार और मनासा से नरेंद्र नाहटा को चुनावी रण में उतारने का फैसला लिया गया है।

## सार संक्षेप

### मोदी ने महाराष्ट्र में हुई दुर्घटना पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने इस हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए मुआवजे की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों को 5 हजार की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है।

### बिहार के कैमूर में वैन पलटी, 25 लोग घायल

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में रविवार को एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोग अघौरा थाना क्षेत्र के गांव गमकलां के निवासी हैं। ये सभी शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां मुंडेश्वरी देवी मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। यह हादसा कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के हनुमान घाट पर हुआ। सभी घायलों को भगवानपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उनमें से 15 को भभुआ के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया, क्योंकि उन्हें गंभीर चोटें आई थीं और उनकी स्थिति गंभीर थी। घायल व्यक्तियों ने दावा किया कि वैन चालक वाहन को तेज गति से चला रहा था। इस दौरान वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वैन पलट गई।

### नीतीश ने अर्जुन मंडल के निधन पर जताया शोक

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री एवं जमुई के पूर्व विधायक अर्जुन मंडल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वह एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उन्होंने बिहार सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

### तमिलनाडु में 15.21 करोड़ का सोना जब्त

**चेन्नई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने इस सप्ताह तमिलनाडु के चेन्नई और त्रिची में चलाए गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रुपए मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त कीं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि श्रीलंका से सोने की तस्करी की गई थी और इसे नागपट्टिनम जिले के तटीय क्षेत्र से होते हुए एक कार में चेन्नई ले जाया जा रहा था।

## सिक्किम बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार : सीएपी

**गंगटोक,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिटीजन एक्शन पार्टी (सीएपी) ने इस महीने की शुरुआत में सिक्किम में आई बाढ़ के बाद पुनर्वास कार्य की स्थिति पर 'श्वेत पत्र' जारी करने की मांग की है। सीएपी के संस्थापक सह मुख्य समन्वयक गणेश राय के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। प्रतिकूल परिस्थितियों पर पार्टी की तथ्यान्वेषी समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सीएपी नेताओं ने राज्य सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों के लिए किए गए पुनर्वास कार्यों पर एक श्वेत पत्र लाने के लिए दबाव डाला। सीएपी कार्यकर्ताओं ने पुनर्वास व्यवस्था को लेकर सरकार के समक्ष कई ज्वलंत सवाल उठाया है। उन्होंने शिकायत की कि राज्य की सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा सरकार ने हर कदम पर गलती की है। सीएपी के कार्यकारी अध्यक्ष डीबी चौहान ने कहा कि हम तब तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे जब तक कि सभी प्रभावित लोगों का पुनर्वास नहीं हो जाता। हम हाल की बाढ़ पर श्वेत पत्र जारी करने, नुकसान का आकलन शीघ्र करने और मुआवजा देने की मांग करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग ने गत शनिवार को डिक्चु तथा फिदांग का दौरा किया और पीड़ितों की शिकायतें सुनीं।

## महिला अपराधों के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है।



तमाम आंकड़ों में उत्तर प्रदेश महिला अपराधों के मामले में सबसे ऊपर है लेकिन सरकार जमींनी सच्चाई न जानने और न मानने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों में अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हर दिन प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, हत्या और छे पिछले दिनों अमरोहा इलाज कराने गई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। मैनपुरी में स्कूटी से जा रही महिला पर चाकू से हमला हुआ। भाजपा सरकार प्रदेश में अपराधों को रोक पाने में विफल है। भाजपा का कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठ और कोरी लफ्फाजी है। वहीं दूसरी ओर अखिलेश यादव ने शारदीय नवरात्र पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि यह पर्व सबको नवशक्ति, नव संकल्प से परिपूर्ण करे और सबके जीवन को मंगलमय बनाये। यही कामना, शुभकामना है।

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

### भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही पुलिस

सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही है। आम जनता और गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। जनता भाजपा के कुशासन से कराह रही है। राज्य की जनता भाजपा सरकार से बुरी तरह उकता गई है। भाजपा सरकार में पुलिस-प्रशासन कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने और भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

## बीआरएस का चुनाव घोषणा पत्र जारी

**हैदराबाद,** 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीआरएस पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया जिसमें किसानों, महिलाओं और गरीब आबादी के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बीआरएस पार्टी के घोषणापत्र में वादा किया कि बीआरएस के सत्ता में आने पर किसानों के लिए रायथु बंधु योजना की वर्तमान राशि दस हजार रुपए प्रति एकड़ को बढ़ाकर बारह हजार और पांचवें वर्ष तक सोलह हजार रूपए किया जाएगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि तेलंगाना के गठन के दौरान सामने आई परिस्थितियों को गहराई से समझने के बाद अच्छी नीतियां बनाई गईं है। बजट को करीब तीन लाख करोड़ तक ले जाया गया है। जीएसडीपी ढाई गुना बढ़ी है। प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। कल्याण के लिए विकास को प्राथमिकता दी गई है। कल्याण और पूंजीगत व्यय के मामले में तेलंगाना देश के लिए एक मॉडल बन गया है। तेलंगाना में सर्वोत्तम आर्थिक नीति, सर्वोत्तम विद्युत नीति, सर्वोत्तम पेयजल नीति, सर्वोत्तम सिंचाई नीति, सर्वोत्तम कृषि नीति, सर्वोत्तम दलित नीति, सर्वोत्तम कल्याण नीति, सर्वोत्तम शिक्षा नीति, सर्वोत्तम स्वास्थ्य नीति, सर्वोत्तम औद्योगिक नीति, सर्वोत्तम आवास नीति सफलतापूर्वक लागू की जा रही है। ये सभी नीतियां यथावत जारी रहेंगी। समय-समय पर इन नीतियों का प्रोत्साहन एवं संवर्धन किया जाएगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आज बीआरएस अपने 2023 चुनाव घोषणापत्र के रूप में कुछ नए वादों की घोषणा कर रहा है। इसमें सभी के लिए चावल योजना शामिल है।

■ केसीआर ने किसानों, महिलाओं व गरीबों पर दिया जोर



### एलआईसी को मजबूत करने में योगदान देने का वादा

हम राज्य में हर गरीब परिवार को रायथु बीमा की तर्ज पर एलआईसी के माध्यम से 5 लाख रुपए का जीवन बीमा प्रदान करेंगे। इस बीमा का शत प्रतिशत प्रीमियम सरकार भरेगी। गरीबों का भरपूर भला करके हम सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था एलआईसी को मजबूत करने में योगदान देंगे।

## बंगाल विस का एक दिन का विशेष सत्र आज

**कोलकाता,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य में मंत्रियों और विधायकों के वेतन बढ़ाने के बारे में दो महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने के लिए सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया है। पहला विधेयक बंगाल विधानसभा (सदस्यों की परिलब्धियां) और दूसरा पश्चिम बंगाल वेतन और मजदूरी पर है। इसे विशेष सत्र के दौरान सोमवार दोपहर 12 बजे सत्ता पक्ष द्वारा पेश किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार सुबह 11 बजे कार्य सलाहकार समिति की बैठक होगी जिसमें विधेयक पर चर्चा का समय तय किया जाएगा। पश्चिम बंगाल विस में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा विधायक विशेष सत्र में भाग नहीं लेंगे क्योंकि वे मंत्रियों और विधायकों के बढ़े हुए वेतन के खिलाफ हैं। बीमारी के कारण एक महीने से घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी संभवतः बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी। विशेष सत्र ऐसे दिन बुलाई गई है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में एक लोकप्रिय सामुदायिक दुर्गा पूजा का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस साल 7 सितम्बर को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा की थी।




**मांग** *सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से मांगे 4860 करोड़*

# कर्नाटक में सूखाग्रस्त किसानों को 3 हजार करोड़ का नुकसान

**मैसूर,14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस साल किसानों पर सूखे की भयानक मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सूखा प्रभावित इलाकों के किसानों को लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। रविवार को सिद्धारमैया ने कहा कि 42 लाख हेक्टेयर में लगी किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कर्नाटक के 236 तालुका में 216 को सूखा ग्रस्त घोषित कर चुकी है। किसानों की परेशानी देखते हुए सीएम सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार से भी आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

कर्नाटक के ऐतिहासिक आयोजन-मैसूर के दशहरा महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सिद्धारमैया ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार से 4860 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड के नियमों के मुताबिक कर्नाटक सरकार ने केंद्र सरकार से आर्थिक मदद मांगी है।



■ केंद्र से एनडीआरएफ के नियमों के तहत आर्थिक मदद की अपील

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि कर्नाटक सरकार ने सूखे की समस्या की गंभीरता को देखते हुए पहले 195 तालुका को सूखाग्रस्त घोषित किया था। उन्होंने कहा कि सूखे का संकट और बढ़ने के बाद कैबिनेट की सब-कमेटी ने 21 और तालुका को सूखाग्रस्त घोषित किया।

इस तरह सरकार ने राज्य के कुल 216 तालुका को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है। किसानों की मदद के लिए कांग्रेस सरकार की नीति बताते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की मदद के लिए इनपुट सब्सिडी देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को पेयजल, चारा, मवेशियों के लिए पानी, रोजगार और अन्य राहत उपायों के लिए इनपुट सब्सिडी प्रदान करेगी। इस साल सूखे की मार इसलिए अधिक चिंताजनक है क्योंकि हरित सूखा देखा जा रहा है। इसका मतलब ये हुआ कि रोपाई के बाद किसानों की फसलें तो उगी हैं लेकिन पैदावार नहीं हुई है। देश में इस साल मॉनसून की बेरुखी ने किसानों के सपने को तोड़ दिया है। किसान इस बेरुखी के बीच अपनी फसल को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यह संकट इस साल कम बारिश की वजह से बढ़ा है। देश के कई राज्यों में सूखे जैसे हालात हो गए हैं। वहीं इस बार मॉनसून में कम हुई बारिश से सबसे अधिक किसी राज्य को परेशानी हुई है, तो उसमें कर्नाटक भी एक है। पिछले महीने के आंकड़ों में यहां 195 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था। वहीं पिछले एक सप्ताह में किए गए फसल सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर 22 और तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया। नए आंकड़ों के मुताबिक, 22 सूखाग्रस्त तालुका में 11 तालुकों की पहचान गंभीर सूखे का सामना करने वाले के रूप में की गई है।

इसके साथ ही राज्य के कुल 236 तालुकों में से कुल 216 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 16 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# इज़राइल-फिलिस्तीन झगड़े में विश्वगुरु बनने की चाहत!

इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग से कट्टर हिन्दू और कट्टर मुसलमान दोनों बहुत खुश हैं। ऐसे हिन्दुओं को इस बात में मज़ा आ रहा है कि मुसलमान मारे जा रहे हैं और मुसलमानों को इस बात में कि उनके लोग यहूदियों को सबक सिखा रहे हैं। इन दोनों फिरकों को कतई ये बुरा नहीं लग रहा है कि आखिर क़त्ल तो बेगुनाह इंसानों का ही हो रहा है। दिक्कत ये है कि हमास को आतंकवादी संगठन कहने पर मुसलमान नाराज़ हो जाते हैं और इज़राइल को आक्रान्ता बताने पर हिंदूवादी। दोनों ही भूल जाते हैं कि युद्ध किसी चीज़ का समाधान नहीं है, बल्कि वह समस्याएं ही पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता भी है। लगभग डेढ़ साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध का अभी तक तो कोई नतीजा निकला नहीं है और न ही निकट भविष्य में ऐसा होता दिखाई देता है।

इधर हिन्दूवादियों को इस युद्ध ने मुसलमानों के ख़िलाफ़ एक और कुतर्क दे दिया है जिसके मुताबिक मुसलमान अगर ये मानते हैं कि इज़राइल ने उनकी ज़मीन हथिया ली है और वो उन्हें वापस मिलनी चाहिये तो फिर वे अयोध्या, काशी और मथुरा हिन्दुओं को वापस क्यों नहीं दे देते। राजनीतिक रूप से निरक्षर लोगों को यह बात सही लग सकती है लेकिन वास्तव में इज़राइल-फिलिस्तीन मामले की तुलना भारत के इन धर्मस्थलों से करना सिरे से ग़लत है। क्योंकि इनको लेकर विवाद थे नहीं, पैदा किये गये हैं और इनका निपटारा देश की अदालतें देर-सबेर कर ही देंगी। दूसरा- तमाम मतभेदों के बावजूद और कभी-कभार के तनाव या टकराव को छोड़ सभी धर्मों के मानने वाले शांति और भाईचारे के साथ इस देश में रहते आये हैं जबकि इज़राइल ने फिलिस्तीनी आबादी को बहुत छोटे से इलाके में रहने को मजबूर कर रखा है और उस पर भी वह लगातार हमले करता रहता है।

इस युद्ध के साथ कांग्रेस के ख़िलाफ़ भी दुष्प्रचार का नया सिलसिला चल निकला है। कांग्रेस ने पहले ही दिन निर्दोष इज़राइली नागरिकों की हत्या पर गहरा दु:ख व्यक्त किया, उनकी भर्त्सना की और युद्धविराम की अपील भी की। लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारों की बात करते ही उस पर हमास समर्थक होने का लेबल चस्पा कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस ने हमास की निंदा नहीं की। एक झूठ यह भी फैलाया जा रहा है कि फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफ़ात एक आतंकवादी थे, जिन्हें इंदिरा और राजीव गांधी ने सर-आंखों पर बैठाया। इंदिरा गांधी ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सबसे पहले फिलिस्तीन को मान्यता दी और अराफ़ात को 'नेहरू शांति पुरस्कार' दिया, उन्हें एक करोड़ रुपये और सोने की ढाल भेंट की जबकि राजीव गांधी ने उन्हें 'इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार' दिया। इतना ही नहीं, राजीव ने उन्हें दुनिया भर में घूमने के लिए बोइंग जहाज भी भेंट किया था। कहने की ज़रूरत नहीं कि बेसिर पैर की ऐसी बातें कहां और क्यों गढ़ी जाती है।

दो और दो को पांच बनाने में माहिर भारतीय जनता पार्टी को बताना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 1977 में रामलीला मैदान पर फिलिस्तीन के समर्थन में जो कहा था, उससे वह सहमत है या नहीं। उसकी नज़र में हमास और फिलिस्तीन अगर एक ही हैं तो उसे साफ़ करना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलिस्तीन क्यों गए थे और क्यों उन्होंने वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्वीकार किया, क्यों यासिर अराफ़ात की कब्र पर उन्होंने फूल चढ़ाये। और अब विदेश मंत्रालय को यह कहने की ज़रूरत क्यों पड़ी कि भारत ने हमेशा से ही एक अलग और स्वतंत्र फ़िलिस्तीन राज्य का समर्थन किया है। साथ ही शांतिपूर्ण समाधान के लिए सीधी बातचीत की वकालत भी की है। क्या इज़राइल के साथ खड़े होने का ट्वीट करने के चार दिन बाद सरकार को अहसास हुआ कि उसे तटस्थ रहना चाहिये?

मज़े की बात है कि फिलिस्तीन पर सरकार की नीति को लेकर उससे पूछे गये सवालों पर जो सफाई भाजपा या सरकार को देनी थी, वह गोदी मीडिया ने दी कि भारत तो इज़राइल और फिलिस्तीन के मामले में हमेशा से तटस्थ रहा है और मोदीजी ने फिलिस्तीन का नहीं, बल्कि फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास और उसके हमले का विरोध किया है। इस तरह के हमलों के ख़िलाफ़ भारत की जो ज़ीरो टॉलरेंस की नीति है, मोदीजी के नेतृत्व में भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। अच्छा है यदि सचमुच ऐसा हो रहा हो, लेकिन इज़राइल-फिलिस्तीन मामले में जब दूसरे तमाम देश प्रतिक्रिया देने के लिये सही समय का इंतज़ार कर रहे थे तब हमारी सरकार को किस बात की जल्दबाज़ी थी? क्या विश्वगुरु बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि थोड़ी देर के लिये ही सही, हर कसौटी पर जांची-परखी हुई अपनी विदेश नीति को हमने दरकिनार कर दिया?

# सिंधिया के खिलाफ बन गया यह चुनाव

लोग पूछते हैं पांचों राज्यों में कांग्रेस सबसे ज्यादा सीटें कहां जीतेगी? मतलब कांग्रेस की जीत की संभावना सब जगह है लेकिन लोग इसमें से सबसे अच्छी जीत जानना चाहते हैं। मुश्किल सवाल है! लेकिन अब राहुल को मुश्किल सवाल हल करने में मजा आने लगा है इसलिए वे हर जगह मध्य प्रदेश को सबसे ऊपर रख रहे हैं। कह रहे हैं 150।

रविवार को पहले नवरात्रि से कांग्रेस ने टिकटों की घोषणा करना शुरू कर दी। पहली लिस्ट मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के टिकटों की निकाली है। मध्य प्रदेश की आधी से ज्यादा सीटों के उम्मीदवार घोषित कर दिए। 230 में से 144। बिना गुटबाजी के केवल जीत सकने की संभावना वाले उम्मीदवार। मध्य प्रदेश में पिछले 20 सालों में यह पहला मौका है जब कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। नहीं तो 2003 के बाद हर विधानसभा चुनाव कांग्रेस खुद को ही हराती रही है। मध्यप्रदेश में यह मजाक खूब किया जाता रहा है कि जनता तो कांग्रेस को जिताना चाहती है मगर कांग्रेसी भी पक्के हैं अड़ जाते हैं कि नहीं जीतेंगे!

पिछले 2018 के चुनाव में भारी गुटबाजी थी। ज्योतिरादियत्य सिंधिया सीईसी (केन्द्रीय चुनाव समिति) की बैठकों में किसी का लिहाज नहीं करते थे। परिवार के विशेष कृपापात्र थे इसलिए सोनिया और राहुल जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे के सामने कमलनाथ और दिग्विजय से उलझ जाते थे। अपने सबसे ज्यादा टिकट करवाए और फिर उनको लेकर भाजपा में चले गए। अब कांग्रेस से वह समस्या खत्म हो गई है। हमेशा के लिए तो नहीं कह सकते। सिंधिया कब वापस आ जाएं इसका भरोसा नहीं है। फिलहाल तो राहुल ने कहा है कि नहीं लेंगे। मगर जैसा कि अभी पुरानी संसद के केन्द्रीय कक्ष में सोनिया गांधी के पास आकर बैठ गए थे तो ऐसे वे कभी भी सोनिया गांधी से माफी मांगकर उनका मन पिघला सकते हैं।

खैर वह बाद की बात है अभी तो कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि राज्य के दोनों वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय एक साथ हैं। राज्य में कोई गुट नहीं है। जबकि इसके विपरीत मध्य प्रदेश भाजपा में पहली बार इतनी भयंकर गुटबाजी देखी जा रही है। सबसे मेहनती और लोकप्रिय भी शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री होते हुए भी किनारे धकेला जा रहा है। मैसेज साफ है कि अगर भाजपा जीत भी गई तो शिवराज इस बार मुख्ययमंत्री नहीं बनेंगे। और इस दीवार पर लिखे सत्य ने भाजपा के नेताओं की 20 साल से दबी हसरतों को फिर से उभार दिया है। कैलाश विजयवर्गीय, गोपाल भार्गव तो खुलेआम खुद को मुख्यमंत्री का दावेदार बताने लगे हैं। लेकिन जो चुप हैं वे केन्दीय मंत्री नरेन्द्र तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अपनी संभावनाएं देखने लगे हैं।

मजेदार यह है कि केन्द्रीय नेतृत्व को भी इससे कोई परेशानी नहीं है। वह गुटबाजी को रोकने की कोई कोशिश नहीं कर रही है। सीधा संकेत दे रही है कि चुनाव खुद मोदी जी लड़ रहे हैं। बाकी सब सामान्य केंडिडेट या नेता हैं। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव लड़ाकर भाजपा यही संदेश दे रही है कि शिवराज की सरकार जीत के काबिल नहीं है इसलिए बाहरी फौज उतारना पड़ी है।



शकील अख्तर

> अभी तो कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि राज्य के दोनों वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय एक साथ हैं। राज्य में कोई गुट नहीं है। जबकि इसके विपरीत मध्य प्रदेश भाजपा में पहली बार इतनी भयंकर गुटबाजी देखी जा रही है। सबसे मेहनती और लोकप्रिय भी शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री होते हुए भी किनारे धकेला जा रहा है। मैसेज साफ है कि अगर भाजपा जीत भी गई तो शिवराज इस बार मुख्ययमंत्री नहीं बनेंगे।

शिवराज भी थोड़ी चुनौती देने की मुद्रा में आ गए हैं। करीब 18 साल से मुख्यमंत्री हैं। बहुत दबते हैं मगर एक सीमा होती है जब आदमी का स्वाभिमान बाहर आ जाता है। चुनाव की घोषणा के साथ ही शिवराज राज्य छोड़कर गंगा तट पर चले गए। वहां फोटो शूट करवाया। हाथ में नोटबुक लेकर हिसाब किताब लिखने का। अब किसका हिसाब लिख रहे हैं यह तो पता नहीं मगर कैमरा फेस मोदी जी की तरह ही बहुत कान्फिडेंस से किया।

अब शायद बीजेपी में पार्टी विथ डिफरेंस का मतलब यह हो गया है कि अलग-अलग कोणों से कौन अपने फोटो और वीडियो ज्यादा बेहतर बनवाता है। फोटो विथ डिफरेंस! मामा डिफरेंट रोल में आने लगे हैं। इतना साहस कि पूछ रहे हैं कि मुझे मुख्यमंत्री रहना चाहिए या नहीं। साथ ही ऐसा सवाल प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी पूछकर और ज्यादा दुस्साहस दिखा रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी जी को फिर प्रधानमंत्री बनना चाहिए कि नहीं?

यह अपनी सीमाओं से बाहर जाकर सवाल पूछना है। भाजपा में इतना साहस किस का है जो मोदी बनेंगे या नहीं सोच भी सकता है। आज की तारीख में जो सोचना है वह मोदी जी को ही सोचना है। किसी नेता की तो बात छोड़िये पार्टी या संघ में भी इतनी ताकत नहीं बची है कि वह मोदी जी के बारे में कोई फैसला कर पाए। फैसला खुद मोदी जी ही करेंगे। ऐसे में शिवराज सिंह चौहान का यह दुस्साहस ही कहा जाएगा कि वे पूछ रहे हैं कि मोदी जी को बनाना चाहिए या नहीं!

नहीं कहने का अधिकार तो किसी के पास नहीं है। लेकिन शिवराज अप्रत्यक्ष रूप से मोदी जी को भी चुनौती दे रहे हैं। इसलिए मध्य प्रदेश का चुनाव अब बहुत दिलचस्प हो गया है। बीजेपी की आन्तरिक फूट और कांग्रेस की एकता इस चुनाव के अहम मुद्दे हैं। बाकी सिद्धांत, नीतियां, घोषणाएं अलग बात है। कांग्रेस ने बेहिचक भाजपा से आए हुए नेताओं को टिकट दे दिए।

सबसे महत्वपूर्ण तो दतिया में राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ भाजपा से आए अवधेश नायक को टिकट देना रहा। नरोत्तम दतिया से तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इससे पहले वे डबरा जिला ग्वालियर से लड़ते थे। मगर वह सीट रिजर्व होने के बाद 2008 से दतिया से लड़ रहे हैं। यहां कांग्रेस से उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं था। मगर इस बार दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने संघ से आए नेता अवधेश नायक को उनके मुकाबले उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है। नरोत्तम पिछला चुनाव कम वोटों से जीते थे। ऐसे ही कुछ और सीटों से भी कांग्रेस ने भाजपा से आए नेताओं को टिकट दिया है। मतलब साफ है जीत ही प्रमुख है। लंबे अरसे के बाद कांग्रेस ऐसा सोच रही है।

दरअसल इस चुनाव में कांग्रेस के मन में एक बात और है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को सबक सिखाने की भावना। आम तौर पर कांग्रेस में ऐसा होता नहीं है। लेकिन सिंधिया के विश्वासघात से जिस तरह यहां कांग्रेस सरकार गई है वह कांग्रेसी तो कांग्रेसी जनता भी नहीं भूली है। ग्वालियर चंबल संभाग जिसे सिंधिया अपना घर कहते हैं वहां इसे विश्वासघात जैसा किताबी लफ्ज़ नहीं कहा जा रहा। सीधा गद्दारी बोला जा रहा है। इसलिए ज्योतिरादित्य खुद चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। भाजपा ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतार दिया है। जिसमें ग्वालियर चंबल संभाग से ही आने वाले नरेन्द्र सिंह तोमर भी हैं। ऐसे में सिंधिया का चुनाव लड़ने से बचना मुश्किल ही लग रहा है। उधर कांग्रेस के नेता उन्हें लगतार चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहे हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. गोविन्द सिंह ने उन्हें अपने खिलाफ लहार जिला भिंड, ग्वालियर चंबल इलाके से ही लड़ने की चुनौती दी है।

सिंधिया बहुत असमंजस में हैं। खुद को चुनाव लड़ने से बचाने की कोशिश के साथ ही उन्हें अपने साथ भाजपा में आए लोगों को टिकट दिलाने का भी बड़ा काम करना है। भाजपा अभी तक 136 उम्मीवार घोषित कर चुकी है। मगर ग्वालियर चंबल संभाग में सिंधिया समर्थक चार मंत्रियों और एक विधायक को अभी तक टिकट नहीं मिला है।

सिंधिया के लिए केवल कांग्रेस ही समस्या नहीं है भाजपा के नेता भी उन्हें निपटाने में उसी ताकत से लगे हैं। पुराने नेता अपनी सीटें सिंधिया के लोगों के लिए छोड़ने को तैयार नहीं है। सिंधिया के लिए दोई दीन से गए वाली हालत हो गई है। न हलवा मिल रहा है न मांडे!

# असम के मुख्यमंत्री सांप्रदायिक दिशा में चला रहे हैं भाजपा का चुनावी अभियान

■ आशीष विश्वास

असम में, मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा ने विपक्ष के भ्रष्टाचार के नये आरोपों का जवाब देते हुए, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव पूर्व अभियान में विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए तीखा जवाबी हमला किया है। अन्य राज्यों के विपरीत, असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में थोड़ी बेहतर स्थिति में है, विभाजित विपक्ष के भीतर एकजुटता की निरंतर कमी से कुछ हद तक इसमें मदद मिली है।

भाजपा ने सांप्रदायिक आधार पर मतदाताओं के बीच ध्रुवीकरण के लिए एक उच्च-स्तरीय अभियान शुरू कर दिया है। इसके नेता कांग्रेसियों पर निशाना साध रहे हैं, जिसे उनकी पुरानी 'मुसलमानों के तुष्टिकरण की नीति' के रूप में वर्णित किया गया है। हाल ही में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के बयान में गाजा में इजरायली बलों और सशस्त्र मुस्लिम हमास समूह के बीच संघर्ष को समाप्त करने का आह्वान किया गया है, जिसने भाजपा को विपक्ष को मात देने के लिए एक और छड़ी प्रदान की है।

जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास द्वारा उसके क्षेत्र पर हमले के बाद इजरायल के लिए भारत के समर्थन को जोरदार ढंग से रेखांकित किया है, तथा फिलिस्तीन समर्थक भावनाओं को कोई रियायत नहीं दी है, वहीं दूसरी ओर, सीडब्ल्यूसी की अपील में गाजा पट्टी पर संकटग्रस्त 23लाख मुस्लिम आबादी की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का उल्लेख किया गया है। वे वर्षों से कठोर इज़रायली कब्जे वाली सेना के अधीन रह रहे हैं।

> छोटी पार्टियां, जैसे रायसर दल और असम जातीय परिषद भाजपा का विरोध करते हैं लेकिन अभी तक व्यापक गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी (आप), जिसने कुछ समय पहले गुवाहाटी नगर निगम चुनावों में एक वार्ड जीतकर असम में अपना कदम रखा था, ने कमल मेधी, जो पहले रायसर दल के नेता थे, को अपने पाले में करने में कामयाब रही है।

इस प्रक्रिया में, श्री मोदी ने किसी भी स्तर पर किसी भी परामर्श के बिना, स्थायी अरब-इजरायल संघर्ष के प्रति भारत की विदेश नीति के पारंपरिक गुटनिरपेक्ष जोर को उलट दिया। कई दिनों बाद 12अक्टूबर को, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने, स्पष्ट रूप से मुस्लिम राष्ट्रों के बड़े समूह पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में सोचते हुए, फिलिस्तीनी संघर्ष के लिए भारत सरकार के पुराने समर्थन की पुष्टि करके मामले को संतुलित किया।

यह प्रधानमंत्री मोदी के पहले एकतरफा इजरायल समर्थक बयान से भाजपा के अस्थायी रूप से पीछे हटने का एक दुर्लभ उदाहरण था, इसका तेजी से टालमटोल वाला कदम निस्संदेह कांग्रेस के शांत रुख से प्रभावित था। सीडब्ल्यूसी द्वारा फिलिस्तीनियों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की भारत की पिछली प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ कांग्रेस की प्रतिक्रिया एक अपेक्षित मार्ग का पालन कर रही है।

ऐसा नहीं है कि चुनाव पूर्व अभियान के वर्तमान चरण के दौरान असम में इस तरह के सूक्ष्म सामरिक बदलावों से बहुत फर्क पड़ता है। श्री शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा विपक्ष पर हमला करने में लगातार अपने केंद्रीय नेतृत्व से भी आगे रहती है।

एक उदाहरण: भाजपा ने पश्चिम एशियाई संघर्ष पर मुस्लिम वोट-बैंक के विचारों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए एक बार फिर कांग्रेस की निंदा की तथा राज्यवर्धन राठौड़ जैसे नेताओं ने एक आरोप लगाया। यह कांग्रेस के बयान को इंगित करने के लिए असम में भाजपा पर छोड़ दिया गया था जो पाकिस्तानी नेताओं द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं से अलग नहीं था।

यह चाल इस मायने में कारगर साबित हुई कि शर्मा के आलोचकों को भी यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि चुनाव पूर्व चरण में कड़वी बहस के स्तर को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाकर, प्रदेश भाजपा ने विपक्ष को एक कोने में धकेल दिया। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने एक प्रभावी उत्तर देते हुए बताया कि कैसे पूर्व भाजपा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कांग्रेस द्वारा तैयार की गई गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को जारी रखा था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र के लिए फिलिस्तीनियों के संघर्ष को भारत के निरंतर समर्थन को रिकॉर्ड में रखा था।

लेकिन असम या अन्य जगहों पर कट्टरपंथी भाजपा नेता श्री गोगोई के तथ्यात्मक रूप से सही जवाब से प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि 'हर कोई जानता है कि वर्तमान भाजपा, दिवंगत वाजपेयी या अब भी एल.के. अडवाणी जैसे नेताओं के प्रति दिखावा करती है'। पश्चिम बंगाल में पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'आडवाणी ने संसद के अंदर और बाहर या आधिकारिक नीति-निर्माण में व्यवहार के बहुलवादी मानदंडों का ईमानदारी से पालन करने वाली अपनी पिछली कार्यशैली को बिना सोचे-समझे त्याग दिया है।' श्री गोगोई इस बारे में शायद ही नासमझ थे।

जहां तक नये इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में बहुचर्चित विपक्षी एकजुटता की बात है, तो असम में बहुत अधिक प्रगति नहीं हुई है। राज्य स्थित टीएमसी ने सुझाव दिया कि कांग्रेस और गैर-भाजपा दलों के साथ सीट समायोजन पर बातचीत शुरू होनी चाहिए, लेकिन इंडिया के घटकों की ओर से कोई हलचल नहीं हुई है, हालांकि वे जानते हैं कि भाजपा चुनावी लड़ाई के लिए तैयार है।

दुर्भाग्य से, प्रदेश कांग्रेस बेहद झगड़ालू गुटों में बंटी हुई है, भूपेन बोरा जैसे वरिष्ठ नेता पार्टी भी अंदरूनी झगड़ों में उलझे हुए हैं। सांसद बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले अल्पसंख्यक-आधारित ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने कांग्रेस के साथ सीट समायोजन पर बातचीत शुरू करने का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस ने अब तक कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

उनके आलोचकों के अनुसार, पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़े मुस्लिम नेता के रूप में उभरने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, अजमल ने हाल के वर्षों में कुछ और प्रभाव खो दिया है। एआईयूडीएफ की किस्मत में गिरावट हाल के चुनावों में पार्टी की हार में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है।

छोटी पार्टियां, जैसे रायसर दल और असम जातीय परिषद भाजपा का विरोध करते हैं लेकिन अभी तक व्यापक गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि आम आदमी पार्टी (आप), जिसने कुछ समय पहले गुवाहाटी नगर निगम चुनावों में एक वार्ड जीतकर असम में अपना कदम रखा था, ने कमल मेधी, जो पहले रायसर दल के नेता थे, को अपने पाले में करने में कामयाब रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के शीर्ष नेताओं के असम अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने के साथ, स्थानीय पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उच्च स्तर के भ्रष्टाचार और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उनका अभियान क्षेत्र में नये, युवा मतदाताओं और नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को पसंद आयेगा।

कांग्रेस नेताओं के एक वर्ग ने कुछ दिन पहले ही एक सार्वजनिक समारोह में अन्य विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का अपने खेमे में शामिल होने के लिए स्वागत करने के विचार का समर्थन किया था। कुछ नेताओं को असम गण परिषद के नेताओं के साथ जुड़ने की उम्मीद थी। यह भाजपा के लिए एक बड़ा झटका होता, जिसकी अगप एक मजबूत सहयोगी है।

दुर्भाग्य से, दूसरी पंक्ति के स्थानीय क्षेत्र के नेताओं को छोड़कर, कुछ अन्य पार्टियों से, कोई भी महत्वपूर्ण या प्रतिष्ठित व्यक्ति कांग्रेस में शामिल नहीं हुआ, जिससे कांग्रेसियों का छुपा हुआ मोहभंग हुआ।

हालांकि, जैसा कि चुनाव पूर्व अभियान जारी है, विपक्षी नेताओं को उम्मीद है कि चुनाव आने तक, आम लोगों के लिए अपने विशिष्ट राजनीतिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं के साथ एक व्यापक भाजपा विरोधी राजनीतिक मंच तैयार हो जायेगा।

## गुरवाणी विचार

### लेखे छोड़ि अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी

बारह माह महिना कार्तिक
कतिकि करम कमावने दोस न काहू जोगु
परमेसर ते भुआिं-विआपन सभै रोग
वेमुख होवे राम ते लगनि जनम विजोग
खिन माई कौड़े होय गये जितड़े माइआ भोग
कीता कछु न होवई-लिखिया-धुर संजोग
वड़भागी मेरा प्रभु मिलै- तां उतरहि सभ वियोग
नानक कौ पभु राख लेहो-मेरे साहिब बंदी मोच
कातिकि होवे साध संग विनसहि सभै सोच।

गुरवाणी की यह पंक्तियां राग मांझ के बारह माह से ली गई है जो गुरुग्रंथ के बारह माह से ली गई है के 135 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को कातिक माह का उदाहरण देकर समझा रहे हैं कि हम जैसे भी कर्म करते हैं। उस किए गए कर्म के हिसाब से हमें प्रभु परमात्मा दंड या इनाम तजवीज करते हैं क्योंकि प्रभु परमात्मा के दरबार में धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त द्वारा रखा जा रहा है तो फिर हम दोष किसे देवेंगे। हमने कर्म किया होगा उसी के हिसाब से हमें दंड या इनाम मिलने वाला है। दंड के रूप में फिर वापिस धरा पर कीड़े मकौड़े की योनि में जनम हो सकता है और इनाम के रूप में प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता है जहां फिर सदा आनंद ही आनंद अनुभूति होती रहेगी। इसीलिए इंसान को चाहिए कि हमेशा प्रभु परमात्मा का सिमरन करते रहे।

परमेश्वर को विसारने पर हर प्रकार की व्याधि हमें आ घेरती है। जहां से हमने प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी से मुंह मोड़ा वहीं से हमें तरह-तरह की व्याधियां आ घेरती हैं। हर प्रकार के सुख-सुविधा के साधन हमें क्षण मात्र में छोड़ देते हैं। इसका दोष हम किसे दें। दोष तो हमारे द्वारा किए गए कर्मों का है। जिसके कारण हमें तरह-तरह के कष्टों का सामना करना पड़ता है। उसका कोई उपचार भी नहीं है जो धुर से लिखा हुआ है, वहीं होना है। गीता द्वारा भी हमें यही बात समझाई गई है। जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा इसीलिए गुरवाणी द्वारा भी हमें समझाया गया है कि-

कदा दोष न देहू काहू दोष करमां आपनिया।
जो किया सो मैं पाया दोष न दीजै अवर जना।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि हमेशा नेक कर्म करना चाहिए। प्रभु भक्ति में मन रमाना चाहिए तभी हमें प्रभु परमात्मा की प्रसन्नता प्राप्त हो सकती है और प्रभु की कृपा दृष्टि प्राप्त हो जाए तो फिर हमें किसी भी प्रकार की फिकर चिन्ता नहीं रह जाएगी। इसीलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से अरदास करते रहना चाहिए।

हे प्रभु, ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर।
सदा सदा तुध धियाई।।

पर हमारे बड़े अच्छे भाग होंगे तभी हमें इस तरह की बुद्धि प्रभु कृपा से प्राप्त हो पाएगी। इसीलिए हर वक्त प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए कि अगर प्रभु परमात्मा हमारे द्वारा गिए गए कर्मों का हिसाब करने लग जाएंगे तो फिर हमें कहीं जगह नहीं मिलेगी।

लेखे छोड़ि अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी।
नानक दास संत पाछे परियो राख लेहो ऐह बारी।।

प्रभु परमात्मा हमारे पर तरस करते हुए हमारे द्वारा किए कर्मों का लेखा-जोखा न करे और हमें अपनी शरण में लेकर अपने चरणों में स्थान दे देवें तभी हमारा मानव जीवन पाकर आना सार्थक हो पाएगा।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### दुर्गम गांव में नेटवर्क भी मुश्किल

कभी कभी ऐसा लगता है कि एक भारत में दो देश बस रहा है। एक वह भारत जो शहरीकरण का रूप है। जहां आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित सभी सुविधाएं मौजूद हैं। जहां जीने की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जहां उन्नत सड़कें, अस्पताल, बच्चों के लिए स्कूल, आवागमन के सभी साधन, बिजली और पानी जैसी ज़रूरत की सभी चीज़ें उपलब्ध हैं। जहां नेटवर्क इतनी तेज़ सुविधा है कि एक क्लिक में आप अपनी मनपसंद की चीज़ें मंगवा सकते हैं। लेकिन इसी भारत का एक दूसरा रूप ग्रामीण क्षेत्र है। जो अपनी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी तरसता है। शहरों से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में फिर भी विकास हुआ है, लेकिन दूर दराज़ के कई ऐसे गांव हैं जहां अन्य सुविधाओं की बात तो दूर, नेटवर्क जैसी सुविधा तक मयस्सर नहीं है। इन इलाकों के लोग जहां अपनों से बात करने के लिए तरस जाते हैं वहीं युवा और छात्र रोज़गार और शिक्षा में पिछड़ रहे हैं।

इस संबंध में 11वीं में पढ़ने वाली गांव की एक छात्रा योगिता कहती हैं कि मुझे अपनी पढ़ाई से संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए इंटरनेट का सहारा लेना पड़ता है। कई बार क्लासें ऑनलाइन भी हो जाती हैं। लेकिन नेटवर्क की कमी के कारण न तो मुझे कोई जानकारी उपलब्ध हो पाती है और न ही मैं अपने विषय में अपडेट रह पाती हूं। कई बार ऑनलाइन क्लास में शामिल होने के लिए मुझे घर से बहुत दूर पहाड़ों पर जाना पड़ता है। यदि गांव में नेटवर्क की पूरी सुविधा होती तो मुझे ऑनलाइन क्लास के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वहीं गांव के एक युवा बताते हैं कि आजकल नौकरी के लिए विज्ञापन से लेकर आवेदन भरने तक सभी चीज़ें ऑनलाइन हो गई हैं। गांव में नेटवर्क की सुविधा नहीं होने के कारण कई बार हमें विज्ञापन के प्रकाशित होने की सूचना तब मिलती है जब उसकी अंतिम तिथि होती है या वह निकल चुकी होती है। युवा आवेदन भरने के लिए शहरों के साइबर कैफे जाते हैं लेकिन हम जैसे आर्थिक रूप से कमज़ोर आवेदकों के लिए बार बार पैसे खर्च करके शहर जाना बहुत मुश्किल होता है।

40 वर्षीय किशन कहते हैं कि मैं पेयजल विभाग में काम करता हूं। पानी से संबंधित लोगों की शिकायतों को दूर करना मेरी ज़िम्मेदारी है। लेकिन गांव में नेटवर्क की समस्या होने के कारण लोग मुझे कॉल नहीं कर पाते हैं। कई बार उनके संदेश मुझ तक पहुंच भी नहीं पाते हैं और उन्हें अकारण ही कई दिनों तक समस्याओं से जूझना पड़ता है। किशन कहते हैं कि दैनिक दिनचर्या में पानी कितना महत्वपूर्ण है, मैं भी समझता हूं, इसलिए सूचना मिलते ही मैं समस्या के निवारण के लिए निकल पड़ता हूं। लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण लोग मुझसे संपर्क नहीं कर पाते हैं तो इसमें मेरा क्या दोष है? वह कहते हैं कि यदि गांव में नेटवर्क की समस्या दूर हो जाए तो गांव वालों की आधी परेशानी ख़त्म हो जायेगी। बहरहाल, सवाल यह उठता है कि आखिर उनके गांव के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? उन लोगों को नेटवर्क जैसी सुविधाओं से भी वंचित क्यों रखा जाता है? उनकी समस्याओं पर स्थानीय प्रशासन या जनप्रतिनिधि गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं देते हैं?

**निशा दानू, कपकोट, उत्तराखंड**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार 16 अक्टूबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

पप्पू लड़की देखने गया-
पप्पू- कितने तक पढ़ी हो?
लड़की- बी.ए.
पप्पू ने मना कर दिया और बोला- दो अक्षर पढ़ी है वो भी उलटे।

# ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

## हादसे के बाद मौके से फरार हुआ ड्राइवर, गांधी चौक के पास की घटना, व्यापारी संघ ने जताया आक्रोश




**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस प्रशासन की नाकामी आज फिर गांधी चौक प्रतिबंधित नो एंट्री क्षेत्र में हाईवे की चपेट आकर एक साइकिल सवार 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। गांधी चौक में साइकिल सवार अपने साइड से ही जा रहा था और सीमेंट से भरी हाईवे ने साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर ही 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के तत्काल लोगों की भीड़ लग गई पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया यहां लोगों की भीड़ लग गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ऋषि गुर्जर देवरीडीह का रहने वाला रहने वाला है और एक निजी अस्पताल में टेक्नीशियन का काम करता है और आज सुबह 11 बजे मंदिर जाने के लिए घर से निकले और गांधी चौक में ही वह कुछ सामान लेने के लिए में साइकिल से जा रहे थे और पीछे से सीमेंट से में भरी हाईवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और अस्पताल जाते तक उन्होंने दम तोड़ दिया। गांधी चौक में जिस हाईवे की चपेट बाद में आकर बुजुर्ग की मौत हुई है यह वाहन साहिल रोड लाइंस बिलासपुर की बताई जा रही है। जिस समय हादसा हुआ यातायात पुलिस का एक जवान वहां मौजूद था घटना के तत्काल बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है घटना के तत्काल बाद हाईवे चालक फरार हो गया है । और पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया है। अभी क महीना पहले ही दयालबंद रोड में शीतला मंदिर के पास बाइक सवार पति-पत्नी को हवा ने कुचल दिया था और एक अधिकारी की मां की मौत हो गई थी। और आज फिर से ब शहर में चुनाव आचार संहिता लगी हुई है सभी चौक चौराहे पर पुलिस बल तैनात है। आज सुबह 11-30 बजे नो एंट्री रोड गांधी चौक में हाईवे चालक ने साइकिल सवार अधेड को चपेट में ले लिया और अगले चक्के में दबने से साइकिल सवार की मौत हो गई। बताया जाता है की देवरी खुर्द का रहने वाला 60 वर्षीय साइकिल से रोजी मजदूरी का काम करने के लिए शहर जा रहा था ।

गांधी चौक व्यापारी संघ ने इसके पहले भी यातायात विभाग को एक पत्र लिखकर गांधी चौक में यातायात सुनिश्चित करने की मांग की थी। गांधी चौक में सड़क के दोनों तरफ नो पार्किंग में वाहन खड़े रहते हैं एक तरफ ऑटो चालक तो दूसरी तरफ बस स्टॉप बना दिया गया है । और यही कारण है कि यहां पर आवागमन अवरुद्ध हो जाता है और आज दिनदहाड़े बड़ी घटना हो गई। गांधी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष नासिर खान तथासचिव रवि लालवानी ने बताया कि पिछले कई सालों से गांधी चौक में यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं। यहां पर वाहनों का आवंगमन तेजी के साथ होता है। और नो पार्किंग में भी वहां लोग खड़ी कर देते हैं । नासिर खान ने मांग की है कि नो एंट्री का सख्ती से पालन किया जाए और बस एवं ऑटो की पार्किंग का स्थान मल्टीपरपज स्कूल के आगे किया जाए एवं चौक में वाहनों के खड़े होने पर रोक लगाया जाए जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं रोकी जा सके।

## संपादकीय

### श्रद्धा के साथ संयम हो नवरात्रि में

*रविवार से नवरात्रि का पर्व प्रारम्भ हो गया जिसका समापन विजयादशमी के साथ होगा। नवरात्रि में दुर्गा देवी के विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। इस दौरान जगह-जगह पर सार्वजनिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना होती है जिनका विसर्जन अंतिम दिन होगा। यही समय नौ रातों को गरबा खेलने का भी होता है जिसके प्रति युवाओं में बड़ा रुझान होता है। इन्हें देखने या उनमें भाग लेने के लिये वे बहुत उत्साह से जाते हैं। यह उत्साह और श्रद्धा का त्यौहार तो है पर इस दौरान अनुशासन व संयम भी बरते जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को शालीनता से मनाने के लिये प्रशासन द्वारा जारी सभी तरह की गाइड लाइनों के पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। यह स्वयं उनकी सुरक्षा के लिये एवं उनके हित में है।*

*छत्तीसगढ़ के लगभग सभी शहरों, कस्बों एवं गांवों में हर साल असंख्य स्थानों पर प्रतिमाएं बैठती हैं जिनका धूमधाम से विसर्जन होता है। साथ ही गरबा का आयोजन भी जगह-जगह पर होता है। दूसरों से अधिक भव्य एवं खर्चीला आयोजन दिखाने के चक्कर में डीजे को लेकर आयोजक एक-दूसरे से स्पर्धा करते हैं। इस प्रक्रिया में ऊंचे वॉल्यूम पर गाना-बजाना करना, डीजे चलाना और देर रात तक गरबा करना भी शामिल होता है। बुजुर्गों, बीमारों, दिल या उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्तियों को इस शोरगुल से बहुत दिक्कत होती है। पशु-पक्षियों को भी ऊंची आवाज में गाने-बजाने से परेशानी होती है। राज्य के सभी जिलों के प्रशासन द्वारा जो गाइड लाइन जारी की गई है उसका पालन करते हुए उत्सव को शालीनता से मनाना चाहिये। इसके अनुसार आयोजन रात 1` बजे तक समाप्त हो जाने चाहिये। उसके बाद लाउड स्पीकरों का उपयोग या सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं किये जा सकेंगे। इन कार्यक्रमों की पूर्वानुमति ज़रूरी है और किसी भी प्रकार के हथियार लेकर आने वाले लोगों की जानकारी आयोजकों को पुलिस में देनी होगी। ऐसे ही, मूर्तियों की अधिकतम ऊंचाई 8 फुट हो, पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हों, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां न हों, पंडाल का अधिकतम क्षेत्रफल 15 गुणा 15 हो, मंदिरों में निर्धारित स्थलों पर ही ज्योत जलाई जाए, छोटे व कम वाट के सिस्टम हों और विसर्जन के लिये छोटे वाहनों का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिये। गरबा में केवल दम्पति और कपल्स को को भागीदारी करने की अनुमति दी गई है। अकेले या समूहों में आने वाले हुड़दंगियों को प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिये। इनके माध्यम से कई बार असामाजिक तत्व प्रवेश कर छेड़छाड़, मारपीट, पाकिटमारी आदि करते हैं। उनके कारण कई बार और भी गम्भीर अपराधों को भी अंजाम दिया जा सकता है। उम्मीद है कि सभी आयोजन समितियां प्रशासन को पूरा सहयोग करते हुए त्यौहार को आनंद एवं श्रद्धा से आयोजित करेंगी।*

## सार-संक्षेप

### मतदान दलों का प्रशिक्षण आज से, बिलासपुर में प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन

**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन किया गया है। बेलतरा एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व में बिलासपुर के ब्रजेश हिन्दी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से अब बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल (लाल बहादुर शास्त्री स्कूल) शनिचरी बाजार एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वामी आत्मानंद मल्टीपर्पस स्कूल दयालबंद में आयोजित होगा। बेलतरा का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक और बिलासपुर का प्रशिक्षण 16 एवं 17 अक्टूबर तक चलेगा। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण प्रशिक्षण सत्र में शामिल होंगें। उन्होंने सभी मतदान दलों को संजीदगी के साथ प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बिल्हा, तखतपुर, मस्तूरी एवं कोटा विधानसभा क्षेत्रों के लिए विकासखण्ड मुख्यालयों में भी 16 से 18 अक्टूबर तकप्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने जरुरतमंद महिला को दी सिलाई मशीन



**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज से मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र शुरू हो रहा है। इन नौ दिनों में भक्ति मां को प्रसन्न करने के लिए उनकी अलग-अलग रूपों की पूजा करेंगे। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने नवरात्र की शुरुआत सेवा आराधना के साथ की है दरअसल आज पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ और उपाध्यक्ष चंचल सलूजा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस लाइन में कार्य करने वाली रितु चौरसिया को सिलाई मशीन देकर उनकी मदद की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, सीएसपी मंजू लता केरकेट्टा, और डीएसपी उदयन बेहार मौजूद रहे। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की फाउंडर पायल लाठ ने जानकारी देते हुए बताया कि, उन्हें जानकारी मिली थी कि रितु चौरसिया पुलिस लाइन में पार्ट टाइम नौकरी का अपना जीवन यापन व्यतीत कर रही है और अकेली मां होने के नाते दो बच्चों का भार भी इनके ही ऊपर है, ऐसे में नवरात्र के पहले दिन पहले एक नए सवेरा फाउंडेशन की टीम द्वारा आगे आकर सेवा भावना का परिचय देते हुए रितु चौरसिया को ऑटोमेटिक सिलाई मशीन प्रदान किया गया है।

### वीरांगना इकाई बिलासपुर ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर किए कई कार्यक्रम आयोजित



**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)।अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वीरांगना इकाई बिलासपुर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये।सर्वप्रथम 11 अक्तूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उ माकन्या शाला सरकंडा में स्वस्थ और शिक्षित बालिकाएँ उन्नत भारत की नींव विषय पर नवीं से बारहवीं तक की सभी बालिकाओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।प्रथम- डिंकी यादव(12 वीं अ)द्वितीय- रीना यादव(12 वीं ब) तृतीय- ईशा मिश्रा (10 वीं अ)तृतीय- रीमा विश्वकर्मा(10 वीं स)सांत्वना- आशिका सराफ़(11वीं स) बच्चों ने दिवस विशेष पर हिन्दी और अंग्रेज़ी में स्लोगन लिखे और पोस्टर बनाया। इस अवसर पर 3700 किलोमीटर की कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल से यात्रा करने वाली कक्षा तीसरी और पाँचवी की नन्ही बालिकाओं से मिलकर उनका सम्मान किया।

# रेल मदद एप से यात्री की समस्यायों का त्वरित निराकरण

## रेलवे ने इस वित्तीय वर्ष में इस एप से 36000 से अधिक मामलों का किया निराकरण

### रेलवे से संबंधित किसी भी सुझाव या मामले के निराकरण के लिए रेल यात्री ले सकते हैं मदद




**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 01 अप्रैल से 14 अक्टूबर तक रेल मदद एप पर प्राप्त रेल यात्रियों के लगभग 36000 समस्याओं/शिकायतों का शत-प्रतिशत त्वरित समाधान निदान किया किया गया । डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते हुए रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिये रेलवे के द्वारा %रेल मदद% नाम से एक एप जारी किया है । रेल मदद एप यात्रियों की शिकायतों को दर्ज कर शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया कराता है । यात्री को इस एप पर रजिस्टेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी भी एसएमएस द्वारा दी जाती है।

पूर्व में रेलवे के द्वारा जितनी भी हेल्पलाईन नंबर इस्तेमाल में थी उन सभी को 'रेल मदद' एप में समाहित की गई है । हेल्पलाईन नंबर 139 पर भी काल करने से 'रेल मदद'द्वारा यात्रियों की समस्याओं का निराकरण किए जा रहे है ।

इस एप्लीकेशन की मुख्य विशेषतायें इस प्रकार हैं। रेल मदद में फोटोग्राफ भेजने की सुविधा है जिससे कि शिकायत की वास्तविक स्थिति का आंकलन जल्द हो जाता है । रेल मदद ऐप शिकायतों की जानकारी को दर्ज कर शिकायत संख्या जारी करता है । रेल मदद ऐप शिकायत की जानकारी को डिवीजन के फील्ड अधिकारियों को उपलब्ध कराता है । शिकायत के समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी एस एम एस के माध्यम से शिकायतकर्ता को पहुँचाता है । रेल मदद ऐप विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं (जैसे, सुरक्षा, बाल सहायता सेवा इत्यादि) के नंबर बताता है । यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान रेलवे से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं /शिकायतों के निदान के लिए रेलवे द्वारा जारी किए गए इस एप का अधिक से अधिक उपयोग करें ।

## 5 दिवसीय बैंकिग जल्द शुरू

**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया पीएनबी ऑफिसर्स एसोसियेशन के महासचिव कॉमरेड दिलीप शाहा ने बताया कि बहुप्रतीक्षित 5 दिवसीय पर यूएफबीयू व आईबीए के बीच सहमति हो गई हैं। आईबीए ने सरकार की अनुमति हेतु भेजा हैं। उनकी अनुमति मिलते ही यह बैंकिग इंडस्ट्री में लागू हो जाएगा।उन्होंने बताया कि पांच दिनों की बैंकिंग में बैंकिंग कार्यावधि 40 मिनिट बढ़ाई जाएगी। बैंक सुबह 10 मिनिट पहले खुलेंगे तथा शाम को 30 मिनिट देरी से बंद होंगे। ज्ञात हो कि दिलीप शाहा आज रायपुर में छत्तीसगढ़ के बैंक अधिकारियों की सामान्य सभा को सम्बोधित करने आये थे ।

# शांता फाउंडेशन ने कुष्ठ रोगियों को मंदिरों का कराया दर्शन



**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा बिलासपुर न्यायधानी स्थित ब्रम्हविहार में निवास करने वाले कुष्ठ रोगियों को माँ महामाया मंदिर रतनपुर, भैरव बाबा मंदिर एवं गिरजाबंध हनुमान मंदिर का दर्शन कराया साथ ही साथ उनके भोजन की भी व्यवस्था की गई।

कुष्ठ रोगियों ने माँ महामाया देवी दर्शन कर हर्ष व्यक्त करते हुए शांता फाउंडेशन परिवार को हमेशा की तरह खुशी जाहिर करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। न्यायधानी बिलासपुर स्थित शांता फाउंडेशन सामाजिक संस्था, ब्रम्हविहार बिलासपुर में कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों का सहारा बना हुआ है। शांता फाउंडेशन विगत कई वर्षों से ब्रम्हविहार में निवास करने वाले कुष्ठ रोगियों को रतनपुर महामाया मंदिर दर्शन कराने के लिए वहां के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था करते हुए हमेशा लेकर आते हैं।शांता फाउंडेशन के द्वारा नवरात्रि के नौ दिन विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम को पूर्ण करने का उद्देश्य बनाया है। इसमें आज रविवार दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ महामाया दर्शन कराया गया। शांता फाउंडेशन हमेशा से जरूरतमंदों की सहायता कर रही है। झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे कुष्ठ रोगियों के कष्ट को समझ कर उनको सहायता एवं सहयोग प्रदान करना शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी अपना मूल कर्तव्य समझते है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के संस्थापक गेमनानी ने कहा कि शांता फाउंडेशन ब्रम्हविहार में रहने वाले कुष्ठ रोगियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो,इसके लिए हमेशा से मॉनिटरिंग करते रहते हैं,साथ ही उनकी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास भी किया जाता है। जरूरत के हिसाब से यथासंभव प्रयास करना हमारा मूल कर्तव्य है और हम कार्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुपाली पाण्डेय,डी विनीता रॉव,जसमीत टुटेजा,डी निहारिका रॉव,शुभम पाण्डेय,शुभम श्रीवास,शोभा खांडे,दानेश्वर राजपूत उपस्थित रहे।

## चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिला कि नयापारा सिरगिट्टी संतोषी मंदिर के पास एक व्यक्ति हाथ मे बटनदार चाकू रखकर मुख्यमार्ग मे घूम रहा है ।सूचना पर थाना प्रभारी सिरगिट्टी द्वारा तत्काल पेट्रोलिग के माध्यम से नयापारा सिरगिट्टी संतोषी मंदिर के पास पहुँचकर घेराबंदी किया गया। जहॉ एक व्यक्ति अपने हाथ मे बटनदार चाकू रखा हुआ था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे लोगो की सहायता से पकडकर नाम पूछने पर अपना नाम आकाश निर्मलकर पिता मेलाराम निर्मलकर उम्र 23 वर्ष निवासी नयापारा संतोषी मंदिर के सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर का होना बताया। आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत् विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना से परिजन को अवगत कराकर वैधानिक कार्यवाही की गयी है। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरगिटटी निरीक्षक नवीन कुमार देवांगन, प्र.आर. 678 चिरंजीवी राठौर आरक्षक पवन बंजारे व बृजनंदन साहू की अहम भूमिका रही।

# छात्रों का कौशल विकास हमारी प्राथमिकता- प्रो. चक्रवाल

## सीयू के विद्यार्थियों ने खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत बनाई ब्रेड




**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा विभिन्न अवसरों पर विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं स्वावलंबन हेतु प्रेरित करते हैं। जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों के द्वारा ब्रेड का निर्माण करना इसी का सकारात्मक परिणाम है। अंतरविषयक शिक्षा एवं शोध विद्यापीठ के अतंर्गत जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाये जा रहे खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रायोगिक तौर पर ब्रेड का उत्पादन प्रारंभ किया गया है।

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन आज प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल को जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा तैयार ब्रेड भेंट की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि स्वावलंबी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्रों के कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्वालंबी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रारंभ किया गया यह प्रयास अन्य विभागों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। ब्रेड उत्पादन तथा कुलपति को प्रथम उत्पाद को भेंट किये जाने के अवसर पर कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव तथा अंतरविषयक शिक्षा एवं शोध विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. राजेन्द्र कुमार मेहता सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। ब्रेड उत्पादन के कार्य को विद्यार्थी जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरित झा के मार्गदर्शन में संपादित कर रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर इसमें 50 विद्यार्थी शामिल है जो ब्रेड का निर्माण कर रहे हैं। भविष्य में खाद्य प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के अंतर्गत बेकरी के अन्य उत्पादों का भी निर्माण किये जाने की योजना है।

## पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमला करने वाले एक नाबालिक सहित दो आरोपी मस्तुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मस्तूरी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राकेश कुमार निर्णेजक उम्र 28 वर्ष निवासी राठौर मोहल्ला मस्तुरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि बलमजीत सिंह अपने भाई एवम अपने अन्य 3-4 साथी के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ झापड़ व लात से मारपीट किया और बलमजीत सिंह अनंत ने वहीं पर पड़े पत्थर को उठाकर प्रार्थी के सर व आंख के पास मार दिया। जिससे प्रार्थी के आंख के ऊपर चोट आई।प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान प्रार्थी की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 307 भादवि जोड़ी गई है। प्रकरण में आरोपीगण से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किए हैं।

प्रकरण में आरोपी बलमजीत सिंह अनन्त से घटना में प्रयुक्त पत्थर के टुकड़ा को पेश करने पर समक्ष गवाहन के मुताबिक जप्तीपत्रक के जप्त किया गया है।आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध धारा सदर का अपराध सबूत पाए जाने पर दोनों को विधिवत आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश एवम उनकी संलिप्तता के संबंध में विवेचना की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर बंगला में निकला बेलिया करैत, डिब्बे से उछल के बाहर आ गया



**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में लगातार सांप निकलने की घटना आम है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लगातार सांप निकलने की जानकारी सामने आते रहती है। शनिवा रात कलेक्टर बंगला में एक सांप निकलने से हडकंप मच गया, शाम 7.30 बजे के आसपास कलेक्टर बंगला के परिसर में एक सांप दिखाई दिया जिस पर सुरक्षा में तैनात सिपाहियों की नजर पड़ गई। सर्प के शरीर में धारियां होने के कारण जहरीला सांप होना प्रतीत हुआ, जिसकी जानकारी बिना देरी किए वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया। थोड़ी देर पश्चात बंगले में पहुंच कर सांप का सफल रेस्क्यू किया गया। जितेंद्र सारथी ने बताया यह बेलिया करैत हैं जो कि जहरीला नहीं होता पर लोग करैत समझ कर डर जाते हैं और मार देते हैं। जैसे ही सारथी ने काले रंग के डिब्बे में सर्प को डाला, वह उछल कर बाहर आ गया तब सिपाहियों ने दूसरा बोतल दिया जिसमें बड़ी आसानी से अंदर चला गया। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र सारथी ने बताया यह बेलिया करैत साप हैं, आम जनों को लगता हैं यह सांप बेहद जहरीला है जबकि यह जहरीला नहीं हैं और न ही इसके काटने पर किसी की मृत्यु होगी।

### रेल कर्मियों व आश्रितों ने मांगा सुगम वैकल्पिक सड़क मार्ग

**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यू रेलवे कालोनी में निवासरत रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों ने रेलवे स्टेशन आने-जाने हेतु सुगम वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। आवागमन की यह समस्या कोरबा रेलवे स्टेशन के वेस्ट इंड के समपार फाटक को स्थायी रूप से बंद कर देने के कारण उत्पन्न हुई है। इस फाटक से होकर कालोनी में निवासरत रेल कर्मचारी एवं आश्रित आना-जाना करते थे। यह समपार फाटक बहुत कम समय के लिये खुलता है तथा उस दौरान बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन होने से बच्चों, बुजुर्गों व निश्शक्तजनों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फाटक बंद कर दिए जाने से स्टेशन आने-जाने के लिए 6-7 किमी अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। रास्ते में दो समपार फाटक भी आते हैं जिनके खुलने का कोई निश्चित समय नहीं रहता। इस कारण कई बार रेल कर्मियों का निश्चित समय पर कार्यस्थल पर पहुंचना संभव नहीं हो पाता, खासकर रनिंग कर्मचारी जिन्हें साईन ऑन सही समय पर करना अनिवार्य रहता है।

रेलवे स्टेशन के अलावा सीतामणी क्षेत्र तथा पुराना बस स्टेशन आदि स्थानों के लिए आवागमन की परेशानी होती है। सीतामणी क्षेत्र में 4-5 विद्यालय हैं जहां रेल कर्मियों के बच्चे अध्ययनरत हैं जिन्हें स्कूल जाने के लिए घूम कर दूरी तय करना पड़ता है और काफी समय पहले घर से निकलने की मजबूरी होती है। बताया गया कि रेलवे हॉस्पिटल भी न्यू रेलवे कालोनी के विपरीत दिशा में स्थित है। आपातकाल में उचित पहुंच मार्ग नहीं होने से बीमार को ले जाने काफी समस्या होती है। इसी तरह विद्युत सामान्य विभाग एवं आईओडब्ल्यू (कार्य) के कर्मचारियों को मकान में मरम्मत कार्य हेतु सीढ़ी व अन्य भारी सामान लेकर आने-जाने में भी उचित मार्ग नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना बना रहती है। इन सभी कारणों से न्यू रेलवे कालोनी में निवासरत लोगों ने सुगम सड़क मार्ग की आवश्यकता से अपने सक्षम अधिकारियों को अवगत कराते हुए निराकरण का आग्रह किया है।

### केराकछार, मदनपुर और सरडीह, बगधरीडांड के मतदाताओं ने लिया मतदान का संकल्प

**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार व स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के निर्देशन में मतदाता जागरूकता टीम ग्राम केराकछार सहित आश्रित ग्राम दरगा, सरडीह मदनपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन गांवों में मतदाताओं ने कुछ दिन पहले मतदान बहिष्कार करने की बात कही गई थी, जिसे लेकर मतदाता जागरूकता टीम प्रभारी अनिल रात्रे ने अपने टीम के साथ सभी मतदाताओं से रूबरू होते हुए शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। लोगों के बीच मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एक एक वोट का महत्व को समझाया गया। जिससे बिना भय, लोभ व प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करने की बात कही। हम इस बार की निर्वाचन में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते हुए सभी लोग मतदान करेंगे।

केराकछार के मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन में निष्पक्ष वोट देकर पक्की सड़क बनवाएंगे। साथ ही सभी योजनाएं का लाभ लेंगे। मदनपुर की महिला मतदाताओं ने शपथ लेकर संकल्प किया कि हम खुद भी वोट देने के साथ सभी को वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। सबके घर-घर जाकर अवश्य वोट देने जागरूक करेंगे। इस वर्ष 18 साल पूरा करने वाले लड़के, लड़कियों व नई बहुओं का भी नया वोटर कार्ड बनाया गया है जो पहली बार वोट डालने उत्साहित हैं।

### छत्तीसगढ़िया पार्टी ने जारी किए प्रत्याशियों के नाम

कोरबा, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए विभिन्न दलों के द्वारा अपने-अपने प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़िया पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवराज साहू ने प्रत्याशियों की प्रथम सूची जारी करते हुए 20 विधानसभा के लिए नाम घोषित किए हैं। इनमें कोरबा विधानसभा से मदन लाल चन्द्रा, कटघोरा विधानसभा से जयपाल सिंह कंवर, रामपुर विधानसभा से अमृत केरकेट्टा तथा पाली-तानाखार विधानसभा से देवराज मरकाम को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

### डॉ.कलाम जयंती व राष्ट्रीय अखबार वितरक दिवस मनाया गया

कोरबा, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा ने बताया कि अंतरिक्ष वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जयंती व राष्ट्रीय अखबार वितरक दिवस कोरबा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा मनाया गया। कोरबा जिला अध्यक्ष विपेन्द्र साहू के नेतृत्व में टीपी नगर, बांकी मोगरा में दिवाकरें, जमनीपाली दीपक साहू कटघोरा में कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में तथा जांजगीर, बलरामपुर आदि जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. कलाम की जयंती व राष्ट्रीय अखबार वितरक दिवस मनाया गया। टीपी नगर सेंटर से जय कुमार, रामा, राजकुमार पटेल, लक्ष्मी राठौर, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राय सिंह, कृष्ण, दिनेश वैष्णव, चंद्रपाल विल्सन आदि उपस्थित थे।


### रामलाल राठौर का निधन

**कोरबा-बालकोनगर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। बालको से सेवानिवृत संजय नगर निवासी रामलाल राठौर उम्र 73 वर्ष का निधन रविवार सुबह हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री राठौर संतोष, अरुण, लोकेश्वर राठौर के पिता थे। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सेक्टर- 2, काली मंदिर के पीछे दोंदरो रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्थानीय समेत विभिन्न समाज के लोगों ने स्वर्गीय रामलाल राठौर के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# घट स्थापना के साथ प्रज्जवलित हुए ज्योतिकलश

# शक्ति की भक्ति में लीन ऊर्जाधानी





**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्वांर शुक्ल प्रतिपदा के साथ शारदीय नवरात्र का पर्व रविवार से प्रारंभ हुआ। शुभ मुहुर्त में घट स्थापना के साथ मां सर्वमंगला देवी के दरबार सहित मंदिरों में सर्वमनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किए गए। मंदिरों में पहले दिन दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और यह सिलसिला 9 दिनों तक जारी रहेगा। इसी तरह जिले भर में सुसज्जित पंडालों में स्थापित प्रतिमाएं आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

नवरात्रि के प्रथम दिन मां के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना से लोगों ने अपने दिन की शुरुआत की। घरों से लेकर मंदिरों में मां की भक्ति शुरू हो गई है। प्रसिद्ध मां सर्वमंगला मंदिर सहित मड़वारानी, कोसगाई, चैतुरगढ़, अष्टभुजी, भवानी मंदिर, कंकालिन दाई दादरखुर्द, मुड़ादाई मंदिर मुड़ापार सहित अन्य देवी स्थलों में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए गए हैं। शहर के प्रसिद्ध सर्वमंगला देवी मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जाते हैं। इस वर्ष 10 हजार तैल्य एवं 1 हजार घृत ज्योति कलशों के साथ जवारा कलश भी प्रज्जवलित कराए गए हैं। मां के भक्त सात समुंदर पार से भी कामना करते हैं और विदेशों से भी ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये गए हैं।

**देवी मंदिरों में जगमगाए हजारों सर्वमनोकामना ज्योतिकलश**

कोरबा-दर्री मार्ग में स्थित भवानी मंदिर में पीतल के कलश में प्रज्जवलित ज्योति कलश श्रद्धा व आकर्षण का केंद्र है। चंडी यज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष किया जाता है। शहरी क्षेत्र के अलावा सुदूर अंचलों के देवी मंदिरों में भी नवरात्रि धूमधाम से प्रारंभ हो चुकी है। कोसगाई दाई के पहाड़ ऊपर स्थित मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है। सप्तमी व नवमी तिथि की पूजा में शामिल होने वाले भक्तों की खासी भीड़ रहेगी। चैतुरगढ़ स्थित महिषासुर मर्दिनी मंदिर में भी जवारा कलश प्रज्जवलित किया गया है। देवी मंदिर में आगामी नौ दिन तक सुबह से रात तक चहल-पहल बनी रहेगी। मंदिरों के अलावा मंदिरों के अलावा शहर के सीतामणी, पुराना बस स्टैण्ड, श्रीराम दरबार डीडीएम रोड, टैगोर उद्यान टीपी नगर, बंगाली चॉल, रविशंकर शुक्ल नगर, ओल्ड दुर्गा पंडाल एसईसीएल, एमपी नगर, आरपी नगर, आरपी नगर फेस वन, फेस टू, मुड़ापार, बुधवारी,कोसाबाड़ी, सीएसईबी कॉलोनी में देवी प्रतिमा की स्थापना के लिए पंडाल निर्माण किया गया है। आकर्षक और विद्युत आधारित साज-सज्जा से आयोजन स्थलों को सुसज्जित किया गया है। मंदिर में जसगीत, माता सेवा के साथ जगराता आयोजन की धूम मची है। शहरी क्षेत्र के अलावा उपनगरीय क्षेत्र दीपका, बांकीमोंगरा, पाली, चैतमा, कटघोरा, छुरी, करतला, बरपाली, पसान, तुमान, हरदीबाजार, जमनीपाली, बालको के देवी मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्जवलित किए गए हैं।

### 17 बंदी रख रहे नवरात्र का व्रत

जिला जेल कोरबा में 17 बंदी भी नवरात्र का व्रत रख रहे हैं। इसके लिए चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात 17 बंदियों को अनुमति दी गई है। जेल प्रबंधन की ओर से व्रत रखने वाले बंदियों के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। उन्हें पूजा-आराधना के लिए सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही साबूदाना व फलाहार सामाग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जेलर विजयानन्द सिंह ने बताया कि 3 महिला व 13 पुरुष बंदियों के द्वारा नवरात्रि का व्रत रखा जा रहा हे। इनके द्वारा सुबह-शाम मां दुर्गा की पूजा व आरती के लिए आवश्यक सामाग्रियां पुस्तक आदि उपलब्ध कराये गये हैं। नवरात्रि का व्रत एवं पूजा-आराधना से जिला जेल का वातावरण भक्तिमय है। जिला जेल में बंदी पूरे 9 दिनों तक माता रानी का व्रत रखेंगे। नवरात्र के अंतिम दिन हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कन्या भोज के निमित्त सामग्री मंदिर में चढ़ाया जाएगा। तत्पश्चात सभी बंदियों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।




### मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य - कलेक्टर

**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 17 नवंबर को मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है।

उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। उन्होंने



कहा कि जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। अपने जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

## घर में घुसकर गुंडों ने की मारपीट व चाकूबाजी, जुर्म दर्ज



**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटघोरा नगर में रविवार तड़के करीब 5 बजे कटघोरा-अम्बिकापुर मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने एक परिवार के मकान में घुसकर मारपीट व चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना में एक ही परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम सुतर्रा निवासी संतोष कुमार जायसवाल ने कटघोरा-अम्बिकापुर मार्ग पर गोमती पेट्रोल पंप के समीप अपना घर बनवाया है। पांच माह पूर्व ही वे इस घर में सपरिवार प्रवेश किये हैं। संतोष जायसवाल का छोटा भाई राम प्रताप जायसवाल सुतर्रा में निवासरत है। राम प्रताप अपने बड़े भाई संतोष जायसवाल के कटघोरा वाले घर पर आधिपत्य स्थापित करने दबाव बना रहा है। संतोष जायसवाल द्वारा राम प्रताप के खिलाफ कटघोरा थाना में शिकायत की गई है जिस पर जांच की जा रही है। इस बीच आज सुबह बाहर के गुंडों को बुलाकर संतोष जायसवाल के घर पर घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट को अंजाम दिया गया। संतोष जायसवाल के छोटे बेटे शिवम जायसवाल पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पत्नी व बेटी के साथ भी मारपीट की गई जिसमें दोनों भी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को लगते ही वहां पहुंचे तो गुंडे भाग निकले और राम प्रताप जायसवाल व उसके परिवार ने संतोष जायसवाल व परिवार को घर से बेदखल कर घर पर कब्जा कर लिया। इस घटना की सूचना कटघोरा थाना को मिलते ही डायल 112 की टीम व कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष का बयान लेते हुए पुलिस ने राम प्रताप जायसवाल के खिलाफ धारा 147, 149, 294, 506, 323 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## निर्माण कार्य में लापरवाही से पानी के लिए भटक रहे वार्डवासी

**कोरबा-बांकीमोंगरा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के बांकीमोंगरा के वार्ड क्र. 67 के गजरा बस्ती क्षेत्र में नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण गजरा क्षेत्र में निगम की पानी सप्लाई वाली पाइप को खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस वजह से पानी सप्लाई बीते 3-4 दिनों से बाधित हैं। वार्ड वासियों के द्वारा पार्षद सहित निगम कर्मियों को इस बारे में बताया गया लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस समस्या से कोई राहत नहीं मिल सकी है। बताया गया है कि गजरा बस्ती रोड किनारे में नाली निर्माण के लिए खुदाई कर रोड पर ही मलबे को किनारे में फेंक दिया गया है जिससे राहगीर सहित वार्डवासियों को भी आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव की वज़ह से राज्य में अचार संहिता लागू है और नेतागण अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं ऐसे में इस निर्माण कार्य की वजह से उस क्षेत्र में पानी व मलबा की समस्या को लेकर भी असर पड़ सकता हैं। एंसी जानकारी देते हुये वार्ड वासियों ने बताया कि अचार संहिता लगने के बाद से अचानक नाली निर्माण की रफ्तार बढ़ गई है जिसका कारण समझ से परे हैं।

## केंद्र की योजनाओं पर जनता के विकास को फोकस कर चुनाव लड़ रहे हैं-उरांव

### भाजपा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उरांव ने ली पत्रवार्ता

**कोरबा,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पांच वर्षों में जनता को ठगने का ही काम किया है। इस बार सभी ने इसे बदलने का मन बना लिया है। कोरबा की चारों विधानसभा सीट में हमारी जीत होगी, निश्चित ही बदलाव होगा। केन्द्र सरकार की योजनाओं पर जनता के विकास को फोकस कर हम चुनाव लड़ रहे हैं।



यह बातें झारखंड से राज्यसभा के सांसद व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कोरबा प्रवास के दौरान टीपी नगर स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता आहूत कर कही। श्री उरांव ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने कोरबा जिला की चारों सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। चुनाव तक उनके साथ रहकर कोरबा की चारों सीट पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा। केंद्र की योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों और कांग्रेस की नाकामियों को जनता के बीच लेकर जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई हैं, जिस पर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने कुंडली मारने का काम किया है। पत्रवार्ता में प्रत्याशी ननकीराम कंवर,लखन लाल देवांगन, रामदयाल उइके, प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लांबा व अशोक चावलानी, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

मोदी सरकार ने किया काम

यात्री ट्रेनों के लगातार रद्द रहने को लेकर कहा कि रेल्वे इंफ्रास्ट्रक्चर का काम केन्द्र की मोदी शासन में त्वरित हुआ है, इसके लिए 6 हजार करोड़ का फंड दिया गया है। इससे पहले इतना फंड कभी नहीं दिया गया। आदिवासी मुख्यमंत्री के सवाल पर कहा कि पार्टी कमेटी जो सार्वजनिक निर्णय लेगी उसकी आधार पर निर्णय लिया जाता है। केंद्र सरकार ने विकास कार्यों को गति दी है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ के विकास को गति देनी होगी। चारों प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के लिए मैं चुनाव तक कोरबा में ही रहूंगा। अगर किसी को नाराजगी है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा कि कोरबा भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है।

### हमें जीतना है इसलिए महिलाओं को टिकट नहीं

पत्र वार्ता में राज्यसभा सांसद श्री उरांव से जब पूछा गया कि कोरबा जिले में एक भी महिला दावेदार को टिकट नहीं दिया गया है, तब उन्होंने कहा कि हमें चुनाव जीतना है। जिन्हें टिकट दिया गया है, वे जिताऊ चेहरा हैं। क्या महिला प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सकती, इस सवाल का जवाब संभालते हुए प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती रही है और पूरे छत्तीसगढ़ में बहनों को हमने सबसे ज्यादा टिकट दिया है।

## तिरछी नज़र

■ राजेन्द्र जायसवाल

### नवरात्रि पर राजनीति हावी

लोकतंत्र के त्यौहार के बीच आस्था का पर्व नवरात्रि भी पड़ गया है। आचार संहिता लागू होने से नेतागण आस्था के दरबार में समर्थन और वोट की मांग भी नहीं कर सकते लेकिन मंदिरों और पूजा-पंडालों में प्रत्याशियों/समर्थकों की आवाजाही शुरु हो गई है। दुर्गा पूजा उत्सव आयोजन समितियां इनसे बची नहीं है और आयोजनों में सहयोग ही सही, इसी बहाने नवरात्रि पर राजनीति हावी है।

### जिताऊ और टिकाऊ

जिताऊ और टिकाऊ के फार्मूले पर कोरबा से जयसिंह अग्रवाल को टिकट मिल गई। पुरूषोत्तम कंवर, दुलेश्वरी सिदार, फूलसिंह राठिया कतार में हैं। कांग्रेस तो जिताऊ और टिकाऊ पर दांव लगा रही है लेकिन परिणाम के बाद ही पता लग पाएगा कि इनमें से जिताऊ और टिकाऊ कौन-कौन हैं?

### पट्टा पर पेंच फंसा

ऐन चुनावी मौसम में पट्टा बांट कर वाहवाही लूट रही कांग्रेस के लिए नियम व शर्तों की कण्डिकाओं ने पेंच फंसा दिया है। 6 वर्गफीट का पट्टा देकर बाकी काबिज जमीन के लिए बाजार मूल्य, नियमितीकरण व कई तरह की नीति-निर्देश ने वाहवाही को निराशा में बदल दिया है।

### ओबीसी की नाराजगी

कोरबा लोकसभा के आठ विधानसभा में कांग्रेस की सूची को लेकर आ रही अंदरुनी खबरों में एक भी नाम ओबीसी से नहीं होना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है जबकि भाजपा ने कोरबा जिले में 2 और बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ जिले में 2 कुल 4 ओबीसी चेहरों पर दांव आजमाया है।

### चालू है भेंट-मुलाकात

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी सामाजिक संगठनों सहित आम संगठनों से भेंट-मुलाकात बकायदा चालू है। शॉल-श्रीफल से स्वागत के साथ-साथ उपहार भी पेश किया जा रहा है वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी की नजरों से इस तरह के आयोजन कब तक बचते रहेंगे, देखना होगा।

### प्रवासी नेताओं से परेशान लखन

प्रवासी नेता जब भी चुनावी क्षेत्र में जान फूंकने कोरबा आते हैं, कोरबा प्रत्याशी लखन के लिए कोई न कोई कारण से मुसीबत बनते जाते हैं। इस बार झारखण्ड के राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने महिलाओं को टिकट नहीं देने के मामले में अलग ही जवाब प्रस्तुत कर परेशानी में डाल दिया है।

### कांग्रेस और भाजपा के लिमिटेड चेहरे

कोरबा विधानसभा में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद दोनों ही दल के वही लिमिटेड चेहरे प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। दोनों ही दल में टिकट मांगने वाले नजर नहीं आ रहे हैं बल्कि प्रत्याशियों के नाते-रिश्तेदारों व व्यवसाय में साथ देने वाले कमान संभाले हुए हैं।

### पैनल में पहुंचे तो सही...

कोरबा विधानसभा की हाइप्रोफाईल सीट के लिए कांग्रेस में जयसिंह के अलावा दो नाम बंटी शर्मा व सुरेश पटेल का नाम जोड़कर जिला कांग्रेस ने सूची बकायदा दिल्ली तक भेजा और टिकट पाने में जयसिंह कामयाब हुए। पैनल में शामिल बंटी और सुरेश इस बात से संतुष्ट हैं कि दिल्ली तक उनके नाम पर चर्चा तो होती रही।

### अफवाह यह भी

अब यह अफवाह कौन फैला रहा है कि रामपुर से फूलसिंह का नाम अंतिम सूची में शामिल होने से रज्जाक अली कोरबा से चुनाव लड़ने का विचार त्याग कर रामपुर से चुनावी गणित अपने प्रत्याशी के लिए लगाने वाले हैं।

### एक सवाल आपसे

राजनीति में खास दखल रखने वाले बोधराम तो सफल होते दिख रहे हैं लेकिन श्यामलाल कंवर क्या अपना उत्तराधिकारी मैदान में उतार सकेंगे?

## सार-संक्षेप

### भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह ने शुरू किया जनसंपर्क



**मनेन्द्रगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा भरतपुर सोनहत से भाजपा की प्रत्याशी रेणुका सिंह को पार्टी ने प्रबल दावेदार मानते हुए टिकट दिया है, विधानसभा भरतपुर सोनहत की ज़िम्मेदारी दी है, जहां एक तरफ़ रेणुका सिंह भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति केंद्रीय मंत्री हैं वहीं दूसरी तरफ़, पार्टी ने विधानसभा भरतपुर सोनहत का कमान भी अब उनके हाथों में सौंप दिया है, जो कि एक बड़ा नाम है।

रेणुका सिंह के द्वारा सोनहत के पहाड़पारा मे जो कि उनका माइके है, उनका बचपन यहां से गुज़रा है, जहां रेणुका सिंह ने अपने मायके से आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ मे प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर के उम्मीदवार भैयालाल् राजवाड़े एवं कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल के साथ सोनहत क्षेत्र में जनसंपर्क किया, सोनहत में स्थित महामाया मंदिर में नवरात्र के पहले दिन माता रानी का आशिर्वाद लेते हुए लोगों से मिलीं, जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उमड़ी भीड़ ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं, सोनहत में दौरा संपन्न कर नवरात्रि के पहले दिन से रेणुका सिंह के जन संपर्क दौरों का शुभारंभ भी हो गया है,अपनी प्रबल एवं मजबूत दावेदारी पेश करती रेणुका सिंह इस चुनाव में किस तरह लोगों के दिल में जगह बनाएंगी और इस चुनाव में कितनी सफल होंगी यह तो आगे देखने की बात होगी।

### खंड शिक्षा अधिकारी नवनियुक्त शिक्षकों से कर रहा उगाही

**मनेंद्रगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा खुले आम नव नियुक्त शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है सबसे पहले नव नियुक्त शिक्षकों से कार्यभार ग्रहण करवाने के नाम पर सभी शिक्षकों से पैसा लिया गया उसके बाद बैंक खाता खुलवाने के लिये दबाव डालकर एक बैंक से सांठ गांठ कर कमीशन लेकर जबरन खाता खुलवाया गया इतने से ही पेट नही भरा तो कार्मिक संपदा भरवाने के नाम पर सीधे सादे शिक्षकों से 2000 हजार रुपये पुन: लिये गये. उक्त आरोप लगाते हुये पवन दुबे जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ एम्सीबी ने कहा कि जब इसकी सूचना उन्हें मिली तो उनके द्वारा बी ई ओ ग्रुप में इस बात का उल्लेख करते हुए मेसैज डाला तो विकास खड़ शिक्षा अधिकारी द्वारा मेरे डाले गये मेसैज को डिलीट फार एवरिवन करते हुये पूरे ग्रुप को ओन्ली एडमिन कर दिया गया. जिससे यह प्रतीत होता हैं कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने गलतियों को छुपाने के लिये अब लोगो के मेसैज को डिलीट कर वही लिखवाएंगे जो उनके चरण वंदना को प्रदर्शित करे.अगर कोई व्यक्ति अपने अधिकारों की बात करेगा तो उसके ऊपर कार्यवाही भी करेंगे और उसको कुचल देंगे. श्री दुबे ने समस्त शिक्षकों से अपील करते हुये कहा है कि आप सभी लोग उक्त ग्रुप से लेफ्ट हो जाएँ.वो ग्रुप केवल साहब के राजनीतिक आखाडा का ग्रुप हैं. साहब अपने चाटूकारों से अपनी जी हजूरी करवा के सभी को भर्मित कर रहे हैं सभी शिक्षक साथी ध्यान दे मनेंद्रगढ़ में कई अधिकारी आये और गये.और जो उड़ा हैं वो निचे गिरा है सभी को भूतपूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी की कहानी ज्ञात ही होगी. मैं इनके हठधर्मिता पूर्ण किये गये कार्यों की निंदा करता हूं एव इनकी स्कूल शिक्षा सचिव के पास लिखित शिकायत की जायेगी.

### मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 17 से

**बलरामपुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर श्री भागवत जायसवाल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम रेण्डमाइजेशन के पश्चात् मतदान दलों( पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी-1, 2, 3) का प्रथम प्रशिक्षण 17 एवं 18 अक्टूबर 2023 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय तथा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती रूचि शर्मा होंगे तथा जिला स्तर से प्रशिक्षित हुए 70 मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण हेतु मतदान दलों को सूचना जारी की जा चुकी है, वे अपने संबंधित कार्यालय से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशिक्षण में मतदान दलों को मतदान से पूर्व, मतदान दिवस तथा मतदान के पश्चात् एवं इव्हीएम से संबंधित विभिन्न जानकारी व सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। इन कक्षाओं में सेक्टर अधिकारियों को भी उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है तथा माइक्रो आब्जर्वर के साथ-साथ चुनिंदा मतदान केदो में लगाए जाने वाले महिला दलों का भी प्रशिक्षण प्रस्तावित किया गया है। इस प्रशिक्षण के पश्चात् मतदान दलों का गठन किया जाना है। इस दौरान विभिन्न स्तर के राजस्व अधिकारी भी उपस्थित रहकर उपरोक्त प्रशिक्षण के गुणवत्ता की जांच करेंगे।

### चोपड़ापारा में चैतन्य देवियों की झाँकी



**अम्बिकापुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चोपड़ापारा में चैतन्य देवियों की झाँकी का आयोजन किया जा रहा है। ध्वनि और प्रकाश से सुसज्जित चैतन्य देवियों की झाँकी 16 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक नगरवासियों के दर्शनार्थ रहेगी।

झांकी का मुख्य उद्देश्य राजयोग द्वारा जीवन के अनेक महत्वपूर्ण रहस्यों जैसे- जीवन में एकाग्रता, सुख, शांति प्राप्त करने की सहज विधि को स्पष्ट करना है। सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी ने बताया कि नवरात्रि अर्थात् अपने अंदर की बुराईयों रूपी आसुरी प्रवृति को छोड़, नये संकल्प के साथ, नई शुरूआत के साथ जीवन में दिव्यता- पवित्रता का आह्वन कर, अपनी शक्तियों को जागृत करना ही सच्ची नवरात्रि मनाना है। साथ ही साथ आगे उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर 2023 से नि:शुल्क सात दिवसीय तनावमुक्त राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समय प्रतिदिन एक घण्टे प्रात: 8 से 9 एवं संध्या 5.30 से 6.30 या 7.00 से 8.00 बजे, स्थान- नव विश्व भवन चोपड़ापारा में आयोजित किया गया है। शिविर में भाग लेने हेतु झाँकी के दौरान अपना नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

# वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं के लिए है बेहद मददगार

- विधानसभा निर्वाचन के तहत ये ऐप्स और पोर्टल आयेंगे आपके कामपुल और सकरिया में विद्युत सब स्टेशन की सौगात

**अम्बिकापुर** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यों के सुचारू संपादन, मतदाताओं की मदद करने और निर्वाचन संबंधी कार्यों में सुगमता लाने विभिन्न एप और पोर्टल उपलब्ध कराए गए हैं, जो मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों दोनों के ही लिए बेहद मददगार हैं।

ये ऐप्स और पोर्टल आयेंगे आपके काम


सी-विजिल - आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों के सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आयोग द्वारा निर्मित सी-विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत केवल फोटोग्राफ एवं वीडियो के माध्यम से ही नहीं बल्कि ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यह एप्लीकेशन केवल सरगुजा जिले में ही निर्वाचन के दौरान कार्यशील रहेगा। यदि कोई नागरिक इस विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी- विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर पर उपलब्ध सामान्य मामलों में शिकायतों की जांच 100 मिनट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सुविधा- इस नवीन एप्लीकेशन के माध्यम से वर्तमान में नामांकन फॉर्म भरने हेतु कैंडिडेट ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं। इस एप्प का उपयोग कर विभिन्न अनुमतियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु विकसित कैंडिडेट एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

- सी-विजिल से आदर्श आचार संहिता के मामलों में शिकायत, तो सुविधा एप से ऑनलाइन नामांकन और विभिन्न अनुमति के लिए किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

वोटर हेल्पलाइन एप्प- मतदाता हेल्पलाइन मोबाइल ऐप की सहायता से मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिए फॉर्म जमा करने, डिजिटल फोटो मतदाता सूचना पर्ची डाउनलोड करने शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं।

वोटर टर्नआउट एप्प- इस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर निर्वाचन में वोटर टर्नआउट (पुरुषों, महिलाओं और तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) की संख्या सहित) को देखा जा सकेगा।




### मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त मतदान केंद्रों के लिए प्रथम ऑनलाइन रेंडमाइजेशन बीते शनिवार को पूर्ण कर ली गई है। इसके बाद 16 अक्टूबर को पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के अधिकारियों को मतदान के संबंध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार ने बताया कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण सुबह 11.15 बजे से होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटपरिया में आयोजित किया गया है। गौरतलब है कि प्रशिक्षण में 937 पीठासीन अधिकारी और 937 पी-1 मतदान अधिकारी शामिल होंगे।

# मैच में सट्टा खिलाने वाले चार गिरफ्तार

### साइबर सेल ने की संयुक्त कार्रवाई

### कार में बैठकर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में मोबाइल से लगा रहे थे दांव









**रायगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत में आयोजित हो रहे विश्व कप क्रिकेट मैचो पर क्रिकेट सट्टा लगाए जाने की संभावना को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल एवं सभी थाना, चैकी प्रभारी को मुखबिर सक्रिय कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा मुखबिर सक्रिय कर क्रिकेट सट्टा पर निगाह रखी जा रही है।

इसी कड़ी में कल शाम मुखबिर से सूचना मिली कि बेलादुला रोड पर एक संदिग्ध ब्रेजा कार में कुछ युवक बैठकर क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे हैं। सूचना एसएसपी सदानंद कुमार के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा साइबर सेल एवं थाना चक्रधरनगर की टीम को मौके पर जाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। मौके पर एक ब्रेजा कार में बैठे चार युवक भारत-पाकिस्तान मैच में प्रत्येक गेंद पर मोबाइल से क्रिकेट सट्टा लगाने वालों से कागज पर नगद रकम नोट करते चार युवकों को पकड़ा गया जिनमें आलोक अग्रवाल, अमन अग्रवाल, रिकेश राय के अलावा रवि शंकर राठौर शामिल है। आरोपियों से मौक पर जुआ रकम 10,790 रुपए, 10 मोबाइल फोन, एक टैबलेट, सट्टा पट्टी विवरण कागज और उनकी ब्रेजा कार को जप्त कर थाना चक्रधरनगर लाया गया, आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ रेट कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक सुखनंदन पटेल, थाना चक्रधरनगर के सहायक उपनिरीक्षक नंद कुमार सारथी, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, रेणु सिंह मंडावी, आरक्षक प्रताप बेहरा, धनंजय कश्यप, नरेश रजक तथा थाना चक्रधरनगर के आरक्षक उद्धव मांझी की अहम भूमिका रही है।

## प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने ली दुर्गा पूजा समितियों की बैठक

**रायगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के निर्देशन पर कल सभी तहसीलों में प्रशासन व पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों की मीटिंग लेकर उन्हें प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का पालन करने निर्देशित किया गया है।

कल शाम पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी संजय महादेवा की अध्यक्षता में शहर के दुर्गा पंडाल आयोजक समिति के सदस्यों के साथ पुलिस एवं प्रशासन के टीम द्वारा बैठक लिया गया जिसमें एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा द्वारा आयोजन समिति के सदस्यों को बताया गया कि जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। सभी समितियां चुनाव आचार संहिता का पालन करेंगे, रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेंगे, धारा 144 का पालन हो इसका ध्यान रखेंगे। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों को ध्वनि प्रदूषण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के गाइडलाइन को बताया गया और उनका पालन करने निर्देशित कर ध्वनि विस्तार की यंत्रों की ध्वनि निर्धारित डेसिबल में रखना कहा गया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के समय आ रहे व्यवहारिक समस्याओं के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके संबंध में अधिकारियों ने पृथक से विसर्जन के पूर्व बैठक आयोजित कर आ रही समस्याओं का उचित निराकरण करने बताया गया है। बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली, चक्रधरनगर, जूटमिल एवं कोतरारोड उपस्थित थे। वहीं धर्मजयगढ़ में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण के साथ दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों के साथ मीटिंग ली गई। इसी प्रकार सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी द्वारा तहसीलदार के साथ मिलकर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर उन्हें आचार संहिता का पालन करने कहा गया है।

## चोरी की मोटर सायकल बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार



**रायगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल दोपहर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिला कि ढिमरापुर चैक के पास एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। तत्काल थाना प्रभारी ने अपने स्टाफ को ढिमरापुर चैक तस्दीकी के लिए रवाना किये।

कोतवाली स्टाफ द्वारा ढिमरापुर चैक पर मुखबीर के बताये हुलिए अनुसार संदिग्ध युवक विकास सोनी निवासी कोतरारोड़ को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे चोरी की मोटर सायकल के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ किया गया। संदेही विकास ने 11 अक्टूबर के शाम सिटी हॉस्पिटल रायगढ़ के पार्किंग पर खड़ी एचएफ डीलक्स मोटर सायकल को डुप्लीकेट चाबी के जरिए चोरी कर ढिमरापुर चैक लाना और उसे विशाल मेडिकल के पीछे तालाब के पास छुपा कर रखना बताया। आरोपी विकास सोनी से मिली जानकारी पर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 13 एजे 8508 बरामद किया गया।

बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में मोटरसाइकिल के पंजीकृत स्वामी सोनू वर्मा निवासी हिसार (हरियाणा) हाल मुकाम इंदिरा आवास अमलीभौना थाना जूटमिल द्वारा 12 अक्टूबर को सिटी कोतवाली रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिटी हस्पिटल सत्तीगुडी चैक रायगढ में प्रायवेट नौकरी करता है, रोज की तरह 11 अक्टूबर की रात्रि सिटी हॉस्पिटल के पार्किंग में मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 13 एजे 8508 खड़ी कर गया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर मोटरसाइकिल चोरी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी जिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में सक्रिय किये गये मुखबीरों से मिली सूचना पर आरोपी- विकास सोनी पिता स्वर्गीय गोपी सोनी उम्र 30 साल निवासी विकास नगर अंबेडकर आवास मकान नंबर 18 कोतरारोड़ थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को पकड़ा गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बाइक चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी एवं बाइक बरामदगी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, एसआई अमरनाथ शुक्ला, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी और मनोज पटनायक की अहम भूमिका रही है।

## विधायक प्रकाश नायक की अगुवाई में बैठक संपन्न



### ग्यारह पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता हुए शामिल

**रायगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्वांचल क्षेत्र के मां मांकेश्वरी परिसर में आयोजित जामगांव सेक्टर की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि इंसान को भगवान ने बनाया है ।जिन्हे सब प्रणाम करते है और मुझे विधायक आप लोगो ने बनाया है। मैं आप सबको प्रणाम करता हूं मेरा हमेशा से ही प्रयास रहा है कि मैं अपने लोगो के करीब रहूं।

इस अवसर पर सर्वप्रथम विधायक द्वारा माता के मंदिर में दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेते हुए आमजन के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की गई। उन्होंने आगे बताया कि मेरे द्वारा बीते 5 वर्षो के कार्यकाल में पूर्वांचल क्षेत्र के हर गांव में सी सी रोड,नाली,भवन इत्यादि आप लोगो की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया गया है ।वही उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जहा गांव, गरीब,किसान, युवा,सियान,महिलाओ को अपनी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया है दूसरी और केंद्र की भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर आम जनता की जेब में डाका डालने का कार्य किया है।

बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कांग्रेसी कार्यकर्ता विधायक प्रकाश नायक के नेतृत्व में लगातार सेक्टर बैठक का आयोजन किया जा रहा है ।इसी तारतम्य में पूर्वांचल क्षेत्र के जामगांव मां मांकेश्वरी परिसर में पूर्वांचल जामगांव सेक्टर की बैठक संपन्न हुई ।जिसमे 11 पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए ।वही आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने नायक परिवार द्वारा किए गए विकास कार्यों के संबंध में बताया कि नायक परिवार द्वारा पूर्वांचल क्षेत्र के पंडरी, जुर्डा लोइंग,भोजपल्ली सहित कई ग्रामों में तालाब निर्माण कार्य के साथ ही सिंचाई के क्षेत्र में किए गए कार्य मिल का पत्थर साबित हुए हैं।

# भाजपा प्रत्याशी श्याम बिहारी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन




**चिरमिरी** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यालय का उद्घाटन किया, पार्टी के कार्यकर्ताओं का भारी संख्या में उमड़ पड़ा था, सभी के उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम को संपन्न किया गया। जहां एक तरफ़ कांग्रेस पार्टी ने आज अपने प्रत्याशियों की प्रथम सुची ज़ारी की है, मगर फिलहाल विधानसभा मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, कांग्रेस पार्टी द्वारा दूसरी सुची भी जल्द ही जारी की जाएगी।

सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ विधानसभा की कांग्रेस सीट के लिए फिलहाल काफी दांव पेंच चल रहे हैं, विधानसभा मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस की सीट पर कांग्रेस के आला कमान के द्वारा जारी किए जाएंगे,जहां जीते हुए प्रत्याशी पर दांव खेलती हैं या की कोई और मंशा बनाते हुए पार्टी किसी नए चेहरे को मौका दे सकती है, आखिर श्याम बिहारी जयसवाल के प्रतिद्वंद्वी के रूप में कांग्रेस किसे मैदान में उतारेगी यह लिस्ट जारी होने पर ही पता चल पाएगा। वहीं दूसरी तरफ़ कार्यक्रम में उद्बोधन देते समय भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने कहा कि हमसे जो गलती हुई थी, अब पांच सालों बाद उसे सुधारने का समय आ गया है, इस बार चुनाव की पूरी तैयारी करनी है, समस्त कार्यकर्ताओं को भी अपनी भुमिकाओं को चुनाव के समय निभाना पड़ेगा, और तत्परता से पार्टी के लिए मेहनत करनी होगी।

वहीं विधानसभा मनेंद्रगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्याम बिहारी जयसवाल ने कार्यक्रम में अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि जिस तरह हमारे कार्यकर्ताओं का साथ मिल रहा है, ऐसा लग रहा है कि हम छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बनाएंगे, चूंकि वर्तमान सत्ताधारियों के दिन अब समाप्त हुए, जिस तरह से अत्याचार किया गया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर, उसके एवज में उनके साथ हमेशा ग़लत हुआ मगर अब समय आ चुका है कि अब जनता जो उचित जवाब है, वर्तमान सरकार को दे और आईना दिखाऐ। जिस तरह भारतीय जनता पार्टी के छोटे से बड़े स्तर के कार्यकर्ताओं ने अक्सर पार्टी का समर्थन किया, भारतीय जनता पार्टी को ऐसे अनुभवी लोगों की ज़रूरत है और हमारे पास ऐसे उर्जावान कार्यकर्ता हैं भी, मैं इस बात का वचन देता हूं कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान का ख्याल हमेशा रखा जाएगा और जीत मेरी नहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं की होगी।

# देवी मंदिरों में जले आस्था के ज्योत, पंडालों में विराजी मां दुर्गा

## ज्योति कलश प्रज्जवलन के साथ ही मां के नौ रूपों की आराधना शुरू

**जांजगीर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र पर आज देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन के साथ ही मां के नौ रूपों की आराधना शुरू हो गया। प्रथम दिवस शैल पुत्री के रूप में देवी की पूजा की गई। आज सुबह से ही मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश जलाने की तैयारी की जार ही थी,वहीं गांव से लेकर शहर के चौक चौराहों में बनाए गए भव्य पंडालों में माता की प्रतिमा स्थापित करने का दौर चलता रहा।

चंद्रपुर की चंद्रहासिनी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। अड़भार की अष्टभुजी मंदिर में सुबह से विधि - विधान से पूजा की गयी। यहां भी मनोकामना ज्योति कलश



जलाने की तैयारी की गई है। इसी तरह खोखरा के मां मनका माई मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। पूरे नौ दिनों तक मनका दाई की पूजा - अर्चना के साथ ही जसगीत प्रतियोगिता और मेला का आयोजन किया जाएगा। चांपा के प्रसिद्ध सम्लेश्वरी मंदिर में भी नवरात्रि की तैयारी पूरी हो चुकी है। नौ दिनों तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। जांजगीर की देवी दाई मंदिर, केरा की चंडी दाई मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश के साथ नौ दिनों तक देवी की पूजा की जाएगी। मेंहदा की आदिशक्ति मां मौली दाई मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे। महामाया हरदी (जर्वे) में जवा कलश स्थापना के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित हुई। यहां ज्योतिकलश प्रज्जवलित कराने वालों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। महामाया मंदिर में सप्तमी को महानिशा पूजा काल रात्रि देवी दर्शन के साथ होगी। इसी प्रकार मदनपुरगढ़ की मनका माई, खम्भदेवश्वरी, सरई श्रृंगारिणी, सलखन में चण्डी दाई, किरारी के महामाया मंदिर, महंत के चण्डी मंदिर, घिवरा की डोकरी दाईमंदिर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाने लगे है। वहीं गांव से लेकर शहर के चौक चौराहों में बनाए गए भव्य पंडालोंमेंमाता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाएगी।

### शिरीषपाठ में होगी नवरात्र की पूजा

मां शिरीष पाठ डोंगाकोहरौद में हरे भरे खेतों के मध्य में स्थित है। नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति द्वारा किसानों से दान लेकर पहुंच मार्ग व माता के साथ अनेक मंदिरों का निर्माण किया जा चुका है। यहां नवरात्र की दोनों पर्वों में भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश, ज्वारा ज्योति कलश जलवाए जाते हैं। इस नवरात्र में भी समिति द्वारा भक्तों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई हैं। यहां काली चुड़ी के साथ फीता शिरीष पेड़ में चढ़ाने की परंपरा पुरातन समय से चली आ रही है, वहीं भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने के कारण प्रतिदिन स्थानीय सहित दूर दराज से भक्तजनों का आना जाना लगा रहता है।

## सार-संक्षेप

### मतदान दलों के गठन के लिए हुआ पहला रेंडमाइजेशन



**सक्ती** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दलों के गठन हेतु आज दिनांक 15 अक्टूबर को पहला रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम और डीआईओ ऋषि रॉय ने निर्वाचन विभाग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन कराया। रेंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, समस्त रिटर्निंग अधिकारी, पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज, डी आई ओ ऋषि रॉय, अन्य नोडल अधिकारी सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की जयंती




**खरसिया** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। खरसिया में अग्र बंधुओं द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जयंती प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस वर्ष भी एक सप्ताह तक चलने वाले जयंती समारोह में खेलकूद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को अग्रवाल बंधुओं द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा ढोल तासे गाजे-बाजे एवं करमा नृत्य के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान विप्र समाज द्वारा आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का परिचय देते हुए महाराजा श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा में शामिल अग्र बंधुओं का स्वागत जलपान बिस्कुट, जूस, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, फ्रूटी, एवं शीतल जल से किया। महाराजा श्री अग्रसेन जी की शोभायात्रा के स्वागत में श्री परशुराम धर्मादा ट्रस्ट एवं ब्राह्मण समाज खरसिया के जगन्नाथ शर्मा, रणधीर शर्मा, मन्नू राम शर्मा, विनोद शर्मा, छेदी शर्मा, दिनेश शर्मा, संदेश शर्मा, शिव शर्मा, दिलीप शर्मा, मनोज शर्मा ,राजू शर्मा, बंटी हेतराम शर्मा सहित विप्र समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं की उपस्थिति रही।

### आबकारी अमला ने जंगल में नष्ट किया अवैध शराब का बड़ा अड्डा

**सारंगढ़** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आचार संहिता प्रारंभ होने के पश्चात आज आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। वृत्त सारंगढ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक विकास पाल सांडे को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की लात नदी के किनारे गुड़ेली के जंगलों में भारी मात्रा में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है । सूचना मिलते ही आबकारी अमला नाव से नदी पार कर जंगल पहुँचा जहाँ दस लीटर क्षमता वाले 09 पॉलीथिन में भरी हुई 90 लीटर महुआ शराब, 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाल्टी में भरी हुई 15 लीटर महुआ शराब और प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्लाडरनुमा पॉलीथिन में भरी हुई 20 लीटर महुआ शराब समेत कुल 125 लीटर महुआ शराब ( कीमत 25000 रुपए) और 40 प्लास्टिक बोरियों में से प्रत्येक में 25-25 किलोग्राम महुआ लाहन समेत कुल 1000 किलोग्राम महुआ लाहन ( कीमत 50000 रुपए) बरामद हुआ, इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण की सामग्री भी जप्त की गई।

### एमएमआर महावि में जागरूकता का कार्यक्रम व बालिका दिवस

**जांजगीर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चांपा में 12 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम एवं बालिका दिवस, प्राचार्य डॉ बीडी दीवान के निर्देशन में मनाया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टर ट्रेनर डॉ वीके शर्मा द्वारा मतदान के महत्व को समझाया गया, उन्होंने कहा कि हमें निष्पक्ष मतदान अपने विवेक से देना चाहिए, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तभी देश समृद्धिशाली होगा और राष्ट्र के विकास में हमारी भागीदारी होगी। श्रीमती गिरिजा चंद्र द्वारा बालिका दिवस एवं बालिका के शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन बंजारे के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान के महत्व एवं लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार का प्रलोभन,लालच इत्यादि में नहीं पड़ना चाहिए। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार,विकास राठौड़, नोहर पटेल,गायत्री रात्रे, माहेश्वरी रजक, सुनील माथुर, प्रिंस निराला, नितेश कुमार ,चंद्र कुमार बरेठ,राकेश जांगड़े ,भावना बंजारे ईश्वरी देवांगन, शुभम ,प्रकाश कुमार शिव कुमारी पटेल आदि एन एस एस के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जान जोखिम में डालकर शबरी पुल पार करने की मजबूरी

**जांजगीर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा और बलौदाबाजार जिले को जोड़ने वाले शबरी पुल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। पुल में कई जगहों पर निर्माण में लगा सरिया भी अब दिखने लगा है। 768 मीटर लंबे और 25 साल पहले लोकार्पित हुए पुल में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे व दरारें आ गई हैं। साल भर पहले शबरी पुल के गड्ढो व दरारों को भरकर लीपापोती की गई थी जो कि अब फिर से पूरी तरह उखड़ चुके हैं।

शबरी पुल पर लगातार भारी वाहनों के चलने से पुल की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। शबरी पुल से रोजाना सैकड़ों भीमकाय वाहनों की आवाजाही होने से पुल पर अत्यधिक भार पड़ रहा है इसके चलते पुल में जगह-जगह गड्ढे और दरारें नजर आने लगी हैं। रायपुर और बलौदा बाजार से बड़ी संख्या में भारी वाहन शबरी पुल से होकर रायगढ़ की ओर जाते हैं और रायगढ़ व जांजगीर-चांपा जिले से भारी वाहन इसी पुल से गुजर कर रायपुर की ओर जाते हैं। रोजाना चलने वाले भारी वाहनों का दबाव पुल पर पड़ने से इसका असर पुल पर दिख रहा है। पुल पर जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें और जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। जिससे निर्माण में लगा सरिया भी बाहर आ गया है। इसके कारण पुल पर आवागमन करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है। रोजाना जान जोखिम में डालकर हजारों लोग शबरी पुल पार करने पर मजबूर हैं।

### नवरात्र में नगर आने वाले श्रद्धालुओं को होगी परेशानी



शिवरीनारायण मंदिरों का शहर है। नगर में काली मंदिर, ठाकुरदिया, दुर्गा मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, देवी दाई मंदिर, गायत्री मंदिर व शीतला माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिर स्थापित हैं। साथ ही नगर में दुर्गा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार मेला ग्राउंड में विशेष भव्य व आकर्षक पंडाल में माता रानी विराजित होगी। बलौदाबाजार जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों व पंडालों में दर्शन करने पहुँचेंगे। शबरी पुल में हुए जानलेवा गढ्ढो व दरारों के कारण उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शिवरीनारायण नगर बड़ा व्यपारिक केंद्र है। जहां आस पास के 5 गांवों के लोग खरीदी करने आते हैं। बलौदाबाजार जिले से भी रोजाना बड़ी संख्या में लोग नगर खरीदी करने व अन्य कार्यों के लिए आते हैं। शबरी पुल पर हुए गड्ढों व दरारों की वजह से जान माल का खतरा बना रहता है।

### शासन से स्वीकृति मिल गई है

शबरी पुल की मरम्मत के लिए 78 लाख का प्रस्ताव भेजा गया था। जिसकी शासन से स्वीकृति मिल गई है। टेंडर भी हो गया है। नवरात्र के बाद जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। :- **आरके वर्मा, एसडीओ सेतु विभाग**

## खाने में नींद की दवा खिलाकर नाबालिग की लूट ली आबरू

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

जांजगीर, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। खाने में नींद की दवा मिलाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिवरीनारायण पुलिस ने अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

पुलिस के अनुसार पीडिता ने शिवरीनारायण थाना पहुंचकर दिलेश्वर उर्फ निर्मल महंत उम्र 26 वर्ष निवासी टुंडरा थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि खाने में नींद का दवाई देकर जबरदस्ती उससे



दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (च) भादवि 04, 06 पाकसो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया था। इधर, आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद फरार था, जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। साइबर सेल के माध्यम से आरोपी को लोकेशन के आधार पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ने घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

## पाली में जुआ खेलने वाले 6 गिरफ्तार

जांजगीर, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नैला चौकी के ग्राम पाली में जुआ खेलने वाले 06 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम 8200 रुपए एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। जिनके विरूद्ध धारा 3 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् कार्यवाही किया गया। मामले का विवरण पुलिस न देते हुए बताया कि 13 अक्टूबर को सूचना मिली कि ग्राम पाली के तालाब पर में रात्रि में कुछ लोग मोमबत्ती जलाकर ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं की सूचना पर हमराह स्टाफ के रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर 06 आरोपियों को पकड़ा गया आरोपियों के कब्जे से जुमला नगदी रकम 8200 रुपए एवं 52 पत्ती तास बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत् कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सत्यम चौहान चौकी प्रभारी नैला, सहायक उप निरीक्षक रामखिलावन साहू, आरक्षक, जितेश राजपूत. संतोष प्रधान, महिला आरक्षक रुक्मणी कंवर एवं चौकी नैला स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा। पकड़े गये आरोपी में मैतू राम सूर्यवंशी,बलराम सरवन,सुशील कुमार केवट ,गेंद राम भवानी , राजू यादव ,हाजिर मोहम्मद सभी निवासी ग्राम पाली चौकी नैला के है।

## हार्न बजाने वाले वाहन के विरूद्ध कार्रवाई करने वाले हुए सम्मानित

**जांजगीर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रेसर हार्न / बुलेट सायलेन्सर में तेज अवाज में वाहन चलाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस ने प्रेशर हार्न वाहन चलायें जाने वाले 21 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए कुल 27,200 रू का समन शुल्क लिया गया था। जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है, इसी क्रम में 10 एवं 13 अक्टूबर को प्रेशर हार्न/बुलेट सायलेन्सर में तेज आवाज में चलाने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत् कार्यवाही किया गया था। जिसमें कुल 21 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाकर 27,200 रू का समन शुल्क लिया जाकर मोटर अधियम के तहत कार्यवाही किया गया था। इस कार्यवाही में शामिल रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी,निरी. रामकुमार जैन यातायात,उपनिरी. विनोद जाटवर थाना चाम्पा,सउनि मणि राम भगत यातायात शाखा,प्रआर प्रकाश चंद राठौर थाना चाम्पा,आरक्षक पद्म राज सिंह थाना चाम्पा,आरक्षक मनोज राठौर यातायात शाखा,आरक्षक पुरुषोत्तम राजपूत यातायात शाखा,आरक्षक भूपेन्द्र कोसले यातायात शाखा को उसके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय जांजगीर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों को किया गया लॉकिंग

**जांजगीर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नो पार्किंग में खड़े किए वाहनों का लॉकिंग किया जाकर यातायात उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 56 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 16800 रु समन शुल्क लिया गया।




जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर* पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 56 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 16800 रू का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।

## 55 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ, दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले 02 आरोपियो के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 14 अक्टूबर को सूचना मिला की थाना मुलमुला, पामगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री की जाती ह सूचना पर एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम कमरीद में रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी जगनथिया सिंह उम्र 45 साल निवासी कमरीद के कब्जे से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में धारा 34(2) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार टीम को सूचना मिला की थाना मुलमुला क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की जाती




है की सूचना पर एफएसटी टीम प्रभारी चंद्र शेखर साहू नायब तहसीलदार अकलतरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी मुलमुला पुलिस स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही किया गया, मौके पर पाया की आरोपी श्रीमती गीता खांडेकर उम्र 41 साल निवासी बुटराभंवर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया जाकर थाना मुलमुला में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपियों



के कब्जे से जुमला शराब 55 लीटर शराब कीमती 6,500 रू बरामद किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी,एफएसटी टीम प्रभारी चंद्रा शेखर साहू नायब तहसीलदार अकलतरा, निरीक्षक अशोक वैष्णव, निरी. कमलेश शेंडे, उपनिरी राकेश सूर्यवंशी, सागर पाठक, प्रमोद महार, नरेंद्र डिक्सेना, महिला प्रधान आर. जमुना तिवारी, आर. राजा जयप्रकाश रात्रे, महिला आर. जयंती लहरे एव गठित टीम का अधिकारी कर्मचारीगण का योगदान रहा।

## भाजपा में घमासान, मनोज लहरे ने दिया इस्तीफा

**सारंगढ** 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से आगामी विधानसभा के लिए जीवन रात्रे मनोज लहरे व देवेन्द्र रात्रे सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में जाने जा रहे थे परन्तु भाजपा ने इनको छोडकर गैर सतनामी कार्ड खेलते हुए शिवकुमारी चौहान को टिकट दे दिया है जिससे विशेषकर भाजपा के कई सतनामी समाज के नेताओं में गहरी नाराजगी दिखाई दे रहा है तथा इसी कडी में आज पूर्व के एक प्रमुख विधानसभा टिकट के दावेदार मनोज लहरे ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से स्तीफा दे दिया है और भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान को लिखे पत्र में मनोज ने लिखा है कि अब तक उन्होंने पार्टी के हर आदेश को पूरी कर्त्तव्य परायणता से निभाना बताते हुए इसका कारण हालांकि उन्होंने अब पारिवारिक उत्तरदायित्वों की पूर्ति के लिए सयय देना बताया है पर यह नाराजगी टिकट वितरण को लेकर ही नजर आती है।

### झेलनी पड़ सकती है सतनामी समाज की भी नाराजगी



श्रेय लेने की होड :- शिव कुमारी चौहान को टिकट मिलने के बाद भाजपा के कई प्रमुख नेताओं में श्रेय लेने की होड नजर आती है तथा शिव कुमारी को टिकट दिलाने में ये नेता अपना गुणगान करते हुए अपने मुंह मिंया मिट्ठू बनने से भी बाज नहीं आ रहे हैं।

भाजपा ने चूंकि सारंगढ विधानसभा में बहुसंख्यक सतनामी समाज से टिकट ना देते हूए गैर सतनामी समाज के एक दावेदार को चुनावी मैदान में उतारा है जिससे सतनामी समाज के विरोध की भी संभावनाएं नजर आती है क्योंकि इस समाज के एक प्रमुख नेता ने आखिरकार स्तीफा दे ही दिया है।

क्या गैर सतनामी समाज के वोटों के ध्रुवीकरण की है नीति :- चूंकि कांग्रेस से भी सतनामी समाज के ही दावेदार होने की प्रबल संभावना है तथा बहुजन समाज पार्टी व आम आदमी पार्टियों ने भी सतनामी समाज से दावेदार को चुनावी मैदान में उतारा है तथा भाजपा के गैर सतनामी को टिकट दिए जाने के पीछे अन्य पार्टियों के उक्त दावेदारों के सतनामी वोट आपस में बंटने व गैर सतनामी समाज अर्थात चौहान समाज के वोटों के ध्रुवीकरण की नीति की सोच भी भाजपा की हो सकती है परन्तु यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गैर सतनामी समाज से पूर्व विधायक रहे शमशेर सिंह ने भी दावेदारी पेश किया था।

## लेबनान में इजरायली हमलों में एक हिज्बुल्ला लड़ाके की मौत

**बेरूत।** शीबा फार्म्स को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों में लेबनानी सैन्य समूह हिजबुल्ला का एक लड़ाका मारा गया। शिया समूह के एक बयान के अनुसार, हमलों में दो आम नागरिकों की भी मौत हो गई। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शनिवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि दक्षिण-पूर्व लेबनान के शेबा शहर के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति के घर पर गोला गिरने से उसकी और उसकी पत्नी की मौत हो गई। इस इलाके में हिजबुल्ला और इजरायली बलों के बीच गोलाबारी तेज हो गई है।

# देश विदेश

# इजरायल व हमास जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोगों की मौत

- गाजा में 2,200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके
- हमास हमले में 1,300 से ज्यादा इजरायली की मौत

**यरूशलेम,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलिस्तीनियों को उत्तरी क्षेत्रों से पलायन करने के लिए थोड़ा और समय देने के बाद, इजरायल ने अपने इतिहास में सबसे घातक हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की कसम खाई है। इजरायल ने रविवार को गाजा में जमीनी हमले की तैयारी के लिए दबाव डालना शुरू किया। इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

दरअसल फिलिस्तीन से जुड़े हमास समूह की ओर से किए गए इस हमले में 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे गए, जिसकी तुलना इजरायल ने अमेरिका में 9/11 से की है और हमास को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर जवाबी बमबारी अभियान शुरू किया, जिससे गाजा में 2,200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।



इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में रहने वाले लगभग 11 लाख गाजा निवासियों को जमीनी घुसपैठ करने से पहले दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी है, जिसके बारे में सेना ने संकेत दिया है कि वह गाजा सिटी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो हमास समूह के नेतृत्व का आधार है। इजरायली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के निवासियों को पलायन करने में देरी नहीं करनी चाहिए, लेकिन एक प्रवक्ता ने शनिवार देर रात कहा कि जमीनी हमले से पहले उनके पास पलायन करने का अभी भी समय है।शुक्रवार से गाजा के हजारों लोग, जो इजरायल और मिस्र दोनों द्वारा अवरुद्ध होने के कारण एन्क्लेव को नहीं छोड़ सकते हैं, मलबे से भरी सड़कों पर घूमने के लिए बैग और सूटकेस में अपना सामान पैक कर रहे हैं। इजरायल ने शनिवार को उत्तरी गाजा पर ताजा हवाई हमला किया। दक्षिणी इजरायली शहर स्डेरोट के पास एएफपी के संवाददाताओं ने घनी आबादी वाले इलाके में सैनिकों को गोलीबारी करते देखा, जिससे आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। इजरायली सेना ने शनिवार को कहा कि हमास द्वारा अपहरण किए गए दर्जनों बंधकों में से कुछ के शव गाजा में अभियानों के दौरान प्राप्त हुए। हमास ने इससे पहले कहा था कि इजरायली बमबारी में 22 बंधक मारे गए हैं। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले सीमा पर अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों से मुलाकात की थी, जिससे आक्रमण की आशंका बढ़ गई थी।

## इजराइल की कार्रवाई आत्मरक्षा से परे : वांग यी

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को कहा कि कि इजराइल की कार्रवाई आत्मरक्षा के दायरे से बाहर चली गयी है और देश को फिलिस्तीनियों को सामूहिक सजा देना बंद कर देना चाहिए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सऊदी अरब में अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद से आज फोन पर बातचीत में यह बात कही। यहां जारी बयान में कहा गया है कि इजरायल की कार्रवाई आत्मरक्षा से आगे बढ़ गयी है तथा उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान पर गंभीरता से ध्यान देते हुए गाजा पट्टी के निवासियों को सामूहिक रूप से दंडित करना बंद करना चाहिए।



## इजरायल ने सीरिया के अलेप्पो हवाई अड्डे पर दागी मिसाइल

**दमिश्क।** इजरायल ने शनिवार रात उत्तरी सीरिया के अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी। सीरियाई सरकारी टीवी के अनुसार तीन दिनों के भीतर हवाई अड्डे पर होने वाला इजरायल का यह दूसरा हमला है। एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इजरायल ने राजधानी दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमला किया, जिससे रनवे को नुकसान पहुंचाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से सेवा से बंद कर दिया गया। शनिवार को सीरियाई परिवहन मंत्रालय ने कहा कि क्षति ठीक होने के बाद अलेप्पो हवाई अड्डे पर सेवाएं बहाल कर दी गयी हैं। हमले से हुयी क्षति का आकलन किया जा रहा है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 16 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष -आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ -शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

मिथुन -नए काम शुरू करने के लिए समय अच्छा नहीं है। आपको जीवनसाथी और संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी के साथ चर्चा में स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है, सावधान रहना जरूरी है।

कर्क -आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है। नींद नहीं आएगी।

सिंह -आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा। मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे।

कन्या -आज आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात- निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

तुला -आज आपकी रचनात्मक क्षमताएं प्रदर्शित होंगी। आप कुछ सृजनशील प्रवृत्तियां भी करेंगे। वैचारिक दृढ़ता के कारण सभी काम में आप सफल हो सकेंगे। आप वस्त्राभूषण, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे खर्च करेंगे।

वृश्चिक -आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रहा करेगा। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है।


धनु -आप रोमांस के सुखद पल का आनंद उठा सकेंगे। आज का दिन आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा।

मकर -आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है। सरकारी कामकाज सरलता से पूरे होंगे। अधिकारी आपके काम से बेहद खुश होंगे। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है।

कुंभ -आज आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न होने पर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज काम करने का आपका मन नहीं होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों से सावधान रहना आवश्यक है।

मीन -आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। शरीर और मन में थकान और अस्वस्थता का अनुभव होगा। पेट की तकलीफ तथा सर्दी, दमा और खांसी की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में उत्तरी पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार देर रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में कम से कम छह आतंकवादी मारे गये तथा एक सैनिक की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों ने जिले के मीर अली इलाके में कल देर रात अभियान छेड़ा था। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गये जबकि आठ अन्य घायल हो गए। वहीं एक सैनिक की मौत हो गयी। बयान में कहा गया है कि मारे गये आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं।

## सीपीईसी के तहत राजमार्ग समझौते पर पाक व चीन करेंगे हस्ताक्षर

**इस्लामाबाद,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कार्यवाहक पाक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की 16 अक्टूबर से शुरू होने वाली बीजिंग की आगामी चार दिवसीय यात्रा के दौरान चीन और पाकिस्तान के बीच मोटरवे और राजमार्गों के संबंध में महत्वपूर्ण समझौता होगा। इन समझौतों पर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत हस्ताक्षर किए जाएंगे।



पीएम काकर 17 से 18 अक्टूबर तक बीजिंग में आयोजित होने वाले 'थर्ड बेल्ट एंड रोड फोरम (बीआरएफ) फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन' में भाग लेने के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। पीएम कार्यालय ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री बीआरएफ के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और कनेक्टिविटी इन एन ओपन ग्लोबल इकोनॉमी नामक हाई-लेवल फोरम को संबोधित करेंगे। पाकिस्तान के लिए, हस्ताक्षरित किए जाने वाले महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) में से एक चीनी सहायता से एक आधुनिक राजमार्ग अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (एचआरटीसी) की स्थापना से संबंधित है।

## तालिबान चीन के बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होगा

**काबुल।** तालिबान चीन के बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होगा, जो किसी भी सरकार द्वारा औपचारिक मान्यता की कमी के बावजूद प्रशासन के साथ बीजिंग के बढ़ते आधिकारिक संबंधों को रेखांकित करेगा। तालिबान के अधिकारियों और मंत्रियों ने कई बार क्षेत्रीय बैठकों में हिस्सा लिया है, जिनमें से ज्यादातर अफगानिस्तान पर केंद्रित थीं। लेकिन बेल्ट एंड रोड फोरम सर्वोच्च-प्रोफाइल बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में से एक है, जिसमें भाग लेने के लिए इसे आमंत्रित किया गया है। यह मंच राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी वैश्विक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा पहल की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है।

## इराक में तुर्की के ड्रोन हमले में तीन कुर्द आतंकवादी मारे गए

**बगदाद,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तरी इराक में शनिवार को तुर्की के ड्रोन हमले में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक वरिष्ठ सदस्य और दो आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र की आतंकवाद-रोधी सेवा ने एक बयान में दी। बयान के अनुसार, वे स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे मारे गए जब तुर्की के एक ड्रोन ने दुहोक प्रांत के अमेदी शहर के पास एक सड़क पर उनके वाहन पर हमला किया। तुर्की सेना अक्सर पीकेके के खिलाफ उत्तरी इराक में जमीनी अभियान, हवाई हमले और तोपखाने की बमबारी करती है, विशेष रूप से कांदिल पर्वत में, जो समूह का मुख्य आधार है।



गौरतलब है कि पीकेके को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने एक आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है जो तीन दशकों से ज्यादा समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से एक की मौत, 35 घायल

**हेरात,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में रविवार को भूकंप के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, स्थानीय समयानुसार आज सुबह 8:06 बजे हेरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जिंदाजान जिले में था। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान में कहा गया है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार सुबह हेरात और उसके आसपास कुछ ही मिनटों में दोबार भूकंप के झटके महसूस किए गए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हेरात प्रांत में, भूकंप के कारण 2,000 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घायल हो हुए थे। इसके बाद से हेरात में कई बार भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं।

## रूस ने 27 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने 27 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है, जिनमें से 18 को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा कि आज रात, कीव द्वारा रूसी क्षेत्र में वस्तुओं पर फिक्स्ड-विंग ड्रोन का उपयोग करके आतंकवादी हमला करने का प्रयास रोक दिया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने 27 यूक्रेनी ड्रोन को रोक दिया, जिनमें से कुर्स्क क्षेत्र पर 18 और बेलगोरोड क्षेत्र पर दो हवा में नष्ट कर दिये गए।

## आज का इतिहास

1905 – लार्ड कर्जन ने बंगाल का प्रथम विभाजन किया।

1939–द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया।

1944–प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का जन्म।

1948–बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म।

1948–ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का जन्म।

1951–पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या।

1959–राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।

1964–चीन ने अपना पहला परमाणु विस्फोट किया।

1968–हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

1984–दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया।

1999–अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाया।

2003–मलयाली फिल्मकार अडूर गोपाकृष्णन को फ्रांस के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कमांडर ऑफ द आर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लैटर्स' से सम्मानित किया गया।

2004–अमेरिका ने इराकी अबू मुसार जल जरकावी के संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया।

2011–भारतीय मूल के धावक 100 वर्षीय फौजा सिंह ने सबसे अधिक उम्र में टोरंटो वाटर फ्रंट मैराथन पूरी की।

2012–सौरमंडल के बाहर एक नए ग्रह 'अल्फा सेंचुरी बीबी' का पता चला।

**कूटनीति** | अमेरिका को मात देने का मौका ढूंढ रहा रूस

## रूस ने मध्य पूर्व में फैली हिंसा के लिए अमेरिकी को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेनी युद्ध के बाद साइड कर दिए गए रूस ने हमास और इजरायल के बीच शत्रुता शुरू होने के कारण अपने प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी पर हमला करने का एक अवसर देखा, इसके शीर्ष नेतृत्व ने मध्य पूर्व में फैली हिंसा के लिए अमेरिकी एकाधिकार को दोषी ठहराया और खुद को इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच मध्यस्थ के रूप में पेश किया है। पश्चिमी शक्तियों और उनके सहयोगियों को छोड़कर दुनिया के अधिकांश देशों की तरह,रूस ने हिंसा के नए चक्र के लिए दोष बांटने में अधिकतमवादी रुख अपनाने से परहेज किया है।

रूस ने इस बात पर जोर दिया है कि अलग फिलिस्तीनी देश के बिना क्षेत्र में शांति नहीं हो सकती है। एक महत्वपूर्ण भूमिका का लक्ष्य रखते हुए रूस ने इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच बातचीत आयोजित करने के लिए बहुपक्षीय दृष्टिकोण चौकड़ी को पुनर्जीवित करने की भी मांग की। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस सप्ताह की शुरुआत में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद अल-सुदानी के साथ बातचीत की थी।

इसके बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि मध्य पूर्व में चल रहे संकट ने संघर्षों को हल करने में वाशिंगटन की असमर्थता को उजागर कर दिया है। मेरा मानना है कि कई लोग मुझसे सहमत होंगे कि यह अमेरिकी मध्य पूर्व नीतियों की विफलताओं का एक ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने शांति समझौते पर एकाधिकार जमाने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से उन समझौतों की खोज पर कोई ध्यान नहीं दिया जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हों। उन्होंने कहा, इसके बजाय, वॉशिंगटन ने दोनों पक्षों पर अपना समाधान थोपने की कोशिश में उन पर दबाव डाला। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने फिलिस्तीनियों के मूल हितों को नजरअंदाज कर दिया है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सुझाव दिया था कि अमेरिका, रूस, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र को शांति वार्ता में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। इस बीच, राष्ट्रपति पुतिन ने हमास के हमले की निंदा करने में कोई शब्द नहीं कहा, ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ है। चीजों को वही कहना चाहिए जो वे हैं। हालांकि, उन्होंने काफी क्रूर तरीकों के साथ इजरायली प्रतिक्रिया की भी निंदा की, साथ ही दोनों पक्षों से सभी कड़वाहट के बावजूद नागरिकों के बारे में सोचने का आग्रह किया।



■ मध्य पूर्व के लिए रूस कोई अजनबी नहीं

## सुडोकू 6348


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | | 2 | |
| | 1 | 6 | | | 8 | | | 9 |
| | | | | | 5 | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 4 | | | 7 |
| | 4 | | 6 | | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | 7 | |
| | 3 | | 7 | | | | | |
| | | 4 | | | | 1 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6348



**बायें से दायें:-**

१. स्वर के बाद बोले जाने वाला अनुनासिक वर्ण अनुनासिक बिंदी
३. तकलीफदेह
५. गगन, आकाश
६. कहानी, कथा, वृतांत (उर्दू)
७. ढूंढना, खोजना (उर्दू)
८. आकाश में स्थित एक विश्वप्रसिद्ध स्मारक
१३. घोड़ों की दौड़
१५. माल की बिक्री, खपने का भाव,
१६. अनुचित, अवैध (उर्दू)
१७. सेनापति, कार्तिकेय, धृतराष्ट्र का एक पुत्र
१८. दक्ष, निपुण, कुशल
२०. स्वर्गवास, स्वर्गीय, मृत
२२. परिवर्तित (उर्दू)
२३. बड़प्पन

**ऊपर से नीचे:-**

१. न देने वाला, कंजूस
२. स्वतंत्रता
३. हथेली
४. सौ में से, फीसदी
५. नतीजा, परिणाम (उर्दू)
९. कसकर बांधना, बंधन कड़ा करना
१०. उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना, जोर से जल उठना
११. नेत्र, नयन
१२. परिवर्तित करना, बदलना, अंतरित करना
१४. तपेदिक
१७. स्वास्थ (उर्दू)
१९. उजाड़, निर्जन (उर्दू)
२०. हृदय, मन (उर्दू)
२१. अंधकार

### वर्ग पहेली-6347

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | य | २ नि | त | ■ | ■ | ३ नि | म्न | ४ त | म |
| रा | ■ | पु | ■ | ५ अ | धू | रा | ■ | क | ■ |
| ६ च | र | ण | ■ | भा | ■ | ७ यु | द्ध | नी | ति |
| र | ■ | ८ ता | ९ पा | व | रो | ध | ■ | क | ■ |
| ■ | १० स्व | ■ | य | ■ | ■ | ■ | ११ दा | ■ | १२ भ |
| १३ प | र | निं | दा | ■ | १४ इ | ■ | १५ स | मु | द्र |
| ■ | चि | ■ | १६ र | वि | क | र | ■ | ■ | ज |
| १७ ह | त | क | ■ | ■ | ता | ■ | १८ वि | १९ पि | न |
| म | ■ | ■ | २० अं | ग | रा | २१ ज | ■ | शा | ■ |
| २२ ला | भा | न्वि | त | ■ | ■ | २३ न | भ | च | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6348 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 |

## दुनिया को जानें

### गाजा में पीने के पानी की कमी से जानलेवा बीमारियों का खतरा : डब्ल्यूएचओ

**वाशिंगटन,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी में पीने के पानी की कमी होने से घातक महामारी का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, विशेषकर उन आबादी में जिनकी स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच नहीं है।

श्री घेब्रेयेसस ने एक्स पर कहा स्वच्छ पानी की कमी होने जल जनित बीमारी होने का एक तत्काल जोखिम है, जो स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित या पहुंच नहीं रखने वाले नाजुक आबादी के लिए घातक हो सकता है। गत 07 अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिसके अगले दिन इजरायल ने युद्ध की घोषणा किया और जवाबी हमला शुरू किया। इसके दो दिन बाद इज़राइल ने गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जहां 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं, जिससे पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई। इजरायल और फिलिस्तीन के संघर्ष में 1,000 से ज्यादा मौतें हो चुकी है जबकि हजारों लोगों के घायल होने की रिपोर्टें हैं।

# खेल जगत

## ब्राजील ने विश्वकप क्वालिफाइंग के लिए एड्रिएल्सन को टीम में किया शामिल



**रियो डी जनेरियो,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां) ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने अनकैप्ड बोटाफोगो के डिफेंडर एड्रिएल्सन को उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्वकप क्वालिफाइंग मुकाबले के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया है। सीबीएफ ने शनिवार को यहां बताया कि एड्रिएल्सन (25) को फ्लुमिनेंस सेंटर-बैक मार्सिलियो मोटा की जगह टीम में शामिल किया गया है। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान मार्सिलियो मोटा के बाएं घुटने में मोच आ गई थी। जुलाई 2022 में स्पोर्ट रेसिफ़ से मुफ्त ट्रांसफ़र पर क्लब में शामिल होने के बाद से एड्रिएल्सन ने बोटाफ़ोगो के लिए 65 शुरुआत की हैं। उरुग्वे और ब्राजील मंगलवार को उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में एस्टाडियो सेंटेनारियो में मुकाबला करेंगे। ब्राजील वर्तमान में 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में तीन मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि उरुग्वे तीन अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

# रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में कई रिकॉर्ड बनाए




**अहमदाबाद,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 क्रिकेट विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर भारत की 7 विकेट की शानदार जीत में अर्धशतक जमाया और इस प्रक्रिया ने कुछ नए रिकॉर्ड बनाए, जिससे वनडे क्रिकेट में सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और बढ़ गई। ।

रोहित शर्मा ने शनिवार को 63 गेंदों में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 86 रनों की पारी खेली और इस तरह विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर आ गए। उन्होंने एक बल्लेबाज के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्कों का अपना रिकॉर्ड भी बढ़ाया। वह क्रिकेट विश्व कप के मौजूदा संस्करण में 200 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। शर्मा ने अब तक तीन मैचों में 217 रन बनाए हैं और वह पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (248) और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे (229) के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

शनिवार की पारी से विश्व कप के 20 मैचों की 20 पारियों में रोहित का कुल स्कोर 1195 हो गया और उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1186 रन बनाए हैं। इस सूची में शीर्ष पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 45 मैचों की 44 पारियों में 2278 रन बनाए हैं। विश्व कप में 20 या उससे अधिक मैच खेलने वाले बल्लेबाजों में रोहित शर्मा का औसत अब सबसे ज्यादा है। भारत के कप्तान का औसत 66.38 है। समग्र औसत सूची में, तेंदुलकर 56.95 के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद श्रीलंका के कुमार संगकारा 56.74 (1532 रन) हैं।

इस प्रक्रिया में, रोहित एकदिवसीय क्रिकेट में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए और सीडब्ल्यूसी 2023 में 200 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने। विश्व कप में अब तक 7 अर्धशतक से अधिक स्कोर के साथ उनके पास संयुक्त रूप से सर्वाधिक 50+ स्कोर है।

रोहित शर्मा, जिन्होंने विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ एक भारतीय द्वारा उच्चतम स्कोर - 86 - बनाया, ने एक भारतीय कप्तान द्वारा सबसे

## सिराज ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला विकेट लेने का श्रेय रोहित, विराट के सुझावों को दिया



**अहमदाबाद।** चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 7 विकेट की जोरदार जीत के दौरान सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और कप्तान बाबर आजम के विकेट अहम साबित हुए। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जिन्होंने इन दोनों बल्लेबाजों को वापस भेजा, ने खुलासा किया है कि उनके द्वारा लिए गए पहले विकेट में कप्तान रोहित शर्मा और वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली की भूमिका थी, जिससे उन्हें बाबर का महत्वपूर्ण विकेट हासिल करने का आत्मविश्वास मिला । इससे पाकिस्तान की पारी के पतन की शुरुआत हुई। उन्होंने 2-50 के आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया। सिराज ने शफीक को एक ऐसी गेंद पर पगबाधा आउट किया जो ऊपर की ओर थी और उसे सामने फंसाने के लिए नीची रखी गई थी। सिराज ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अब्दुल्ला शफीक का विकेट एक योजना थी क्योंकि मैंने रोहित भाई से बात की थी - मैंने पहले भी उन्हें बाउंसर फेंकी थी लेकिन वह बीच में फंस गए थे। फिर मैंने रोहित से कुछ देर बात की और वहां कुछ समय बिताया। उन्होंने सोचा कि मैं फिर से बाउंसर फेंकने जा रहा हूं। वह बैकफुट पर था और मैंने गेंद को ऊपर पिच किया और मुझे अच्छी सफलता मिली। सिराज को गेंद देने से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने चर्चा की, जिन्होंने भारत के लिए पहला विकेट लिया।

सिराज ने कहा कि उन दोनों से मिले सुझावों और प्रोत्साहन से न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को फायदा हो रहा है। सिराज ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं? आपको एक वरिष्ठ खिलाड़ी से जो भी बात (जानकारी) मिलती है, उससे पूरी टीम को मदद मिलती है; यह सिर्फ एक खिलाड़ी के लिए नहीं बल्कि पूरी टीम के लिए होती है। क्योंकि जब टीम जीतती है, तो सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, पूरी टीम जीतती है। इसलिए, अगर हर कोई अपना अनुभव साझा करता है, तो यह टीम के लिए मददगार है। हैदराबाद के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज को विश्व कप में अफगानिस्तान (0-76) और ऑस्ट्रेलिया (1-26) के खिलाफ पिछले दो मैचों में ज्यादा सफलता नहीं मिली, लेकिन सिराज ने कहा कि उन्होंने अपना आत्मविश्वास नहीं खोया। सिराज ने कहा, जब हम ऑफिस जाते हैं तो आपके पास भी एक दिन की छुट्टी होती है - हर बार एक जैसा प्रदर्शन नहीं हो सकता, ग्राफ हमेशा नीचे आता है। इसलिए, मैं खुद से सोचता हूं कि मैं एक मैच के कारण बुरा गेंदबाज नहीं हूं। मैंने हमेशा अपना आत्मविश्वास ऊंचा रखा कि मेरी गेंदबाजी अच्छी है और मुझे नंबर एक गेंदबाज बनना चाहिए। यह आत्मविश्वास मुझे गेंदबाजी में मदद करता है और अगर मैं एक मैच हार जाता हूं तो मैं बुरा गेंदबाज नहीं बन सकता। मैंने ऐसा करने के लिए खुद को तैयार किया है। मुझे परिणाम मिल गया है। सिराज, जिन्होंने क्रॉस-सीम गेंदबाजी करके अपने विकेट हासिल किए, ने कहा कि उन्होंने तीसरे ओवर से ऐसा करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें अतिरिक्त उछाल मिलने की उम्मीद थी। मैंने तीसरे ओवर से शुरुआत की। क्योंकि अंत में, रिवर्स की संभावना हो सकती थी। क्योंकि जब मैं सीम को पार कर रहा था, तो यह बल्ले पर आसानी से आ रही थी। बल्लेबाज संघर्ष नहीं कर रहा था। गेंद आसानी से आ रही थी।

उसने कहा, तो, मैंने सोचा, इस विकेट में बहुत अधिक क्रॉस-सीम है क्योंकि यह कम हो सकता है, कभी-कभी आपको अतिरिक्त उछाल मिलता है, इसलिए आपको उछाल मिलता है और यदि आपको विकेट मिलता है, तो यह बहुत अच्छा है और आपने परिणाम देखा है।

## इन विकेटों को पढ़ना भी मुश्किल है : पैट कमिंस



लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उन्हें विभिन्न भारतीय स्थानों की पिचों को पढ़ने और यह तय करने में कठिनाई हुई कि क्या करना है। चेन्नई की स्पिन-अनुकूल पिच पर भारत से और लखनऊ की उछाल भरी पिच पर दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के अभियान पर काले बादल मंडरा रहे हैं।

यह एक पेचीदा मामला है, यहां तक कि टी-20 की तुलना में वनडे क्रिकेट में आधा से अधिक खेल दिन के उजाले में और आधा रात में खेला जाता है। इसलिए, यह टी20 क्रिकेट से थोड़ा अलग है। कमिंस ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इन विकेटों को पढ़ना भी कठिन लगता है। जैसे कभी-कभी वे भयानक दिखते हैं और वे खूबसूरती से खेलते हैं और इसके विपरीत। कभी-कभी वे सपाट दिखते हैं और स्पिन भी लेते हैं। तो, यह कठिन है। आपको बस कभी-कभी तुरंत अनुकूलन करना होता है।

उन्होंने कहा कि पिचों को पढ़ने में कठिनाई के बावजूद, वे मैच-दर-मैच आधार पर पिचों का आकलन करना जारी रखेंगे। आपको अभी भी स्थितियों का आकलन करना है। भारत एक बड़ा देश है. इसलिए, चेन्नई, उत्तरी दिल्ली या उसके जैसे किसी स्थान से बहुत दूर है। तो, इसमें बड़े अंतर हैं, लेकिन जैसा कि मैंने कहा, यह एक संपूर्ण कला नहीं है, एक संपूर्ण विज्ञान नहीं है। आप जो भी करें, अधिकांश मैच 50-50 की तरह के होते हैं, चाहे आप पहले बल्लेबाजी करें या पहले गेंदबाजी करें, विजेता ऐतिहासिक होता है। इसलिए, आप जो भी करें, आपको उसे अच्छे से करना होगा। दो हार के बाद ड्रेसिंग रूम के मूड के बारे में पूछे जाने पर कमिंस ने स्वीकार किया कि यह आदर्श नहीं है और टीम में लोग सुधार करने के लिए उत्सुक हैं। यह बिल्कुल भी आदर्श नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले मैच के बाद हर कोई थोड़ा सपाट था, लेकिन पिछले कुछ दिन वास्तव में अच्छे रहे हैं। हर किसी ने अपनी आस्तीन चढ़ा ली है और काम पर लगकर सुधार करने की कोशिश करना चाहते हैं। तो, शिविर में माहौल शानदार रहा है। हर कोई महान है. हर कोई इसे पलटने के लिए बेताब है।

## बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी उपविजेता रही, एटीपी फाइनल्स टीम में पदार्पण करेंगे

**शंघाई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन शंघाई मास्टर्स में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से रविवार को यहां फाइनल में 7-5, 2-6, 7- 10 से हारकर उपविजेता रहे। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को ग्रैनोलर्स और जेबालोस से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें पहले सेट में अपनी-अपनी सर्विस बचाने में सफल रहीं, इससे पहले रोहन और एबडेन 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक प्वाइंट हासिल कर बढ़त लेने में सफल रहे।

लेकिन स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी का आत्मविश्वास तेजी से बढ़ा और उन्होंने जल्द ही दूसरे सेट में 4-0 की बढ़त ले ली, लेकिन दूसरा सेट 6-2 से जीतकर बराबरी कर ली। मैच टाईब्रेक में वे अधिक प्रभावशाली जोड़ी थे, उनके तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत सुनिश्चित हुई। यह बोपन्ना का साल का तीसरा एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। 43 वर्षीय भारतीय ने इस साल की शुरुआत में इंडियन वेल्स मास्टर्स खिताब जीतने के लिए एबडेन के साथ साझेदारी की थी। इस जीत ने बोपन्ना को टेनिस इतिहास का सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स चैंपियन भी बना दिया।

दोनों ने दोहा में ट्रॉफी भी उठाई। बोपन्ना और एबडेन



यूएस ओपन के एक प्रमुख फाइनल और मैड्रिड में एक और मास्टर्स 1000 फाइनल में भी पहुंचे। हालाँकि, एक टीम के रूप में अपने पहले सीज़न में, बोपन्ना और एबडेन एटीपी फाइनल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शंघाई मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर सीज़न फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एटीपी फाइनल्स में बोपन्ना की यह चौथी उपस्थिति और 2015 के बाद उनकी पहली उपस्थिति होगी। उनकी सभी चार योग्यताएं अलग-अलग भागीदारों के साथ आई हैं।

## ट्रैविस हेड को नेट्स में बल्लेबाजी के बाद ऑस्ट्रेलिया के मैचों में खेलने की उम्मीद

एडिलेड, 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। चोटिल बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बाद नेट्स पर बल्लेबाजी करने से उन्हें मौजूदा 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के मैचों में खेलने की उम्मीद है।

पिछले सप्ताह शुक्रवार को हेड के बाएं हाथ से सुरक्षात्मक पट्टी हटा दी गई थी और तब से एडिलेड में अपने आवास पर अभ्यास नेट में उन्हें कई थ्रो-डाउन का सामना करना पड़ा है। फिलहाल, हेड के विश्व कप में भाग लेने की शुरुआती उम्मीद 25 अक्टूबर को नई दिल्ली में नीदरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का मैच खेलना है। यह अच्छी तरह से हो रहा है, और शायद हमारी उम्मीद से बेहतर है। जब हमने सर्जरी नहीं कराने का फैसला किया, जिसका मतलब 10 सप्ताह की रिकवरी थी, तो हमें बताया गया कि स्प्लिंट के साथ कम से कम छह सप्ताह लगेंगे। उस योजना के अनुसार, नीदरलैंड का मैच प्रभाव से सिर्फ छह सप्ताह से कम समय में होगा जो कि काफी आक्रामक तारीख है, इसलिए उस समय सीमा को पूरा करने के लिए यहां से सब कुछ पूरी तरह से आगे बढ़ना होगा। लेकिन हम सिर्फ यह देखेंगे कि यह अगले कुछ दिनों में कैसे आगे बढ़ता है और मैं सप्ताह के अंत में लड़कों के साथ वहां जुड़ने की संभावना से उत्साहित हूं। क्रिकेट.कॉम.एयू ने हेड के हवाले से कहा, मुझे यह भी यकीन नहीं था कि जब स्प्लिंट उतरा तो मैं बल्लेबाजी कर पाऊंगा, लेकिन थोड़ी सी कठोरता के अलावा, पिछले चार हफ्तों से मैं इसका उपयोग करने में सक्षम नहीं था, मैं गेंदों को हिट करने में सक्षम था और उचित रेंज के शॉट्स खेलें।

## गुरबाज और इब्राहिम की बेहतरीन साझेदारी, इंग्लैंड को 285 रन का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान ने सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज 57 गेंदों में 80 रन और इब्राहिम 28 रनों की पहले विकेट के लिए बेहतरीन 114 रनों की साझेदारी बदौलत रविवार को आईसीसी विश्वकप के 13वें एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया है। इंग्लैंड ने आज यहां टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। सलामी बल्लेबाज गुरबाज और इब्राहिम जादरान की जोड़ी ने अफगानिस्तान को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। गुरबाज एक छोर आक्रामक तो दूसरी ओर इब्राहिम ने संभलकर बल्लेबाजी की। इस जोड़ी ने शुरुआती 10 ओवर में 79 रन बनाए। अफगानिस्तान को पहला झटका 17वें ओवर में 114 रन के स्कोर पर उस




समय लगा धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी कर रहे इब्राहिम 48 गेंदों में 28 रन बनाकर राशीद की गेंद पर जो रूट को कैच थमा बैठे। गुरबाज ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपने एकदिवसीय करियर का तीसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 57 गेंदों में 80 रन बनाए। उन्हें बटल की गेंद पर डी जे विली ने रन आउट किया। इस पारी के दौरान गुरबाज ने एशिया में एकदिवसीय मैचों में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इसके बाद अफगानिस्तान मध्यक्रम लड़खड़ा गया। 19वें ओवर में रहमत शाह तीन रन को रशीद ने बटलर के हाथों कैच आउट करा दिया। चौथे विकेट के रूप में हशमतउल्लाह शहीदी 14 रन जो रूट का शिकर बने। अज़्मतउल्लाह ओमरज़ाई 19 रन को लिविंगस्टन को वोक्स ने कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये इकराम अलीखलि 58 रन ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला। उन्हें टॉप्ले की गेंद पर कुरेन ने कैच आउट किया। मुश्किल समय में इकराम और राशिद खान ने 43 रन की उम्दा साझेदारी करते हुए टीम को अच्छे स्कोर की ओर अग्रसर कर दिया। राशिद 22 गेंदों में 23 रन बनाये। निचले क्रम में मुजीब उर रहमान ने 16 गेंदों में 28 रन का अहम योगदान दिया। उन्हें वुड की गेंद पर जो रूट ने आउट किया। अफगानिस्तान की पूरी टीम 49.5 ओवर में 284 रन बनाकर आउट हो गयी। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद 42 देकर तीन विकेट लिये। इसके अलावा मार्क वुड ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं रिस टॉप्ले, लियम लिविंगस्टन और जो रूट को एक-एक विकेट मिला।

## अगर आप जीत नहीं सकते, तो कम से कम संघर्ष करें : रमीज राजा

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व क्रिकेटर और पूर्व पीसीबी प्रमुख रमीज राजा ने भारत के खिलाफ 7 विकेट की करारी हार के बाद 2023 विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मैच में मौके पर खरा नहीं उतरने और भारत को कड़ी टक्कर नहीं देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। पाकिस्तान भारत को एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने की राह पर था, जब उसने 155-2 का स्कोर बना लिया था, लेकिन इसके बाद उसने 13 ओवर में सिर्फ 36 रन पर शेष आठ विकेट खो दिए, जिससे शनिवार को उसकी टीम 191 रन पर ऑल आउट हो गई। यह पुरुष वनडे विश्व कप में खेलने के इतिहास में पाकिस्तान के आखिरी आठ विकेटों में सबसे खराब गिरावट थी। जवाब में, भारत के कप्तान रोहित शर्मा (86) ने नेतृत्व किया और मेजबान टीम ने पाकिस्तान के आक्रमण को खारिज करते हुए लगभग 20 ओवर शेष रहते जोरदार जीत हासिल की। आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में बोलते हुए, राजा ने अपनी पूर्व टीम के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान के लिए हार का क्या मतलब हो सकता है, इस पर चिंता व्यक्त करते हुए पाकिस्तान की आलोचना की। रमिज़ ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में कहा, इससे पाकिस्तान को नुकसान होना चाहिए क्योंकि वे प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं थे। जब आप भारत के खिलाफ खेल रहे होते हैं तो जाहिर तौर पर यह ऐसा माहौल होता है जहां 99 प्रतिशत भारतीय प्रशंसक और भीड़ होती है, आप जाहिर तौर पर अभिभूत होते हैं। मैं यह सब समझता हूं।

राजा ने कहा, लेकिन बाबर आजम ने चार या पांच साल तक इस टीम का नेतृत्व किया है, इसलिए आपको मौके पर खरा उतरना होगा। यदि आप जीत नहीं सकते, तो कम से कम प्रतिस्पर्धा करें। पाकिस्तान ऐसा करने में सक्षम नहीं था। विश्व कप अभियान के शुरुआती दो मैचों में नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज करने के बाद पाकिस्तान शनिवार के मैच में भारत के साथ होने



वाले अहम मुकाबले के लिए तैयार हो गया। लेकिन शनिवार की हार यह दर्शाती है कि पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप के अपने सभी आठ मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत हासिल करने में असमर्थ रहा है, जिसका इतिहास 1992 में टूर्नामेंट में उनके शुरुआती संघर्ष से जुड़ा है। 61 वर्षीय खिलाड़ी का मानना है कि भारत के खिलाफ खराब रिकॉर्ड के कारण पाकिस्तान पर दबाव है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगर वे टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण चरणों में फिर से भिड़ेंगे तो बदलाव आएगा। यह एक वास्तविकता है और पाकिस्तान को इसके बारे में कुछ करना होगा, उन्हें भारत के खिलाफ चोकर्स नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह कोई बड़ा टैग नहीं है। किसी तरह यह एक मानसिक अवरोध है, यह एक कौशल अवरोध भी है। पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप प्रतियोगिताओं में अपनी उपस्थिति बनाए रखने का श्रेय भारत को जाता है, यह भारत के लिए भी आसान मैच नहीं था क्योंकि इसमें भावनाएं शामिल हैं, उम्मीदें शामिल हैं। तो फिर आपको जीतना ही होगा क्योंकि यह इतने सालों से हो रहा है कि इससे आप पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव आ सकता है। लेकिन उन्होंने इसे बहुत अच्छी तरह से संभाला है।

पूर्व क्रिकेटर ने यह भी बताया कि पाकिस्तान को भारत से मिली करारी हार से सीखने के लिए क्या करने की जरूरत है और फिर अपना ध्यान तुरंत अपने बचे हुए मैचों पर केंद्रित करना चाहिए। यह उन्हें चोट पहुंचाने वाला है। यह डराने वाला है, यह पीटने वाला है और वे तीनों विभागों में पिछड़ गए हैं और मात खा गए हैं। बाबर आजम और वरिष्ठ खिलाड़ियों को कुछ युवा बच्चों के साथ एकजुट होना होगा और उन्हें आगे बढ़ाना होगाऔर उत्तर ढूंढना होगा। उन्होंने आगे कहा, उन्हें उन टीम बैठकों में पूरी तरह से ईमानदार रहना होगा। मेरा मानना है कि पाकिस्तान को यहीं से शुरुआत करने की जरूरत है। ड्राइंग बोर्ड पर कहा जा रहा है कि हमारी स्पिन संघर्ष कर रही है, हमें 50 या 49 रन बनाकर आउट नहीं होना चाहिए और टेलेंडर्स क्या कर रहे थे? तीन मैचों में तीन जीत के साथ, भारत तालिका में शीर्ष पर है, जबकि पाकिस्तान, दो शुरुआती जीत के साथ, चौथे स्थान पर है, क्योंकि सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए उनकी नज़र शीर्ष चार में पहुंचने पर है।

## सार संक्षेप

### यूरो 224 क्वालिफाइंग में इटली ने माल्टा को हराया

**रोम।** इटली ने यूईएफए यूरो 224 क्वालिफाइंग में डोमेनिको बेरार्डी के दो गोल की बदौलत माल्टा को 4- से हरा दिया है। शनिवार को खेले गये इस मुकाबले में इटली की टीम शुरू से ही आक्रामक रही। गत चैंपियन के बोनावेंटुरा ने आखिरकार 23वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए गोल कर दिया और यह उनका पहले अंतरराष्ट्रीय गोल था। बेरार्डी ने ब्रेक से पहले निकोलो बारेला के साथ मिलकर गोल करते हुए बढ़त दोगुना कर दिया। ब्रेक के बाद इटली ने अपना दबदबा जारी रखा और बेरार्डी ने 64वें मिनट में तीसरा गोल किया। इससे पहले कि स्थानापन्न डेविड फ्रैटेसी ने अंतिम मिनटों में गोल कर दिया। माल्टा की टीम पूरे मैच में संघर्ष करती देखी गई। इस जीत के साथ ही इटली को 1` अंकों के साथ ग्रुप सी में अपना दूसरा स्थान पर है। इटली की यह लगातार दूसरी जीत है।

### डेनियल एबियनो ने पुरुष वर्ग और अयाना ने महिला वर्ग की दौड़ जीती

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरुष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली। आज सुबह यहां केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फायर कर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया। केन्या के एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में 59 मिनट और 27 सेकंड में दौड़ पूरी की। वही महिला वर्ग में इथियोपिया की अयाना ने एक घंटे सात मिनट और 59 सेकंड में दौड़ पूरी करके युगांडा की स्टेला चेसांग (1`.8.28) और केन्या की वियोला चेपनजेनो (1`.9`.9) को पछाड़ते हुए जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक पाल (1`.4`.8) और कविता यादव (1.17.42) ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में कार्तिक दूसरे और सावन ने तीसरे स्थान रहे। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया। आज सुबह तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 1` किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए 42.195 किमी की मैराथन को सात घंटे 18 मिनट में, 25 किमी की दौड़ को चार घंटे 11 मिनट में, 21`.97 किमी की हाफ मैराथन तीन घंटे 3 मिनट और 1` किमी की दौड़ को 95 मिनट निर्धारित किये गये थे।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 4.76 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.55 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.00 प्रतिशत |
| मारुति | 1.62 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.71 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.43 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां) इजरायल और फलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# दूसरी तिमाही की अर्निंग से संकेत ले सकते हैं निवेशक

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि निवेशक दूसरी तिमाही की अर्निंग पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिसमें ऑटो, वित्त और तेल और गैस जैसे क्षेत्रों से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही की आय पर सकारात्मक उम्मीदों और मध्य पूर्व संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार में अच्छी शुरूआत हुई है।

हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा के अनुमान से अधिक होने और इसके चलते ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीआई डेटा में उल्लेखनीय गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीदें बनाए रखने में मदद की। उन्होंने कहा, आईटी सेक्टर के कमजोर राजस्व और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बाजार रुझान प्रभावित हुआ। दूसरी ओर, रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया, महत्वपूर्ण परियोजना लॉन्च और त्योहारी सीजन से उत्साहित होकर प्री-सेल में बढ़ोतरी हुई। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि अमेरिका में स्थिर खुदरा मुद्रास्फीति, अमेरिका में आगे दरों में बढ़ोतरी की संभावना अभी भी बरकरार है और चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ऐसे कारक हैं जो आने वाले समय में बाजार के सेंटीमेंट्स को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन एक मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था की वास्तविकता इक्विटी का समर्थन करती है, और इसलिए, किसी भी सुधारात्मक गिरावट में यह महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि निकट भविष्य में बाजार व्यापक आर्थिक आंकड़ों और जारी दूसरी तिमाही के नतीजों से संकेत लेना जारी रखेगा। एचडीएफसी बैंक सोमवार को नतीजे घोषित करेगा, उसके बाद सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज ऑटो, विप्रो और आईटीसी आएंगे। कुल मिलाकर, भारतीय बाजार ने कई वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद इस सप्ताह 0.5 प्रतिशत की बढ़त के बावजूद लचीलापन दिखाया है। हम उम्मीद करते हैं कि मजबूत आर्थिक आंकड़ों के साथ-साथ अपेक्षित स्वस्थ कॉर्पोरेट आय के कारण बाजार सकारात्मक दायरे में रहेगा।




■ **निवेशक दूसरी तिमाही की अर्निंग पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिसमें ऑटो, वित्त और तेल और गैस जैसे क्षेत्रों से काफी उम्मीदें हैं:-विनोद नायर जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख**

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन ने बच्चों के लिए 5 लाख भोजन जुटाए

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में रनफॉरजीरोहंगर अभियान के तहत मैराथॉन की हर एक किलोमीटर की दौड़ में ज़रूरतमंद बच्चों को एक समय का भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता ने कुल मिलाकर 50 लाख भोजन इकट्ठा किए हैं। मैराथॉन के आज संपन्न दूसरे संस्करण में 35,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। लोगों की रिकॉर्ड भागीदारी रही। पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक धावाकों ने हाफ मैराथन, ओपन 10हजार मीटर रन, ग्रेट दिल्ली रन, सीनियर सिटिज़न और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सहित पांच आयोजनों में भाग लिया। इससे जुटाये गये 50 लाख भोजन आने वाले हफ्तों में वेदांता के लगभग 6,000 नंद घरों के नेटवर्क में परोसा जाएगा। नंद घर, आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र हैं। 'नंद घर' देश के 14 राज्यों में संचालित होने वाला वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की एक प्रमुख सामाजिक पहल है। रविवार के दिन आयोजित इस मैराथन दौड़ को वेदांता की निदेशक और हिंदुस्तान ज़िंक लिमिटेड की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सुश्री हेब्बर ने कहा, आज हमने जो देखा, वह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट होकर, मनोरंजन के साथ फिटनेस, और उससे भी ज़रूरी, एक उद्देश्य के लिए, उनकी सहभागिता दर्शाता है। हमारे अध्यक्ष अनिल अग्रवाल का सपना है कि भारत के हर बच्चे को पौष्टिक भोजन से युक्त आहार नियमित रूप से उपलब्ध हो और हर बच्चा भरपूर भोजन मिलने के बाद ही सोये। हम रनफॉरजीरोहंगर अभियान के माध्यम से हर भारतीय को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से यह दौड़ आयोजित की गई है। हम चाहते हैं कि इस देश की हर आंगनवाड़ी एक आधुनिक नंद घर बने। हाल ही में, वेदांता ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के माध्यम से मिलेट-आधारित न्यूट्री-बार लॉन्च किया। इसे नंद घरों सहित आंगनवाड़ियों में बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप में दिया जाता है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के धावकों को जीतने पर पदक प्रदान किया गया।

# इस त्योहारी सीजन में लें मेड इन यूपी वाइन का स्वाद

**लखनऊ,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बनी पहली वाइन चालू त्योहारी सीजन के दौरान परोसे जाने की संभावना है। आबकारी विभाग ने मुजफ्फरनगर स्थित एक उद्यमी को वाइनरी का व्यावसायिक संचालन शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है। इकाई के मालिक ने उत्पादों के ब्रांड नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और जल्द ही उन्हें विभाग के साथ पंजीकृत करना जा रहा है।

प्रमोटर मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर विंटनरी-कम-रिज़ॉर्ट के पर्यटन आयोजित करने की योजना बना रहा है। स्थानीय फलों से वाइन का उत्पादन करने वाले मनोज गुप्ता ने कहा कि 750 मिलीलीटर और 330 मिलीलीटर वाइन की बोतलें दिवाली से पहले खुदरा दुकानों में आ जाएंगी। शुरुआती चरण में, गुप्ता ने अमरूद आधारित वाइन लॉन्च करने की योजना बनाई है। बाद में वाइन बनाने के लिए पांच और फलों - आम, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, आड़ू और लीची - का अर्क तैयार किया जाएगा।

गुप्ता ने कहा, 'हम विभिन्न स्वादों की वाइन लॉन्च करने जा रहे हैं और देखेंगे कि कौन सी किस्म सबसे अधिक पसंद की जाती है और उसके अनुसार उत्पादन बढ़ाएंगे।' गुप्ता को एक वर्ष में 60 हजार लीटर वाइन का उत्पादन करने की अनुमति दी गई है। विंटनरी का संचालन महाराष्ट्र के नासिक के आधा दर्जन अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा, जहां कई दशकों से अंगूर आधारित वाइन का उत्पादन किया जाता रहा है।

**उत्तर प्रदेश में बनी पहली वाइन चालू त्योहारी सीजन के दौरान परोसे जाने की संभावना**

किसानों/बागवानों के लिए आय और अवसरों में सुधार के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार ने मार्च 2022 में विंटनरी नियमों को लागू करने के लिए आबकारी नीति में संशोधन किया, जिसके माध्यम से वाणिज्यिक शराब उत्पादन की अनुमति दी गई है। एक प्रमुख प्रोत्साहन की पेशकश करते हुए, राज्य ने स्थानीय रूप से प्राप्त फलों के माध्यम से उत्पादित शराब पर शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है।



आबकारी आयुक्त सेंथिल सी. पांडियन ने कहा कि स्थानीय जिला उत्पाद शुल्क अधिकारी क्वार्ट बोतलों में यंग वाइन के कम से कम दो सैंपल एकत्र करेंगे। बोतलों को बाजार में लॉन्च करने से पहले पीने की क्षमता और वास्तविक अल्कोहल शक्ति के लिए प्रयोगशाला में इसकी जांच कराएंगे। मुजफ्फरनगर जिला आबकारी अधिकारी आर.बी. सिंह ने कहा कि स्थानीय खुदरा विक्रेताओं और बार मालिकों को दुकानों के भीतर ग्राहकों के सामने यूपी निर्मित शराब प्रदर्शित करने के लिए कहा जाएगा। गुप्ता ने कहा कि विंटनरी को 20 कमरों वाले रिसॉर्ट में स्थापित किया गया है, जिसे उत्पादन प्रक्रिया सीखने में रुचि दिखाने वाले आगंतुकों को आरामदायक ठहराव की सुविधा प्रदान करने के लिए सजाया गया है।

उत्पादन के लिए आवश्यक उपकरण, मशीनरी आदि की खरीद पर चार करोड़ रुपये की लागत आयेगी। विभिन्न फलों की किस्मों की 750 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 800 रुपए से 1,500 रुपए के बीच होगी। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, बरेली में स्थित एक अन्य वाइन इकाई के भी इस साल के भीतर अपने उत्पाद लॉन्च करने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### सऊदी अरामको पाकिस्तान में शेल की संपत्तियों के लिए बोली लगाने पर कर रही विचार

**कराची।** सऊदी अरामको कथित तौर पर पाकिस्तान में शेल पीएलसी की संपत्ति के लिए बोली लगाने की संभावना तलाश रही है। मामले से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए ब्लूमबर्ग ने बताया, 'यह संभावित डील दक्षिण एशियाई देश के ऊर्जा क्षेत्र में सऊदी अरब के पहले उद्यम को चिह्नित कर सकता है।' एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, कहा जा रहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको पाकिस्तान में शेल परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर रही है, जिसमें शेल पाकिस्तान लिमिटेड पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में सूचीबद्ध है और इसका अनुमानित बाजार मूल्य 123 मिलियन डॉलर है। हालांकि, संभावित लेनदेन का सटीक मूल्य अज्ञात है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि विचाराधीन संपत्ति का मूल्य लगभग 2 मिलियन डॉलर हो सकता है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, यह घटनाक्रम इस साल जून में शेल पाकिस्तान लिमिटेड (एसपीएल) द्वारा की गई एक पूर्व घोषणा का अनुसरण करता है, जहां मूल कंपनी शेल पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (एसपीसीओ) ने एसपीएल में अपनी हिस्सेदारी बेचने की इच्छा व्यक्त की थी। शेल का निर्णय शेयरधारकों के लिए रिटर्न बढ़ाने और खराब प्रदर्शन करने वाले व्यवसायों से विनिवेश करने के लिए सीईओ वेल सावन के तहत अपनी व्यापक कॉर्पोरेट रणनीति के अनुरूप है। सऊदी अरामको इन परिसंपत्तियों पर नजर रखने वाली एकमात्र प्लेयर नहीं है। जुलाई में, पाकिस्तान रिफाइनरी लिमिटेड (पीआरएल) और एयर लिंक कम्युनिकेशन (एआईआरलिंक) ने संयुक्त रूप से शेल पाकिस्तान लिमिटेड में बहुमत हिस्सेदारी और नियंत्रण हासिल करने का इरादा व्यक्त किया है।

### भारत-पाक क्रिकेट मैच के दौरान स्विगी पर प्रति मिनट 25 बिरयानी का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने शनिवार को कहा कि उसे वनडे वर्ल्ड कप ग्रुप मैच में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के दौरान प्रति मिनट 25 से अधिक बिरयानी के ऑर्डर मिले। मैच शुरू होने के बाद से स्विगी को प्रति मिनट 25 बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। कंपनी ने कहा, 'चंडीगढ़ में एक परिवार ने एक बार में 7 बिरयानी का ऑर्डर दिया। ऐसा लगता है कि वे पहले से ही जश्न मना रहे थे।' इसके अलावा मैच के दौरान भारतीयों ने 1 लाख से ज्यादा कोल्ड ड्रिंक का ऑर्डर भी दिया। स्विगी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आज ब्लू लेज़ (चिप्स) और ग्रीन लेज़ की क्रमशः 1,916 और 8,54 पैकेट्स का ऑर्डर दिया गया। निःसंदेह ब्लू यहां भी जीत रहा है।' कंपनी ने आगे कहा, '3,59 कंडोम का ऑर्डर दिया गया, कुछ खिलाड़ी आज मैदान से बाहर खेल रहे हैं।' भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1,, से अधिक प्रशंसकों के सामने बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 191 रन पर आउट कर दिया और फिर आसानी से सात विकेट से जीत हासिल की।

# तिमाही नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**सप्ताहिक समीक्षा**

**मुंबई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह वैश्विक रुझान के साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 287.11 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19751.05 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 227.96 अंक उछलकर सप्ताहांत पर 32305.62 अंक और स्मॉलकैप 324.25 अंक मजबूत होकर 38184.83 अंक पर पहुंच गया।

बाजार सलाहकार कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, दूसरी तिमाही के परिणाम को लेकर सकारात्मक उम्मीदों और इजरायल-हमास संघर्ष पर चिंताओं के बावजूद वैश्विक बांड यील्ड में नरमी से भारतीय बाजार सुस्त शुरुआत से उबर गया। हालांकि, अमेरिकी में महंगाई की दर उम्मीद से अधिक रहने की वजह से ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि ने सप्ताह के अंत तक सकारात्मक प्रवृत्ति को थोड़ा कम कर दिया। वहीं, स्थानीय स्तर पर सितंबर में खुदरा महंगाई में आई गिरावट और प्रभावशाली औद्योगिक उत्पादन जैसे घरेलू कारकों ने उम्मीद को बनाए रखने में मदद की। इस बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की आय में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण सीजन की कमजोर शुरुआत ने व्यापक बाजार रुझान को प्रभावित किया। वहीं, दूसरी ओर रियल्टी क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण परियोजनाओं की लॉन्चिंग और त्योहारी सीजन की शुरुआत से उत्साहित होकर प्री-सेल्स में बढ़ोतरी हुई।



श्री नायर ने कहा कि अगले सप्ताह कई दिग्गज कंपनियों विशेषकर ऑटो, वित्त और तेल एवं गैस क्षेत्र की कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी होने वाले हैं। इस पर बाजार की नजर रहेगी। अगले सप्ताह एचडीएफसी बैंक, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, नेल्को, बजाज फाइनेंस, विप्रो, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील और इक्रा जैसी दिग्गज कंपनियों के परिणाम आने वाले हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी का रुख रहा। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर लगभग हर क्षेत्र में हुयी बिकवाली के कारण सोमवार को सेंसेक्स 483.24 अंक टूटकर 65512.39 अंक और निफ्टी 141.15 अंक उतरकर 19512.35 अंक पर रहा। वहीं, अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 566.97 अंक की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और निफ्टी 177.50 अंक की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह अमेरिकी फेड रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के मिनट्स और महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 393.69 अंक की छलांग लगाकर 66473.05 अंक और निफ्टी 119.60 अंक की तेजी लेकर 19809.45 अंक हो गया। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, एसबीआई और एलटी समेत चौदह कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरूवार को सेंसेक्स 64.66 अंक उतरकर 66408.39 अंक और निफ्टी 17.35 अंक फिसलकर 19794 अंक पर आ गया।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 06 अक्टूबर को को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर रहा गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 70.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 519.5 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.4 अरब डॉलर की कमी के साथ 42.3 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.9 अरब डॉलर रह गई।



# खाद्य तेल और दाल-दलहन सस्ता

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 140 रिंगिट उबलकर 3705 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट लेकर 54.48 सेंट प्रति पौंड रह गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 73 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए, सूरजमुखी तेल 220 रुपए, सोया रिफाइंड 146 रुपए, पाम ऑयल 67 रुपए और वनस्पति तेल 67 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20000 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11209 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8466 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10333 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

# एयर इंडिया के वरिष्ठ पायलटों और प्रबंधन के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण

**नई दिल्ली,** 15 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश का विमानन क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है, महामारी के तूफान का दिलेरी से सामना करने वाले पायलटों के लिए एक आशाजनक परिदृश्य है। हालाँकि, सतह के नीचे, सब कुछ गुलाबी नहीं है - पायलटों और एयरलाइन प्रबंधन के बीच संबंध तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे हैं, खासकर एयर इंडिया के भीतर, जिसके स्वामित्व में लगभग दो साल पहले बदलाव हुआ था।

जब से टाटा संस ने एयर इंडिया का अधिग्रहण किया है, एयरलाइन के पायलटों और नए प्रबंधन के बीच संबंधों में खटास अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह कोई रहस्य नहीं है कि वरिष्ठ पायलटों को अपने पेशे की अनूठी प्रकृति को देखते हुए, अक्सर उन संगठनों के भीतर अपनेपन की भावना तलाशने के लिए संघर्ष करना पड़ता है जिनमें वे सेवा करते हैं। एयर इंडिया के वरिष्ठ पायलट अपनी शिकायतों के बारे में मुखर रहे हैं, अक्सर व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि पायलटों और चालक दल के सदस्यों की यह स्थिति इन महत्वपूर्ण कर्मचारियों को अलग-थलग करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपनाई गई रणनीति है। हालाँकि, एयरलाइन के अंदरूनी सूत्रों का आरोप है कि वरिष्ठ पायलटों को उनकी उच्च-रैंकिंग भूमिकाओं से हटा दिया गया, जिसमें संचालन प्रमुख जैसे पद भी शामिल थे, जिसके बाद प्रबंधन के साथ टकराव शुरू हो गया।




■ **देश का विमानन क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है, महामारी के तूफान का दिलेरी से सामना करने वाले पायलटों के लिए एक आशाजनक परिदृश्य है**

टाटा प्रबंधन ने सेवा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया है, लेकिन संगठन के भीतर गंभीर मुद्दों के समाधान की तत्काल आवश्यकता प्रतीत होती है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि टाटा को नियंत्रण लेने के तुरंत बाद पुरानी प्रबंधन टीम को हटाकर एक नई टीम को नियुक्त करना चाहिए था। काम करने के अपने मौजूदा तरीकों के साथ बरकरार प्रबंधन को एक अस्थिर प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जो एयरलाइन के भीतर अंदरूनी कलह को बढ़ावा देता रहता है।

एयर इंडिया लंबे समय से विभिन्न गुटों के अस्तित्व से पीड़ित है, जो अक्सर एयरलाइन की भलाई की बजाय स्व-हित से प्रेरित होते हैं। पुराने प्रबंधन को बरकरार रखने से अनजाने में ये विभाजन कायम हो गए हैं, जिससे विभिन्न कर्मचारी समूहों और प्रबंधन के बीच प्रतिकूल संबंध बढ़ गए हैं। दशकों के अनुभव वाले कई अंदरूनी सूत्रों का तर्क है कि निजीकरण के बाद से आंतरिक तानाबाना खराब हो गया है। उत्पाद, वित्तीय प्रदर्शन या कार्य वातावरण में सुधार के मामले में कुछ खास दिखाने लायक नहीं है। पूर्व पायलट शक्ति लुंबा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एयर इंडिया में बस इतना हुआ है कि एक प्रवासी सीईओ और एक प्रवासी सुरक्षा निदेशक मिला है, जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। टाटा ने आईएएस बाबू की जगह टीएएस बाबू को रख लिया है।

# महामाया मंदिर में 29 हजार मनोकामना ज्योति प्रज्वलित,50 हजार श्रध्दालु पहुंचे

## मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना शुरू, दर्शन के लिए हजारों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु, दुर्गा पंडालों को दिया जा रहा अंतिम रुप





**बिलासपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो गया है शहर के मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। आज महामाया देवी रतनपुर में 29 हजार ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए तथा 50 हजार से अधिक श्रद्धालु यहां माता के दर्शन करने पहुचे है। जगह-जगह दुर्गा पूजा पंडाल में दुर्गा माता की प्रतिमा विराजी जा रही है।

आज शाम शहर के मंदिरों में महाआरती की जाएगी और गाजे बाजे के साथ देवी मां की प्रतिमा स्थापित की जा रही है । महामाया मंदिर रतनपुर में ज्योति ऋश के साथ पूजा अर्चना शुरू हो गई है आज नवरात्रि के पहले दिन यहां श्रद्धालुओं की लंबी कटारे लगी हुई है शहर में भी एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि पर्व की धूम है काली मंदिर त्रिपुरा में ज्योति कलश पर जीवित किए गए हैं श्रद्धालु महिलाएं सुबह से ही कतार लगी रही । वहीं हरदेवलाल मंदिर गोल बाजार , महामाया मंदिर गणेश नगर, दुर्गा मंदिर तोरवा, नवदुर्गा मंदिर दयालबंद, चिंगराजपारादुर्गा मंदिर तथा हरदेव लाल मंदिर गोल बाजार में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। घट स्थापना के साथ आरती की गई है। आज शाम यहां महा आरती की जाएगी काली मंदिर तिफरा में मेला सा लगा है और जगह-जगह जगराता का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। आज से टिकरापारा गुजराती मंदिर में रास गरबा भी शुरू हो रहा है। वही अनेक जगह में रास गरबा की तैयारी की गई है। आज गोडपारा में गाजेबाजे के साथ देवी मां की प्रतिमा स्थापित की तैयारी की जा रही है। तेलीपारा मसानगंज तोरवा, जूना बिलासपुर, दयालबंद में नवरात पूजा की तैयारी की जा रही है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं। आदर्श दुर्गा उत्सव समिति गोडारा तथा तथा नवयुवक दुर्गा पूजा समिति गोल बाजार में भी आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं। सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति शिवटाकीज चौक में भी पांडाल तैयार किया गया है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा में भी आकर्षक झांकी बनाई जाएगी वही नवीन दुर्गा पूजा समिति तेलीपारा में भी पूजा की तैयारी की जा रही है। वही दयालबंद तोरबा में भी आकर्षक विद्युत सजावट के साथ तैयारी की जा रही है । महामाया देवी में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव तथा पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने पूजा अर्चना की तथा सरकार बनने जीत एवंप्रदेश की खुशहाली की कामना की।

### सतबहिनिया मंदिर बंधवापारा सरकंडा में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

आदि शक्ति माँ दुर्गा के आराधना का पर्व रविवार यानी आज से शुरू हो गया है और पर्व के पहले दिन से ही माता के देवालयों में भक्तिमय वातावरण के बीच विधिविधान से पूजा आरती व देवी की उपासना शुरू हो गई है जो कि पूरे नौ दिनों तक कायम रहेगी। बंधवापारा सरकंडा स्थित मां सतबहिनिया मंदिर में भी शारदीय नवरात्रि पर आज सुबह पंडित हरिगोपाल चौबे के हाथों सभी सदस्यों की उपस्थिति में ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। इस वर्ष 480 से ज्यादा घृत और तेल ज्योति कलश मनोकामना स्वरूप प्रज्वलित किया गया है। मां जनकल्याण सेवा समिति और आकृति महिला मंडल के द्वारा पूरे मंदिर परिसर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई की गई।समिति के सचिव डॉ शंकर यादव ने जानकारी दी कि इस अवसर पर प्रति वर्षानुसार सवा लाख गायत्री महामंत्र का जाप भी किया जा रहा है। जाप में गीता पब्लिक स्कूल, विद्या निकेतन व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी अपने स्कूल के प्रभारी शिक्षको के साथ भाग लेंगे, जाप का समय आधा आधा घंटे की पालियों में सुबह 6 बजे से 8.30 बजे तक रखा गया है। पूरी व्यवस्था में अध्यक्ष पं हरिगोपाल चौबे, जी आर देवांगन,लव प्रसाद शराफ, शंकरलाल पाटनवार, लखन सिंह राजपूत, छोटे लाल ठाकुर, झरोखा चंद्राकर, सिद्धेश्वर पाटनवार, केके चंद्राकर,टीकम साहू,सुनील यादव, संदीप कश्यप आदि उपस्थित थे।

### पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में 115 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्वलित

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन प्रात:कालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार शैलपुत्री देवी के रूप में किया गया।श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया गया।परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का पूजन एवं श्रृंगार किया जा रहा है।श्री मनोकामना घृत ज्योति 115 कलश अभिजीत मुर्हूत 11:30 से 12:30 मध्यान्ह मे प्रज्वलित किया गया।तत्पश्चात ध्वजारोहण,ज्वारोपणम् किया गया।श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं श्री पीताम्बरा हवनात्मक यज्ञ रात्रिकालीन प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से रात्रि 1:30 बजे तक निरंतर चलता रहेगा तत्पश्चात महाआरती रात्रि 1:30 बजे किया जा रहा है। नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में पूजन श्रृंगार आराधना किया जाएगा नवरात्र के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा की जाती है। उन्हें त्याग और तपस्या की देवी माना जाता है। शास्त्रों में माँ ब्रह्मचारिणी को वेद-शास्त्रों और ज्ञान की ज्ञाता माना गया है। माँ ब्रह्मचारिणी का स्वरूप अत्यंत भव्य और तेजयुक्त है। माँ ब्रह्मचारिणी के धवल वस्त्र हैं। उनके दाएं हाथ में अष्टदल की जपमाला और बाएं हाथ में कमंडल सुशोभित है।भगवती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए एक हजार वर्षों तक फलों का सेवन कर तपस्या की थी। इसके पश्चात तीन हजार वर्षों तक पेड़ों की पत्तियां खाकर तपस्या की। इतनी कठोर तपस्या के बाद इन्हें ब्रह्मचारिणी स्वरूप प्राप्त हुआ। साधक और योगी इस दिन अपने मन को माँ के श्री चरणों मे एकाग्रचित करके स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित करते हैं और माँ की कृपा प्राप्त करते हैं। ब्रह्म का अर्थ है, तपस्या, तप का आचरण करने वाली भगवती, जिस कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया है। साधक अनेक प्रकार से भगवती की अनुकम्पा प्राप्त करने के लिए व्रत-अनुष्ठान व साधना करते हैं। कुंडलिनी जागरण के साधक इस दिन स्वाधिष्ठान चक्र को जाग्रत करने की साधना करते हैं। माँ दुर्गाजी का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनन्तफल देने वाला है।माँ ब्रह्मचारिणी की उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है।



## सार-संक्षेप



### बिलासा कन्या में भौतिक शास्त्र परिषद गठित, समृद्धि बनी नई अध्यक्ष

**बिलासपुर**,15 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय बिलासा कन्या पीजी कालेज में शनिवार को भौतिक शास्त्र परिषद का गठन किया गया। एमएससी अंतिम की छात्रा समृद्धि श्रीवास्तव को अध्यक्ष मनोनित किया गया। प्राचार्य डा.एसआर कमलेश ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया।महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा भौतिक शास्त्र परिषद का गठन एवं नव प्रवेशित छात्राओं के स्वागत का कार्यक्रम किया गया। परिषद में अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सचिव ,सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन मेरिट के आधार पर किया गया। प्राचार्य डा.कमलेश ने छात्राओं को एसोसिएशन का गठन, विभाग कि गत्विधियों के बारे में बताया। कहा कि इससे छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा होता है। कमलेश ठक्कर द्वारा कविता के माध्यम से विभाग का परिचय नवीन छात्राओं को कराया गया ।जिसमें एमएससी अंतिम की छात्रा समृद्धि श्रीवास्तव अध्यक्ष , प्रतिष्ठा पटेल सचिव , एमएससी पूर्व की छात्रा श्रेया शर्मा उपाध्यक्ष, नम्रता पटेल सह सचिव एवम् अपर्णा पांडेय कोषाध्यक्ष मनोनीत हुई।

डीएलएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवांतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि शासी निकाय की अध्यक्ष निशा शर्मा, प्राचार्य डा. रंजना चतुर्वेदी, डा. क्षमा त्रिपाठी रहे। प्राचार्य डा.रंजना चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर को साफ-सफाई से रखने, अनुशासन बनाए रखने, आपस में सौहाद्रपूर्ण व्यवहार, अपने समस्त विषय के कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थिति रखने विषयक निर्देश भी दिए। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्य प्रस्तुत किये गये जिनमें छात्र-छात्राओं के द्वारा समूह नृत्य, एकल नृत्य एवं कविता आदि प्रस्तुत किए गए।जिनमें नीतू राजपूत (नृत्य), आयुष (कविता), अंजली एवं ग्रुप समूह (नृत्य),श्रुति मालाकार व ग्रुप (नृत्य) एवं रोशन जायसवाल (संगीत) की प्रस्तुति दी गयी। समारोह मे मिस फ्रेशर कु. शकुन एवं मिस्टर फ्रेशर अतुल कश्यप , मिस्टर परफेक्ट देव एवं मिस परफेक्ट कु.अन्नपूर्णा व मिस्टर एंटरटेनिंग किशन रहे। मंच का संचालन छात्रा श्रुति मालाकार व अलका शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कालेज के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### युवक को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर पलटा, एक की मौत

**बिलासपुर**,15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पचपेड़ी क्षेत्र के गोपालपुर मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर का चालक वहां से भाग रहा था। अनियंत्रित ट्रैक्टर आगे जाकर पलट गया। हादसे में घायल युवक को अस्पताल लाया गया। यहां जांच के बाद डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर शव स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस ट्रैक्टर जब्त कर ड्राइवर की तलाश कर रही है।पचपेड़ी क्षेत्र के जोंधरा निवासी कार्तिक पटेल(24) अपने भतीजे शिवा पटेल को लेकर गोपालपुर रिश्तेदारी में गए थे। शनिवार की शाम करीब चार बजे वे बाइक से गांव लौट रहे थे। गोपालपुर मोड़ के पास वे सड़क किनारे बाइक खड़े कर रुके हुए थे। इसी दौरान परसोड़ी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने शिवा को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग रहा था।अनियंत्रित ट्रैक्टर थोड़ी दूरी जाकर पलट गया। इधर कार्तिक ने हादसे की जानकारी आसपास के लोगों को देकर घायल शिवा को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर शव चीरघर भेज दिया। रविवार को पीएम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है।

# जांच के दौरान कार में मिले 93 लाख के जेवर व पांच लाख रुपए

## विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाकर कर रही जांच



**बिलासपुर**,15 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर अभियान चलाकर जांच की जा रही है। शनिवार की रात चले अभियान के दौरान सिविल लाइन पुलिस ने एक वाहन से 93 लाख के जेवर जब्त किए हैं। वहीं, कोतवाली पुलिस ने खपरगंज में एक व्यक्ति से पांच लाख रुपये जब्त किए। पुलिस जेवर और रुपयों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एसपी संतोष कुमार के निर्देश पर शहर के सभी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात जांच अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर 14 जांच पाइंट बनाए गए। जांच के दौरान सिविल लाइन पुलिस ने देवकीनंदन चौक में एक संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी में सोने के जेवर मिले।जेवर के संबंध में पूछताछ के दौरान कार का चालक गोलमोल जवाब दे रहा था।

उसके पास जेवर के दस्तावेज भी नहीं थे। पुलिस ने जेवर जब्त कर लिया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने खपरगंज स्थित कबाड़ी लाइन में एक व्यक्ति के पास से पांच लाख 61 हजार रुपये जब्त किए। पूछताछ में गोलमोल जवाब मिलने पर पुलिस ने रुपये जब्त कर लिए हैं।

# सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराते 2 गिरफ्तार



**बिलासपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा असामाजिक तत्वों और समाज में शांति भंग करने वाले लोगों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया गया है।

जिसके परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एंव अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोटा टी.एस.नवरंग के नेतृत्व में आज थाना प्रभारी कोटा को सूचना मिला की शराब भट्टी कोटा के पास 02 अज्ञात व्यक्ति चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भेज कर शराब भट्टी कोटा में सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराते पुरन धुर्वे पिता महेश धुर्वे उम्र 32 साल साकिन कोटसागरपारा कोटा थाना कोटा, रवि कुमार पिता स्व.मैमधीन चौधरी उम्र 24 साल साकिन नेवरी थाना झगड़ाखंड जिला कोरिया आरोपीगणों के कब्जे से चाकू जप्त कर थाना लाकर विधिवत? गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जाती है।



**बिलासपुर**। दुर्गा पंडालों में सजावट का काम अंतिम चरण में है। वही झांकी लाइट सहित अन्य व्यवस्था को लेकर समिति के लोग जुटे हुए है।

# 50 पाव देशी शराब बेचते दो पकड़ाए



**बिलासपुर**,15 अक्टूबर (देशबन्धु। संतोष कुमार सिंह (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिले को नशामुक्त करने हेतु ''निजात अभियान'' चलाया जा रहा है, जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिलासपुर एवं डी.एस.पी. उदयन बेहार के निर्देशन में उप निरीक्षक विष्णु यादव के नेतृत्व में मल्हार पुलिस के द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है कि अभियान के दौरान मुखबिर सूचना पर मल्हार पुलिस टीम द्वारा मल्हार बस स्टैण्ड के पास आरोपियो के द्वारा बिक्री हेतु मोटर साइकिल से 50 पौवा देशी प्लेन शराब अवैध रूप से परिवहन करते जप्त किया गया है। चंद्र प्रकाश रजक पिता बरत लाल उम्र 28 ,बलराम तिवारी पिता जोहन तिवारी उम्र 61 साल दोनो निवासी जुनवानी थाना मस्तूरी जिला दोनो आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।सराहनीय भूमिका उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी मल्हार उप निरीक्षक विष्णु यादव, प्रधान आरक्षक विश्वाश पात्र, ओमप्रकाश कुर्रे, आरक्षक छत्रपाल डहरिया,अजय मधुकर, सैलेंद्र कुर्रे, का विशेष योगदान रहा।

# केंद्र सरकार सेना के पड़ी 1012 एकड़ जमीन बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए तुरंत वापस करे

## राज्य सरकार ने 90 करोड़ पहले ही कर रखी है जमा सेना जमीन वापस करने सहमति भी

## 4 सी एयरपोर्ट बनाने के लिए 270 एकड़ जमीन चाहिए

## बची जमीन पर ऐरो सिटी विकसित होगी

**बिलासपुर**, 15 अक्टूबर (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार से मांग की है कि बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट के चारो तरफ 12 साल पहले सेना द्वारा अधिग्रहित जमीन जो की सेना का ट्रेनिंग सेंटर का प्रोजेक्ट कैंसिल होने के कारण खाली पड़ी है। अविलंब राज्य सरकार को वापस की जाए। बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए यह जमीन अत्यंत आवश्यक है और इसके बिना 4 सी एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकेगा। समिति ने कहा कि एयरबस एयर बोईंग विमानों के लिए लम्बा रनवे और 4 सी एयरपोर्ट चाहिए और 4 सी एयरपोर्ट बनाने के लिए कम से कम 270 एकर जमीन चाहिए। बची जमीन पर ऐरो सिटी विकसित की जा सकेगी।

गौरतलब है कि 12 साल पूर्व अधिग्रहित की गई जमीन पर सेना के द्वारा कोई उपयोग आज तक नहीं किया गया है और जमीन बेकार पड़ी है।

इसके कारण एयरपोर्ट का विकास भी है अधूरा पड़ा है गत 6 माह पहले सेना ने जमीन वापस करने की सैद्धांतिक सहमति कर दी थी और इसके आधार पर राज्य सरकार ने बजट में प्रावधान कर के 90 करोड़ की राशि रक्षा मंत्रालय के पास जमा कर दी है परन्तु रक्षा मंत्रालय ने अभी तक जमीन वापस करने का जारी नहीं किया है और अब यू टर्न लेकर मार्किट रेट की राशि मांग रही है। यह कदम आशा के विपरीत है और इससे बिलासपुर एयरपोर्ट का विकास प्रभावित हो रहा है। समिति ने केंद्र सरकार से मांग दोहराई है कि केंद्र सरकार 1012 एकर जमीन अविलम्ब वापस करे या काम से एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंपे जिससे काम आगे बढ़ सके।




हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के क्रम से सर्वश्री अनिल गुलहरे, विजय वर्मा, बद्री यादव, सोहैल अली रशीद बक्श, देवेंद्र सिंह ठाकुर, रवि बनर्जी, करशव गोरख, किशोरीलाल गुप्ता, समीर अहमद, कमल सिंह, अकील अली, आसिफ खान, चंद्रप्रकाश जायसवाल, शिवा मुदलियार, रणजीत सिंह खनूजा, दीपक कश्यप, संतोष पीपालावा,, मनोज श्रीवास, मनोज तिवारी, प्रकाश बहरानी, आशुतोष शर्मा. और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।


**NECC**

| 16.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188